✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 285 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 15 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बेगूसराय में समृद्धि यात्रा के दौरान जीविका के स्टॉल का निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार

### प्रधानमंत्री ने कोलकाता में 18700 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन, नई एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

# देशभर में रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए चल रहा तेज अभियान : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में 18,000 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज कोलकाता की धरती से पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के विकास का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम में सड़कों, रेलवे और बंदरगाह अवसंरचना से जुड़ी 18,000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत को नई गति मिलेगी, व्यापार और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और लाखों लोगों का जीवन आसान होगा क्योंकि उन्हें नए अवसर मिलेंगे। कुछ प्रमुख परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि खड़गपुर-मोरग्राम एक्सप्रेस वे के पूरा होने से पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी। उन्होंने दुबराजपुर बाईपास और कांगसाबती तथा शिलाबती नदियों पर बन रहे बड़े पुलों का भी उल्लेख किया, जो कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं पश्चिम बंगाल और पूरे पूर्वी भारत के लोगों को इन परिवर्तनकारी परियोजनाओं के लिए बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश में भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए जोरदार







अभियान चल रहा है और सरकार का यह दृढ़ संकल्प है कि पश्चिम बंगाल इस मिशन में पीछे न रहे। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल में रेलवे अवसंरचना का तेजी से विस्तार कर रही है। इस अवसर पर कलाईकुंडा-कानिमाहुली खंड पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम को राष्ट्र को समर्पित किया गया। उन्होंने कहा कि इन पहलों से व्यस्त रेल मार्गों की क्षमता बढ़ेगी, यात्राएं अधिक सुरक्षित होंगी और यात्रियों के लिए गति तथा सुविधा दोनों में वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री ने छह स्टेशनों—कामाख्यागुड़ी, अनारा, तमलुक, हल्दिया, बराभूम और सीउड़ी को अमृत भारत स्टेशन के रूप में उद्घाटित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन स्टेशनों पर अब बंगाल की महान संस्कृति और अधिक उज्ज्वल रूप में दिखाई दे रही है और कई अन्य स्टेशन भी पुनर्विकास के दौर से गुजर रहे हैं। इसके साथ ही पुरुलिया और आनंद विहार टर्मिनल के बीच एक नई एक्सप्रेस ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ट्रेन सेवा केवल पश्चिम बंगाल के लोगों को ही नहीं बल्कि झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के लोगों को भी लाभ पहुंचाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने में सड़क और रेल कनेक्टिविटी जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही महत्वपूर्ण बंदरगाह और जल परिवहन भी हैं। उन्होंने कहा कि दशकों तक पूर्वी भारत की इस विशाल क्षमता की उपेक्षा हुई लेकिन आज जलमार्ग व्यापार और औद्योगिक प्रगति के लिए नए अवसर खोल रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस दिशा में कई महत्वपूर्ण बंदरगाह अवसंरचना परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोलकाता और हल्दिया बंदरगाह लंबे समय से पूर्वी भारत के प्रमुख व्यापारिक केंद्र रहे हैं और हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स के मशीनीकरण से माल संचालन तेज होगा, बंदरगाह की क्षमता बढ़ेगी और व्यापार के लिए नई सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त कोलकाता डॉक सिस्टम में बास्कुल ब्रिज के नवीनीकरण और किडरपोर डॉक में माल संभालने की क्षमता बढ़ाने का कार्य भी किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने (शेष पृष्ठ 11 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### भ्रष्टाचार के मामले में राजस्व अधिकारी निलंबित

**गोपालगंज (नबिटा ब्यूरो)।** भ्रष्टाचार के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बरौली अंचल के राजस्व अधिकारी विजय कुमार सिंह को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई उन्हें घूस लेते हुए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम द्वारा रंगे हाथ गिरफ्तार किए जाने के बाद की गई है।

### सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** रूपौली-बिरौली सड़क मार्ग पर टीकापट्टी के पास दो दोस्त सड़क हादसे का शिकार हो गए। यह हादसा इतना जबरस्त था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों बीती रात शादी समारोह से लौट रहे थे तभी हादसा हो गया। सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से बचने में दोनों की बाइक सड़क किनारे खड़ी बाइक से जा टकराई जिससे उनकी मौत हो गई। मृत शिक्षक की पहचान भवानीपुर के रहने वाले शिवम कुमार और गोलू कुमार के रूप में हुई है।

### क्रिकेट विवाद के चलते युवक की गोली मारकर हत्या

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार को एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना सोहरा गांव की है, जहां झोपड़ी में सो रहे युवक को निशाना बनाया गया। मृतक की पहचान 22 वर्षीय चन्द्र शेखर चौधरी के रूप में हुई है। वह सोहरा गांव निवासी प्रभू चौधरी के पुत्र बताए जाते हैं। घटना के बाद गांव में दहशत और तनाव का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई।

### बिहार कैडर के दो आइपीएस अधिकारी सीबीआइ में तैनात

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार कैडर के दो आईपीएस अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। इनमें 2016 बैच के अशोक मिश्रा और 2019 बैच के अधिकारी के रामदास शामिल हैं। इस दौरान वह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो में अपनी सेवा देंगे। गृह विभाग ने शनिवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। विभागीय जानकारी के अनुसार अशोक मिश्रा वर्तमान में विशेष शाखा में एसपी (जी) के पद पर जबकि के रामदास सीआइडी में एसपी (सी) के पद पर हैं। दोनों आईपीएस अधिकारी सीबीआई में एसपी के पद पर पांच वर्षों की अवधि या अगले आदेश तक अपनी सेवा देंगे।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा में अभ्यर्थी गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** गर्दनीबाग हाईस्कूल मैदान में चल रही सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान शनिवार को एक अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया गया। जांच में बायोमेट्रिक सत्यापन और फोटो मिलान के दौरान गड़बड़ी सामने आई। आरोप है कि लिखित परीक्षा में किसी अन्य व्यक्ति को बैठाया था और स्वयं शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने पहुंचे थे। गिरफ्तार अभ्यर्थी राजन कुमार राहुल सहरसा का निवासी है।

### मुख्यमंत्री ने बेगूसराय को दी 274 करोड़ की सौगात, 400 विकास योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

# विकास से जुड़ी योजनाओं को तेजी से करें पूरा : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में बेगूसराय में निर्माणाधीन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के प्रगति कार्य का जायजा लिया एवं आकािरयों से विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माणाधीन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण कराएं। अस्पताल परिसर में चिकित्सकों एवं कर्मियों के आवासन की सुविधा सुनिश्चित कराएं। मुख्य सड़क से अस्पताल परिसर तक आवागमन सुचारु रूप से हो सके, इसे ध्यान में रखते हुए कार्य पूर्ण कराएं। इस



अस्पताल का निर्माण हो जाने से आसपास के लोगों को ससमय बेहतर इलाज की सुविधा मिलने लगेगी। मुख्यमंत्री ने बेगूसराय औद्योगिक क्षेत्र स्थित विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केम्प्टी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड, मेडिवर्सल सिमरन, मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल एवं ऋषभराज (कूलप्लस प्लाटोवेयर) का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन तथा एपिक एग्रो प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड का शिलान्यास किया। इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर में स्थापित नेचर पलीप्लास्ट लिमिटेड का मुख्यमंत्री ने शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नेचर पलीप्लास्ट लिमिटेड का निरीक्षण कर वहां प्रोडक्शन किए जा रहे सामग्रियों के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग पूरे बिहार में औद्योगिक इकाइयों को बढ़ावा देने में लगे हैं। हर जिले में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की जा रही है। इस प्रकार के नए उद्योग स्थापित होने से लोगों को रोजगार मिलेगा तथा इससे आसपास के इलाकों का भी काफी विकास होगा। मुख्यमंत्री ने बेगूसराय के बियाडा प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टसलों का अवलोकन किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने 9715 जीविका स्वयं सहायता समूहों को बैंकों से ऋण के तहत 578 करोड़ 9 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति का निबंधन प्रमाण पत्र, 13 दीदी अधिकार केंद्र की (शेष पृष्ठ 11 पर)

# बिहार के नये राज्यपाल सैयद अता हसनैन को मुख्य न्यायाशीश ने दिलाई शपथ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के 43वें राज्यपाल के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन ने शनिवार को शपथ ग्रहण की। पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने लोक भवन में आयोजित भव्य समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। यह समारोह राज्य के संवैधानिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण रहा जहां सैयद अता हसनैन बिहार के 43वें राज्यपाल के रूप में पदभार संभालने वाले पहले पूर्व सैन्य अधिकारी बने। समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा के अलावा राज्य के कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। यह मौका राज्य की राजनीतिक और प्रशासनिक इकाईयों के एकजुट होने का प्रतीक रहा। सभी ने नए राज्यपाल को शुभकामनाएं दीं और बिहार के विकास में उनके योगदान की उम्मीद जताई। शपथ ग्रहण से एक दिन पहले गुरुवार को नए राज्यपाल पटना पहुंचे थे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया।

# मुखिया-सरपंच को हथियार लाइसेंस के लिए 60 दिन की डेडलाइन तय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में पंचायत प्रतिनिधियों की सुरक्षा को लेकर नीतीश सरकार ने एक बेहद अहम और कड़ा कदम उठाया है। अब राज्य के मुखिया, सरपंच और अन्य त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों को हथियार के लाइसेंस के लिए महीनों तक दफ्तरों की धूल नहीं फांकनी होगी। गृह विभाग ने इस प्रक्रिया को रफ्तार देने के लिए सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को सख्त समय सीमा में बांध दिया है। लंबे समय से पंचायत प्रतिनिधि अपनी सुरक्षा के लिए इसकी मांग कर रहे थे। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी द्वारा जारी पत्र के अनुसार अब किसी भी पंचायत प्रतिनिधि के आर्म्स लाइसेंस आवेदन पर निर्णय लेने के लिए अधिकतम 60 दिनों का समय तय किया गया है। थाना प्रभारी के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि वे पत्र मिलने के 30 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट भेजें। पुलिस रिपोर्ट मिलने के बाद अगले 60 दिनों के भीतर डीएम को उस आवेदन पर अंतिम निर्णय लेते हुए उसे जारी करना होगा। लाइसेंस की प्रक्रिया की मॉनिटरिंग अब सीधे राज्य स्तर पर की जाएगी। सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे हर महीने की 7 तारीख तक गृह विभाग को यह जानकारी उपलब्ध कराएं कि उनके जिले में कितने जनप्रतिनिधियों ने आवेदन किया और कितनों का निपटारा समय सीमा के भीतर हुआ। इस मासिक समीक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी जनप्रतिनिधि की सुरक्षा का मामला प्रशासनिक लापरवाही या फाइलों के फ़ेर में न फंसे।

# बिहार के ढ़ाई लाख घरों को मिलेगी मुफ्त सोलर बिजली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पहले चरण में बिहार के 2.5 लाख उपभोक्ताओं के घरों की छत पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। सामान्य तौर पर सुविधा एप के माध्यम से इसके लिए आवेदन किया जाना है पर अगर कोई उपभोक्ता सुविधा एप पर नहीं जाने की स्थिति में है तो वह क्षेत्रीय स्तर पर लगने वाले शिविर में भी आवेदन कर सकेगा। कुटीर ज्योति श्रेणी के बहुत सारे बीपीएल उपभोक्ता के पास स्मार्टफोन नहीं होने के कारण वे ऐप के माध्यम से सहमति देने में असमर्थ हैं। ऐसे उपभोक्ताओं के लिए भी व्यवस्था है। वे अपनी सहमति स्थानीय कार्यालय या क्षेत्रीय शिविर में जाकर दे सकते हैं। सहमति पत्र समर्पित करने की अंतिम तिथि 31 मार्च है। इस योजना के तहत प्रत्येक घर की छत पर 1.1 किलोवाट



क्षमता के रूफटाप सोलर पैनल लगाए जाएंगे। कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छत पर ही सोलर पैनल लगाए जाएंगे। एप पर उपलब्ध फॉर्म के माध्यम से उपभोक्ता द्वारा यह अनुमति दी जाएगी। सभी पैनल ग्रिड से जुड़े होंगे। छत पर लगे सोलर पैनल से उत्पन्न होने वाली बिजली का उपयोग घर के लोग कर सकेंगे। इच्छुक उपभोक्ता से सहमति मिलने के बाद विभाग की टीम संबंधित उपभोक्ता के घर जाकर स्थल निरीक्षण करेगी। जिन कुटीर ज्योति उपभोक्ता के घर पर छायारहित छत होगी। वहां सोलर पैनल निःशुल्क लगाए जाएंगे। यह कार्य पूरा होने पर लगभग 275 मेगावाट बिजली का उत्पादन संभव हो सकेगा।

# ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पटना-गया रेलखंड पर शनिवार को दो अलग-अलग ट्रेन हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना मखदुमपुर रेलवे स्टेशन के पास जबकि दूसरी घटना जहानाबाद कोर्ट हाल्ट के समीप सामने आई। पहली घटना में मखदुमपुर स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। युवक की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। वह आसमानी रंग की फुल शर्ट और नीले रंग की पैंट पहने हुए था। दूसरी घटना जहानाबाद कोर्ट हाल्ट के पास हुई जहां गया जिले के सहबाजपुर गांव निवासी 50 वर्षीय दिलीप कुमार शर्मा की ट्रेन से टक्कर होने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। वे अपने परिवार के साथ जहानाबाद के शांति निवास में रहते थे और कोर्ट स्टेशन के पास अपना मकान बनवा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# विकसित भारत की दिशा में नई कहानी लिख रहा रेल कोच निर्माण कारखाना

**-भूपेन्द्र नारायण सिंह**

**कपूरथला(पंजाब)।** पंजाब प्रांत के कपूरथला स्थित रेल कोच निर्माण फैक्ट्री भारत सरकार के विकसित भारत की कल्पना को साकार करने की दिशा में नई कहानी लिख रहा है। लगभग साढे ग्यारह सौ एकड़ में फैले विशाल रेल कोच कारखाना में प्रतिदिन लगभग 7 से 8 अदद नई रेल कोच तैयार हो रही है। कपूरथला रेल कोच फैक्ट्री के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी विनोद कचोट ने बताया कि बीते वर्ष में कारखाने में लगभग 2200 रेल कोच का निर्माण किया गया जिसमें अमृत भारत, वंदे भारत, वातानुकूलित, गैर वातानुकूलित एवं द्वितीय श्रेणी के कोचों का निर्माण किया गया। उन्होंने बताया कि फिलहाल कपूरथला रेल कोच फैक्ट्री द्वारा बांग्लादेश के लिए रेल कोच का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि



इसके पहले भी विभिन्न देशों से आए हुए मांग के अनुसार रेल कोच का निर्माण करके उन्हें आपूर्ति की जा चुकी है। श्री कचोट ने बताया कि इस कारखाने में लगभग पचपन सौ कर्मचारी कार्यरत हैं जिनमें से लगभग चार हजार कर्मचारियों के लिए आवास की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिन कर्मचारियों को आवास मुहैया नहीं कराई जा सकी है उन्हें इसके लिए पर्याप्त आवासीय एवं परिवहन भत्ता कंपनी के द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। विशाल भूभाग में फैले रेल कोच फैक्ट्री में कर्मचारियों की निष्ठा, ईमानदारी एवं परिश्रम का ही परिणाम है कि यह कारखाना देश की अग्रणी पंक्ति में खड़ा है एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद का निर्माण कर रहा है। वरिष्ठ जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि कारखाने में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा हेतु दो केंद्रीय विद्यालयों के अलावे पंजाब सरकार द्वारा संचालित तीन अन्य विद्यालय भी कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 70 शय्या वाला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल 24 घंटे कर्मचारियों की सेवा में तत्पर है तथा हर प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं को उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जापानी तकनीक के आधार पर एलएचबी कोचेज के निर्माण से रेल की गति को नई दिशा मिली है। इस तकनीक से बने रेलवे कोच जहां पहले के रेलवे कोचेज से अधिक मजबूत होते हैं वही पटरियों पर तेज गति से दौड़ने में भी सक्षम हैं। उन्होंने बताया कि नई तकनीक से बने कोचों में अब किसी भी प्रकार से वैक्यूम होने की स्थिति में तत्काल स्पीड रिकवर हो जाती है साथ ही ट्रेन (शेष पृष्ठ 11 पर)

# किसी भी हालत में बंद नहीं होगा बच्चों का मिड-डे मील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले करीब 1 करोड़ 30 लाख बच्चों को मध्याह्न भोजन की नियमित आपूर्ति जारी रखने का निर्देश दिया गया है। राज्य सरकार ने सभी जिलों को स्पष्ट कहा है कि किसी भी परिस्थिति में बच्चों का दोपहर का भोजन बंद नहीं होना चाहिए। इस संबंध में मध्याह्न भोजन निदेशालय ने जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मध्याह्न भोजन निदेशालय के निदेशक विनायक मिश्र ने सभी जिलों के जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (मध्याह्न भोजन) को पत्र भेजकर व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि स्कूलों में भोजन की व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बच्चों को समय पर और नियमित रूप से मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निदेशक ने साफ किया है कि प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के लिए भोजन एलपीजी गैस से ही बनाया जाएगा। स्कूलों में खाना पकाने के लिए गैस की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए तेल कंपनियों से भी बात की गई है। सरकार का उद्देश्य है कि बच्चों को साफ-सुथरा और सुरक्षित तरीके से भोजन मिल सके। एलपीजी की आपूर्ति को लेकर भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड से चर्चा की गई है। इंडियन ऑयल ने भरोसा दिया है कि विद्यालयों को प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनियों ने यह भी आश्वासन दिया है कि स्कूलों में एलपीजी की आपूर्ति बाधित नहीं होने दी जाएगी।

C M Y K

# बिहार की नई पीढ़ी को कृषि से जोड़ने के लिए खेती को आकर्षक बनाना जरूरी : रामकृपाल यादव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव और कृषि के सामने खड़ी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पटना स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी में 'बिहार-झारखंड रीजनल पॉलिसी डायलॉग एंड अवॉर्ड 2026' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सस्टेनेबिलिटी मैटर्स, इंडीएग्री और एनजीओ एक्शन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामकृपाल यादव तथा राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर जलवायु परिवर्तन और सतत कृषि के विषय पर नीति-निर्माताओं, कृषि वैज्ञानिकों, कृषि कंपनियों के प्रतिनिधियों, वित्तीय संस्थानों, उद्यमियों और किसानों के बीच व्यापक संवाद हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बदलती जलवायु परिस्थितियों के बीच कृषि को अधिक टिकाऊ, लचीला और भविष्य के अनुकूल बनाने के लिए नई नीतियों और तकनीकों पर विचार-विमर्श करना था। अपने संबोधन में कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा गया है। इसमें कृषि की भी मुख्य भूमिका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार में कृषि और किसानों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए लंबे समय से काम करते आ रहे हैं। हमारी यह कोशिश होनी चाहिए कि 2047 से पहले ही विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाए। इसमें बिहार की अग्रणी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि कृषि को आकर्षक बनाने की जरूरत है ताकि नौजवान पीढ़ी कृषि की ओर अग्रसर हो। दूसरे राज्यों में जाकर मजदूरी करने से बेहतर है कि वे बिहार में ही कृषि के क्षेत्र में काम करें।

मंत्री ने आगे कहा कि यह अच्छी बात है कि बिहार में आज परंपरागत कृषि से इतर फल, सब्जी और फूल का भी उत्पादन हो रहा है जिस तरीके से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में हर क्षेत्र में विकास को गति प्रदान की है, उसे देखते हुए यहां की जनता उन्हें छोड़ना नहीं चाहती है। उन्होंने भी स्पष्ट कर दिया है कि अभी हार नहीं मानेंगे। सदन चलने के दौरान वे दिल्ली में रहेंगे, बाकी समय बिहार में ही व्यतीत करेंगे।

## आवास की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डा. प्रेम कुमार ने की प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में बिहार विधान सभा परिसर एवं सदस्यों के आवास की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने संबंधी एक बैठक जिला के वरीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की। बैठक में अध्यक्ष ने जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि बिहार विधान सभा के मुख्य द्वार से प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों की आईडी जांच के उपरांत ही परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जाए। बिना आईडी किसी भी व्यक्ति को प्रवेश प्रधान मार्शल की अनुमति के बिना नहीं दी जाय। इसके अतिरिक्त विधान मंडल परिसर एवं अन्य गेटों पर अधिष्ठापित सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कर सख्ती से निगरानी की जाय। बिहार विधान मंडल की सुरक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए सादे लिबास (बिन वर्दी) में भी सुरक्षा अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाय। चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीच-बीच में मॉक ड्रिल कराई जाय एवं वरीय पदाधिकारी स्वयं आकर परिसर की सुरक्षा संबंधी व्यवस्था का जायजा लेना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात अध्यक्ष द्वारा सदस्यों के वीर चंद पटेल पथ स्थित एवं आर ब्लॉक के आवासों के भी सुरक्षा की व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आवासीय परिसर के आसपास मोबाइल सुरक्षा वाहन कुछ समय के अंतराल पर नियमित गश्त देकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने अध्यक्ष के निर्देशों को अनुपालन हेतु अपनी सहमति प्रदान की है। बैठक में बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, जिलाधिकारी पटना त्यागराजन एस. एम., वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा एवं बिहार विधानसभा की प्रभारी सचिव ख्याति सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आधार बायोमेट्रिक अटेंडेंस की तकनीकी खराबी से बिहार के सभी केवाइपी केंद्रों में प्रशिक्षण बाधित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण केंद्रों में आधार आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम में आई तकनीकी खराबी के कारण दो दिनों से प्रशिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। जानकारी के अनुसार 13 मार्च और 14 मार्च 2026 को पूरे बिहार के कई केवाईपी केंद्रों पर छात्रों का प्रशिक्षण सत्र बाधित हो गया। दरअसल केवाईपी केंद्रों पर छात्रों की उपस्थिति आधार आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस (आइरिस) के माध्यम से दर्ज की जाती है और उसी के आधार पर प्रशिक्षण सत्र को संचालित किया जाता है, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण छात्रों का अटेंडेंस दर्ज नहीं हो पाया जबकि कुछ केंद्रों पर अटेंडेंस दर्ज होने के बाद भी सिस्टम में गड़बड़ी आ गई और दोबारा अटेंडेंस दर्ज नहीं हो सका। इस कारण बड़ी संख्या में ऐसे छात्र रहे जो केंद्र पर उपस्थित रहने के बावजूद अपना प्रशिक्षण सत्र पूरा नहीं कर पाए। इससे छात्रों की पढ़ाई और प्रशिक्षण व्यवस्था प्रभावित हुई है। बताया जा रहा है कि हाल ही में बिहार कौशल विकास मिशन के साथ जुड़े नए नॉलेज पार्टनर स्कूलनेट की तकनीकी प्रणाली के माध्यम से यह बायोमेट्रिक अटेंडेंस संचालित की जा रही है।

## भारतीय बैंकिंग में बदल रही है भरोसे की परिभाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आज के दौर में बैंकिंग सिर्फ पैसे रखने या लेन-देन तक सीमित नहीं रह गई है। ग्राहक अब पहले से ज्यादा जागरूक हैं, उनके पास जानकारी भी है और विकल्प भी। ऐसे में वे सिर्फ बैंक की आर्थिक मजबूती नहीं देखते, बल्कि यह भी चाहते हैं कि बैंक की सेवा भरोसेमंद हो, जिम्मेदारी से काम करे और हर समय साथ खड़ा रहे। इस विषय पर उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने ग्राहकों का खूब भरोसा जीता है। पिछले कुछ वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र का बड़ा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना रहा। इस दिशा में काफी काम भी हुआ और अब देश के अधिकतर लोग बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच बना चुके हैं, लेकिन अब ग्राहकों की उम्मीदें इससे आगे बढ़ गई हैं। वे चाहते हैं कि उनका बैंक हर हाल में भरोसे के साथ काम करे और बदलते हालात में भी जिम्मेदारी निभाए। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में हेड-रिटेल लाइबिलिटीज, टीएएससी और टीपीपी हितेंद्र झा कहते हैं 'कुछ समय पहले तक ग्राहकों का भरोसा बैंक की शाखा, वहां काम करने वाले लोगों और तय प्रक्रियाओं से बनता था, लेकिन अब समय बदल चुका है। तकनीक के आने से बैंकिंग तेज और आसान हुई है, इसलिए अब ग्राहक सुविधा के साथ-साथ भरोसेमंद सेवा को भी उतना ही महत्व देते हैं।' तकनीक ने बैंकिंग को काफी बदल दिया है। आज भुगतान कुछ ही सेकंड में हो जाता है, खाते कहीं से भी खोले जा सकते हैं और कई फैसले पहले से कहीं ज्यादा तेजी से लिए जाते हैं। इससे लोगों और कारोबार दोनों के लिए पैसों का प्रबंधन आसान हुआ है, लेकिन इसके साथ ही ग्राहकों की सतर्कता भी बढ़ी है। धोखाधड़ी और डेटा लीक जैसी घटनाओं ने लोगों को यह समझा दिया है कि मजबूत सुरक्षा व्यवस्था कितनी जरूरी है। अब ग्राहक यह भी देखते हैं कि बैंक जोखिम को कितना समझता है और किसी परेशानी की स्थिति में कितनी जल्दी कदम उठाता है। संदिग्ध लेन-देन पर समय पर अलर्ट मिलना, जरूरत पड़ने पर तुरंत मदद मिलना और खाते की सुरक्षा के स्पष्ट नियम, ये सभी चीजें भरोसा बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। पिछले एक दशक में भारत का बैंकिंग क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ा है। अब जब सेवाओं की पहुंच काफी बढ़ चुकी है तो ध्यान धीरे-धीरे फैसलों की गुणवत्ता पर जा रहा है। ग्राहक यह भी देखते हैं कि बैंक मुश्किल परिस्थितियों में किस तरह फैसले लेता है।

## सैयद अता हसनैन को राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करने पर डॉ प्रेम कुमार ने दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन को बिहार के राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करने पर आत्मीय बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि आपका अनुभव, कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन बिहार के उज्जवल, समृद्ध और प्रगतिशील भविष्य का पथ प्रदर्शित करेगा।

## एनटीपीसी कांटी सीएसआर फण्ड से निर्मित दो आइसीटी लैब का विधायक ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** एनटीपीसी कांटी द्वारा सीएसआर फण्ड के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राजकीय मध्य विद्यालय, कांटी कस्बा तथा मध्य विद्यालय, कलवारी में स्थापित आइसीटी (इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी) लैब का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कांटी के अजीत कुमार, विधायक, कांटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने विधिवत रूप से आइसीटी लैब का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में महेश कुमार सुथार, एजीएम (मानव संसाधन), डीजीएम (मानव संसाधन), विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं तथा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। एनटीपीसी कांटी द्वारा स्थापित इन आइसीटी लैब के माध्यम से दोनों विद्यालयों के लगभग 1000 छात्र-छात्राएं आधुनिक डिजिटल शिक्षा की सुविधाओं से लाभान्वित होंगे। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीक आधारित शिक्षा से जोड़ना तथा उनके सीखने के अनुभव को अधिक प्रभावी बनाना है। इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक अजीत कुमार ने कहा कि डिजिटल शिक्षा आज समय की आवश्यकता है। एनटीपीसी कांटी द्वारा सीएसआर के तहत विद्यालयों में आइसीटी लैब की स्थापना एक सराहनीय पहल है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी आधुनिक शिक्षा की सुविधाएं प्राप्त होंगी और उनके भविष्य को नई दिशा मिलेगी। वहीं महेश कुमार सुथार, एजीएम (मानव संसाधन), एनटीपीसी कांटी ने अपने संबोधन में कहा कि एनटीपीसी कांटी सदैव शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में सकारात्मक पहल करता रहा है। आइसीटी लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से सीखने का अवसर मिलेगा जिससे उनकी ज्ञानवर्धन के साथ-साथ तकनीकी समझ भी विकसित होगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने एनटीपीसी कांटी की इस पहल की सराहना की तथा विद्यार्थियों को इन सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्रों और स्थानीय समुदाय की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

## बेगूसराय में 'मेडिवर्सल सिमरन मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल' का उद्घाटन

### मेडिवर्सल हेल्थकेयर द्वारा किए जा रहे प्रयासों की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की सराहना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** बेगूसराय एवं आसपास के क्षेत्रों में उन्नत और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में मेडिवर्सल सिमरन मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, बेगूसराय का आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा के साथ-साथ जल संसाधन, संसदीय कार्य तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री विजय चौधरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मेडिवर्सल हेल्थकेयर के मार्गदर्शक एवं मेंटर्स के रूप में डॉ. अजय कुमार, डॉ. नलिनी रंजन सिंह, सुनील अग्रवाल, सुजीत सिंघानिया एवं शंकर सिंह की उपस्थिति रही। साथ ही मेडिवर्सल हेल्थकेयर के सह-संस्थापक एवं निदेशक नवनीत रंजन और जयंत गांधी भी समारोह में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में मेडिवर्सल हेल्थकेयर द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीति के अंतर्गत प्राप्त प्रोत्साहन के कारण प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिला है जिससे आम जनता को अपने ही जिले में बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मेडिवर्सल द्वारा टियर-2 और टियर-3 शहरों में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार बिहार के स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इससे न केवल गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

## एग्रो बिहार मेला किसानों के लिए ज्ञानवर्द्धक एवं लाभदायक

### कृषि में नई तकनीक पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गांधी मैदान, पटना में कृषि विभाग द्वारा सीआईआई के सहयोग से आयोजित एग्रो बिहार, राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला का आज तीसरा दिन है। इन तीन दिनों में राज्य के किसान बड़ी संख्या में पूरे जिज्ञासा एवं उत्साह के साथ इस प्रदर्शनी में भाग ले रहे हैं। किसानों द्वारा इस मेला में विभिन्न प्रकार के बड़े एवं छोटे कृषि यत्रों की खरीददारी बड़ी मात्रा में की गई। सरकार द्वारा उन्हें कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ भी दिया जा रहा है। यह मेला किसानों के लिए ज्ञानवर्द्धक एवं लाभदायक सिद्ध हो रहा है। कल इस मेला का आखिरी दिन है। राज्यस्तरीय कृषि यांत्रीकरण मेला एग्रो बिहार 2026 के अंतर्गत गांधी मैदान में 'इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव ने कहा कि वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। किसानों की उत्पादकता बढ़ाने, श्रम पर निर्भरता कम करने तथा आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए कृषि मशीनीकरण की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। उन्होंने बताया कि आधुनिक प्रौद्योगिकियां कृषि मशीनीकरण को अधिक कुशल, टिकाऊ तथा किफायती बना रही हैं। इसी दिशा में इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर एक महत्वपूर्ण नवाचार के रूप में उभर रहा है, जो इस मेले का प्रमुख आकर्षण बना हुआ है और देशभर का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर न केवल किसानों की लागत को कम करने में सहायक है, बल्कि यह पर्यावरण के अनुकूल भी है। इससे डीजल की खपत में कमी आती है जिससे खेती की लागत घटती है और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलती है। कृषि निदेशक ने कहा कि आधुनिक तकनीक से युक्त इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर खेती के भारी-भरकम कार्यों को भी आसानी से संभालने में सक्षम है। यह लगभग 1.8 टन वजन वाली ट्रॉली को खींचने के साथ-साथ खेती में उपयोग होने वाले विभिन्न कृषि उपकरणों को संचालित करने में भी सक्षम है। इस प्रकार की तकनीक भविष्य में कृषि मशीनीकरण को और अधिक सुदृढ़ बनाते हुए किसानों के लिए नई संभावनाओं के अवसर प्रदान कर सकती है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे नई तकनीकों को अपनाकर अपनी खेती को अधिक आधुनिक और लाभकारी बनाए। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर की उपयोगिता, लागत, पर्यावरणीय लाभ तथा कृषि कार्यों में इसकी संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम में डब्ल्यूआरआई, इण्डिया के चैतन्य कुमारी, अंशुमन कुमार, त्रिनैयनी, नाबार्ड के प्रिया रंजन, आईसीएआर-आरसीईआर के विकास सौरकार एवं अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं किसानगण उपस्थित थे। चित्रकला कृषि विभाग द्वारा आज मेला परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन दो बैच सीनियर एवं जूनियर के बीच अलग-अलग किया गया जिसमें सीनियर बैच हाईटेक एग्रीकल्चर, कृषि में अपशिष्ट पदार्थों का पुनर्चक्रण विषय पर एवं जूनियर बैच कृषि में महिलाओं का रोजगार, मृदा एवं जल संरक्षण विषय पर आयोजित की गई जिसमें पटना शहर के विभिन्न विद्यालयों के कुल 74 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सीनियर बैच में आर्मी पब्लिक स्कूल, दानापुर कैंट के सुश्री रिया को प्रथम, डॉनबास्को एकेडमी, पटना के एंजल सोनी को द्वितीय एवं डीएवी पब्लिक स्कूल, खगौल के जिया सिंह को तृतीय पुरस्कार दिया गया। जूनियर बैच में डीएवी पब्लिक स्कूल, खगौल के श्रीजा सरण को प्रथम, डॉनबास्को एकेडमी, पटना के मान्या सिंह को द्वितीय एवं पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, बेली रोड, पटना, नं.-2 के श्वाती कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

## नन्हें कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों से सजा ऑर्किड पेटल्स का वार्षिक समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** ऑर्किड पेटल्स प्ले स्कूल की राजेंद्र नगर एवं पटना सिटी शाखाओं द्वारा फ्रेजर रोड स्थित भारतीय नृत्य कला मंदिर में वार्षिक समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हें-मुन्हें बच्चों ने रंगारंग नृत्य एवं रोचक नाटिकाओं के माध्यम से पूरे वर्ष में स्कूल में होने वाली विभिन्न गतिविधियों और सीखने की प्रक्रिया को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्राचार्या गरिमा धरणिधरका के मार्गदर्शन और रचनात्मक नेतृत्व में किया गया। इस वर्ष के वार्षिक समारोह की थीम ए ईयर ऑफ वंडर्स तथा पैलेट ऑफ कलर्स थी जिसके माध्यम से बच्चों के पूरे वर्ष के सीखने के अनुभवों को आकर्षक प्रस्तुतियों द्वारा दर्शाया गया। इस अवसर पर 150 से अधिक विद्यार्थियों ने मंच पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशकों वीनू भार्तिया और सरिता मोदी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने विद्यालय की प्रार्थना सभा का मनमोहक प्रदर्शन करते हुए अतिथियों का स्वागत किया और स्कूल में गाए जाने वाले गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का एक आकर्षण ओशन डांस रहा जिसमें दिशानी, व्योम, पार्थ, अध्रिजा और प्रत्युष सहित कई विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुति दी। इसके पश्चात बच्चों ने ऋतुओं पर आधारित एक सुंदर नाटिका प्रस्तुत की जिसमें नीले और हरे रंगों के माध्यम से मौसम के परिवर्तन को दर्शाया गया।

## सीएनजी चालकों को राहत: पटना में खुलेंगे 12 नये स्टेशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी में सीएनजी गैस से चलाने वाले वाहन मालिकों के बड़ी सुविधा बहाल की जानी है जिससे वाहन चालकों को सीएनजी भरवाने के लिए स्टेशन पर लंबी कतार में लगने की जरूरत नहीं होगी। पटना में छह महीने में 12 नये सीएनजी स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा कर दिया जायेगा। जिससे सीएनजी गैस से चलने वाले चारपहिया, दोपहिया व तीनपहिया वाहनों को ईंधन भरवाने में घंटों लंबी लाइन में लगने की जरूरत नहीं होगी। गेल इंडिया के महाप्रबंधक अजय सिन्हा ने कहा कि बिहार में लगातार बढ़ते सीएनजी वाहनों की संख्या को देखते हुए गेल की तरफ से लगातार विस्तार का काम किया जा रहा है। ताकि सीएनजी उपभोक्ताओं को अपने-अपने वाहनों में ईंधन लेने में हर तरीके से सहूलियत मिल सकें।

महाप्रबंधक अजय सिन्हा ने कहा कि फिलहाल राजधानी में सीएनजी स्टेशन की संख्या 38 है, लेकिन राजधानी में सीएनजी वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उपभोक्ताओं को ईंधन लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा था जिसके कारण गेल इंडिया ने राजधानी में अपने सीएनजी स्टेशन नेटवर्क को और मजबूती देने की योजना बना रही है जिसके तहत छह महीने से 1 साल के अंदर स्टेशन की संख्या बढ़कर 50 हो जायेगी।

## कल पटना में सजेगी भोजपुरिया सितारों की महफिल

### बापू सभागार में होगा 'सरस सलिल भोजपुरी सिने अवार्ड्स 2025' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भोजपुरी सिनेमा के कलाकारों और तकनीशियनों को सम्मानित करने के लिए आयोजित होने वाला प्रतिष्ठित सरस सलिल भोजपुरी सिने अवार्ड्स इस वर्ष अपने सातवें संस्करण के साथ बिहार की राजधानी पटना में आयोजित होगा। कल 15 मार्च 2026 को सायं 6 बजे पटना के ऐतिहासिक बापू सभागार में इस भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह अवॉर्ड समारोह भोजपुरी फिल्म उद्योग के लिए एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव के रूप में देखा जा रहा है जिसमें सिनेमा जगत की कई दिग्गज हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों का कहना है कि इस बार कार्यक्रम को पहले से अधिक भव्य और आकर्षक रूप दिया जा रहा है जिससे दर्शकों को मनोरंजन का विशेष अनुभव मिलेगा। कार्यक्रम के आयोजक सदस्य भानु प्रकाश राणा ने बताया कि अवॉर्ड्स के लिए नामांकित फिल्मों और कलाकारों का चयन विशेषज्ञ जूरी द्वारा किया गया है। समारोह के दौरान कुल 60 श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। अवॉर्ड नाइट में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस और स्टार नाइट मुख्य आकर्षण होंगे। भोजपुरी सिनेमा के कई चर्चित कलाकार और गायक मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे जिससे कार्यक्रम और भी यादगार बनने की उम्मीद है। आयोजन समिति के सदस्य बृहस्पति कुमार पांडेय ने जानकारी दी कि बदलते डिजिटल दौर को ध्यान में रखते हुए इस बार अवॉर्ड्स को तीन अलग-अलग वर्गों में बांटा गया है–थिएटर रिलीज फिल्में, ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज कंटेंट और यूट्यूब/टीवी आधारित कंटेंट। इस पहल का उद्देश्य भोजपुरी सिनेमा के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उभर रही प्रतिभाओं को भी सम्मानित करना है। उन्होंने बताया कि इससे नए कलाकारों और तकनीशियनों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। अब तक हुए अवॉर्ड समारोहों में भोजपुरी सिनेमा के कई लोकप्रिय सितारों को सम्मानित किया जा चुका है। इनमें दिनेश लाल यादव निरहुआ, अरविंद अकेला कल्लू, प्रदीप पांडे चिंटू, अंजना सिंह, आम्रपाली दुबे, संजय पांडेय, देव सिंह, अवधेश मिश्रा, रक्षा गुप्ता, मनोज टाइगर, प्रियंका सिंह सहित कई नामचीन कलाकार शामिल हैं। आयोजकों का कहना है कि इस समारोह का उद्देश्य भोजपुरी सिनेमा के कलाकारों और तकनीशियनों को प्रोत्साहित करना और क्षेत्रीय सिनेमा को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना है।

## पटना में इंडिया कप सीजन-4 के सुपर सिक्स मुकाबले, राजस्थान और महाराष्ट्र ने दर्ज की जीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** राजधानी के ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट लीग इंडिया कप सीजन-4 के सुपर सिक्स मुकाबलों में राजस्थान और महाराष्ट्र की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। रोमांचक मैचों में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया और अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पहले मुकाबले में राजस्थान की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। टीम के खिलाड़ी इजाज मंडेला को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं दूसरे मुकाबले में महाराष्ट्र की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की जिसमें केतन महात्रे को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। बिहार में पहली बार आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की टेनिस बॉल क्रिकेट लीग को लेकर दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शक मैच का आनंद लेने पहुंचे। लीग के आयोजक विजय अग्रवाल और संतोष नानेकर ने बताया कि इंडिया कप सीजन-4 का उद्देश्य टेनिस बॉल क्रिकेट को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है।

# बिसैप-2 में चार दिवसीय सच्चिदानंद अखौरी शूटिंग प्रतियोगिता शुरू, डीजीपी ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय बिसैप-2 परिसर में शनिवार शाम चार दिवसीय सच्चिदानंद अखौरी शूटिंग प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लगभग चार दशकों से अखौरी शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन होता रहा है। बीच में तीन-चार वर्षों का अंतराल जरूर आया, लेकिन इस बार फिर से प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न वाहिनियों के जवान और पदाधिकारी भाग लेते हैं जिससे उनके बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलती है। डीजीपी ने बताया कि वर्तमान में पूरे बिहार में करीब 22 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण 56 पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों में चल रहा है। जल्द ही भर्ती हुए लगभग 20 हजार नए सिपाहियों को भी प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। इस प्रकार अगले डेढ़ से दो वर्षों में करीब 45 से 50 हजार नए सिपाही प्रशिक्षण प्राप्त कर पुलिस बल में शामिल होंगे जो राज्य पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में बिसैप व अन्य वाहिनियों की कुल 22 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन समारोह में डीजीपी ने भाग लेने आए टीम मैनेजरों से परिचय प्राप्त किया। बिहार सैन्य पुलिस की बैंड पार्टी की धुन पर खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया जिसमें महिला सशक्तिकरण का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। सभी टीमों का नेतृत्व महिला कर्मियों ने किया। खिलाड़ियों ने खेल भावना से खेलने की शपथ ली। मार्च पास्ट को देखकर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। डीजीपी ने बैलून तथा शांति के प्रतीक कबूतर छोड़कर प्रतियोगिता के विधिवत उद्घाटन की घोषणा की। वहीं बिसैप के डीजी जितेंद्र कुमार ने शूटिंग प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत कराई। इस दौरान उन्होंने डीजीपी विनय कुमार को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान अश्वरोही पुलिस के जवानों द्वारा टेंट फिकिंग का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। सिपाही मनोज कुमार सिंह ने घोड़ा 'रागिनी' पर सवार होकर अपने करतब से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर खूब तालियां बटोरीं। आगत अतिथियों का स्वागत कमांडेंट लिपि सिंह ने किया जबकि मंच संचालन बिसैप-12 के कमांडेंट शशि शंकर कुमार ने किया। उद्घाटन समारोह के बाद डीजीपी और बिसैप के वरिष्ठ अधिकारी फायरिंग रेंज पर पहुंचे और पिस्तौल से लक्ष्य पर निशाना लगाकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर बिसैप के पुलिस महानिरीक्षक संजय कुमार, केंद्रीय मंडल की डीआईजी मीनू कुमारी, सत्यनारायण कुमार, शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ. सत्यप्रकाश, एसपी रौशन कुमार, निर्मला कुमारी (समादेष्टा, बिहार स्वाभिमान विशेष सशस्त्र पुलिस, वाल्मीकि नगर बगहा), पुलिस उपाधीक्षक आदिल बेलाल, संजय कुमार झा, बीएन शर्मा, शिवशंकर कुमार समेत प्रदेश की विभिन्न वाहिनियों के कमांडेंट, पुलिस उपाधीक्षक तथा बड़ी संख्या में बिसैप के प्रशिक्षु जवान उपस्थित थे। शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें बिसैप के जवानों ने गीत-संगीत की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन बिसैप के डीएसपी संजय झा ने किया।



# नशे में धुत दो युवक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** रोहतास जिले के आयर कोठा थाना क्षेत्र के टंडवा गांव के समीप मुख्य सड़क पर दो युवकों के द्वारा शराब पी कर नशे की हालत में हंगामा करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए आज आयर कोठा थाना अध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि लोगों के द्वारा सूचना मिली कि दो युवक शराब पीकर आयरकोठा नासरीगंज मुख्य मार्ग के बीच टड़वा गांव के समीप मुख्य मार्ग पर शराब पीकर हंगामा कर रहे हैं। दोनों युवकों को पकड़कर थाने लाया गया तथा जांच के क्रम में शराब पीने की पुष्टि हुई। दोनों में एक की पहचान अनिल कुमार सिंह ग्राम मानपुर मिल्की बिक्रमगंज तथा धर्मेंद्र खान ग्राम पिरो भोजपुर के रहने वाले के रूप में हुई। दोनों युवकों की शराब पीने की पुष्टि होने पर माननीय न्यायालय सासाराम को सुपुर्द कर दिया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 178 मामलों का निष्पादन, 1.68 करोड़ का सेटलमेंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर अनुमंडल व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी रजतदीप, न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण कुमार तथा अन्य न्यायिक दंडाधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। लोक अदालत में कुल 357 सुलहनीय वाद रखे गए थे। इनमें बैंकिंग से जुड़े 290 मामलों में से 111 मामलों का निष्पादन किया गया। इन मामलों में कुल 1 करोड़ 68 लाख 75 हजार 371 रुपये का सेटलमेंट हुआ जिसमें से 44 लाख 42 हजार 600 रुपये की राशि की वसूली भी की गई। इसके अलावा 67 आपराधिक मामलों का भी निष्पादन किया गया जिनमें अर्थदंड भी प्राप्त हुआ। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए चार बेंचों का गठन किया गया था। पहली बेंच में अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी रजतदीप के साथ सदस्य अधिवक्ता रितेश कुमार, दूसरी बेंच में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण कुमार के साथ सदस्य अधिवक्ता ओमप्रकाश पांडेय, तीसरी बेंच में न्यायिक दंडाधिकारी ऋचा कश्यप के साथ सदस्य अधिवक्ता राणा संदीप सिंह तथा चौथी बेंच में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) अर्चना कुमारी के साथ सदस्य अधिवक्ता अमरनाथ सिंह ने मामलों का निष्पादन कराया। इस दौरान छोटे-छोटे सम्मनीय एवं सुलहनीय वादों का भी निपटारा किया गया। अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी ने लोक अदालत की महत्ता बताते हुए कहा कि यह विवादों के निपटारे की एक प्रभावी वैकल्पिक व्यवस्था है जिससे लोगों को त्वरित न्याय मिलता है और न्यायिक प्रक्रिया में अधिवक्ता शुल्क की आवश्यकता भी नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि वन, विद्युत विभाग, बैंकिंग मामलों सहित ग्रामीण और गरीबों से जुड़े लंबे समय से लंबित मामलों का भी इसमें निपटारा किया जाता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौते के आधार पर मामलों को समाप्त कराया जाता है। लोक अदालत के दौरान न्यायालय परिसर में विवादों के निपटारे को लेकर दोनों पक्षों के लोगों की भीड़ लगी रही। इस मौके पर अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज अज्ञानी सहित बैंकिंग विभाग, माप-तौल विभाग समेत कई विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




# प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर सासाराम रेलवे स्टेशन पर चलाया गया जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** शनिवार को सासाराम रेलवे स्टेशन पर प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सासाराम के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल सासाराम के अधिकारियों व जवानों द्वारा मानवाधिकार समस्या एवं समाधान संस्था, सासाराम के डायरेक्टर संजय कुमार गुप्ता, दीपक सोनी, चंदा देवी एवं आरपीएफ़ उप निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, आरक्षी नीरज कुमार, आरक्षी पंकज कुमार सिंह टीम के साथ मिलकर संयुक्त रूप से होली पर्व के बाद यात्रियों के लौटती भीड़ व विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर सासाराम रेलवे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके तहत यात्रियों को ट्रेनों के पूरी तरह से प्लेटफार्म पर खड़ी होने के बाद ही सावधानी से चढ़ने-उतरने, यात्रा के दौरान अपने सामान की सुरक्षा रखने, किसी अंजान व्यक्ति से प्रसाद या खाने पीने की सामग्री ग्रहण न करने तथा यात्रा के दौरान अपने कीमती सामान व मोबाइल का विशेष ध्यान रखने के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही स्टेशन पर किसी भी प्रकार की कोई भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत उसके संबंध में आरपीएफ, जीआरपी या स्टेशन स्टाफ को सूचित करने तथा यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर रेलवे टोल फ्री नंबर 139 पर कॉल करने के संबंध में जागरूक किया गया।



# एलपीजी गैस के अवैध उपयोग के खिलाफ एसडीएम की सख्ती से हुई कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज के नेतृत्व में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, बिक्रमगंज, संझौली एवं स्थानीय पुलिस बल के साथ रात्रि 9:00 बजे से 10:00 बजे के बीच बिक्रमगंज नगर क्षेत्र के विभिन्न होटल प्रतिष्ठानों / रेस्तरां में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के विरुद्ध औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के क्रम में कई होटल प्रतिष्ठानों / रेस्तरां की जांच की गई। जांच के दौरान 4 होटल प्रतिष्ठानों / रेस्तरां के संचालकों द्वारा घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किया जाना पाया गया, जो कि एलपीजी (विनियमन) आदेश, 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के विरुद्ध है। उक्त प्रतिष्ठानों से प्राप्त कुल 9 घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों को जब्त कर बिक्रमगंज थाना में सुरक्षित रखा गया है तथा संबंधित संचालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। गौरतलब है कि पूर्व में भी इस प्रकार के मामलों में अनुमंडल प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की गई है। दिनांक 21.08.2025 को 04 होटल संचालकों के विरुद्ध घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने के आरोप में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसी प्रकार 26.08.2025 को भी 03 होटल संचालकों के विरुद्ध इस प्रकार के कृत्य के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके अतिरिक्त राजपुर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, राजपुर के द्वारा एक व्यक्ति के विरुद्ध अफवाह फैलाकर एलपीजी गैस की कृत्रिम कमी उत्पन्न करने के प्रयास के संबंध में भी कार्रवाई की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वर्तमान में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। अतः किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा घबराहट में अतिरिक्त सिलेंडरों की खरीद अथवा जमाखोरी न करें। ऐसा करना आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय है और दोषी पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# स्वामी विवेकानंद प्रौढ़ व्यवसायी शाखा का वार्षिकोत्सव आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के तिलौथू स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में शनिवार को स्वामी विवेकानंद प्रौढ़ व्यवसायी शाखा, तिलौथू का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी और अनुशासित प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। समारोह की अध्यक्षता खंड संघचालक जंगलेश प्रसाद चौरसिया ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन मुख्य शिक्षक रवीन्द्र ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेंद्र तिवारी, सह विभाग कार्यवाह, रोहतास का स्वागत शैलेन्द्र सोनी द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि वीरेंद्र तिवारी ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना, उसके उद्देश्यों तथा शाखा पद्धति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निर्धारित पांच प्रमुख परिवर्तनों की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे इन मूल्यों को अपने आचरण में उतारते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्वयंसेवकों द्वारा आकर्षक शारीरिक प्रदर्शन भी किया गया जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम के अंत में अमित कुमार राजन ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वैभव कुमार, शशिभूषण प्रसाद, सुशील कुमार, अभय प्रजापति, हंसराज कुमार, रमेश प्रसाद सोनी, लाल बिहारी सहित कई स्वयंसेवक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# अज्ञात महिला का शव कुएं से बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** रोहतास जिले के अकोढी गोला थाना क्षेत्र के बाघा खोह गांव में शनिवार सुबह एक कुएं से अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। सुबह करीब 8 बजे खेतों के बीच स्थित कुएं में शव मिलने की जानकारी मिली। महिला ने लाल रंग की साड़ी पहन रखी थी, उसके हाथ में मेहंदी लगी थी। उसकी उम्र लगभग 24 वर्ष बताई जा रही है और रंग गोरा है। उसके कपड़े अस्त-व्यस्त पाए गए। शव मिलने के स्थान से लगभग 400 मीटर पश्चिम दिशा में महिला की चूड़ी और टूटा हुआ मंगलसूत्र जैसे साक्ष्य भी मिले हैं। ये वस्तुएं घटनास्थल से थोड़ी दूरी पर बरामद की गईं। अकोढी गोला थानाध्यक्ष राकेश गोसाईं ने बताया कि महिला के गले पर निशान पाए गए हैं जिससे प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत होता है।

**कार्यालय, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मेदिनीनगर, पलामू**
E-mail : supt.dal@gmail.com, cj-palamu@jharkhandmail.gov.in,
Tel.No. 06562222725

**रद्द सूचना**

इस कार्यालय से संबंधित अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– HJ AND DM/CJ MEDININAGAR/Q2/2026/686, दिनांक – 26.02.2026 एवं PR No.- 373681 District (25-26):D को अपरिहार्य कारण से एतद् द्वारा रद्द किया जाता है।

अधीक्षक,
केन्द्रीय कारा, मेदिनीनगर, पलामू।

PR.NO.375108 District(25-26):D

# भाजपा का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के सूर्यपुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सम्मान में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सूर्यपुरा स्थित राजा साहब के ठाकुरबाड़ी परिसर में शनिवार को दोपहर तीन बजे संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भाजपा मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी पंचायतों के अध्यक्ष, सदस्य और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान गाया। मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार कुशवाहा ने बताया कि दिनारा विधानसभा क्षेत्र के सूर्यपुरा में आयोजित इस प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण देने वालों में दिनारा विधानसभा प्रभारी विजय सिंह, भाजपा नेता बबल कश्यप, पंकज सिंह, जिला उपाध्यक्ष संतोष शर्मा, दीपक सिंह, सतेंद्र दुबे और अरुण पांडेय प्रमुख रूप से शामिल थे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार कुशवाहा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय शौंडिक, विकास कुशवाहा, नंदकुमार दुबे, राजेश पासवान, चुनू सिंह और अभिषेक सिंह सहित दर्जनों अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यों और पार्टी की नीतियों के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की और उनके आदर्शों को अपनाने की शपथ लिया गया।

# बीपीआरओ के नेतृत्व में सद्भावना समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में आगामी त्योहार ईद-उल-फितर और रामनवमी पर्व को लेकर पंचायत- बुढ़वल, देव, मोथा में सदभावना समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी काराकाट-रेणुका कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में दोनों पर्वों को आपसी भाईचारा, शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि बुढ़वल-बिरेंद्र सिंह, देव मुखिया प्रतिनिधि-अजय सिंह, मोथा सरपंच-कामेश्वर प्रसाद, पंचायत समिति-विनोद सिंह, जितेंद्र पाल, मनोज कुमार (कचहरी सचिव), पंचायत सचिव-सौरभ कुमार, संतोष कुमार, कार्यपालक सहायक-मो. ताबिस, राकेश कुमार, विकास मित्र-बैजनाथ राम, नीतू कुमारी, जीविका सीसी-सरस्वती, ज्योति, सोनी और ग्रामीण जनता ने बैठक में भाग लिया। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रेणुका कुमारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों पर्वों को शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आपसी भाईचारा और सौहार्द को बनाए रखें और किसी भी प्रकार के विवाद से बचें। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी अपने विचार रखे और दोनों पर्वों को शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प लिया लिया गया।



**कार्यालय, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मेदिनीनगर, पलामू**
E-mail : supt.dal@gmail.com,
cj-palamu@jharkhandmail.gov.in,
Tel.No. 06562222725

**रद्द सूचना**

इस कार्यालय से संबंधित अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–HJ AND DM/CJ MEDININAGAR /Y/2026/687, दिनांक – 26.02.2026 एवं PR No.- 373680 District (25-26) #D को अपरिहार्य कारण से एतद् द्वारा रद्द किया जाता है।

PR 375110 District(25-26)#D

अधीक्षक,
केन्द्रीय कारा, मेदिनीनगर, पलामू

## शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के बारह पत्थर मुहल्ले से एक शराब तस्कर को 175 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर शराब तस्कर राहुल कुमार के घर छापेमारी में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त किया गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका PR No.-PR 375017 Building (25-26)#D है उसका क्रमांक सं0–01, 04, 08, 09, 10, 12, 14, 17, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 26, 27, 28 एवं 29 में अंकित कार्यों की निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।

PR.NO.375131 District(25-26):D

**न्यायालय उप समाहर्त्ता भूमि सुधार सदर मेदिनीनगर, पलामू**

**नोटिस**

भू–हदबंदी सं0–13 / 2008–09
(मानपती देवी एवं अन्य बनाम श्रवण साव एवं अन्य)

नोटिस बनाम :–
1. श्री श्रवण साव पिता रधुवीर साव ग्राम–दमोरा पो0–बसना था0–विश्रामपुर,जिला–पलामू।

एतद द्वारा सूचित करना है कि आवेदक द्वारा मेरे न्यायालय में उपर्युक्त भू–हदबंदी वाद में पारित आदेश के आलोक में आपको निबंधित डाक से मानपती देवी, पति–स्व0 जगेश्वर महतो,दिनेश महतो,महेश महतो,सरोजनी देवी कुलवंती देवी एवं रीता देवी पे0–स्व0 जगेश्वर महतो के पक्ष में दिनांक– 20.02.2025 तथा 20.03.2025 तक प्रश्नगत भूमि का केवाला निबंधित करने हेतु सूचना निर्गत की गयी थी परन्तु अभी तक आवेदक के पक्ष में केवाला निबंधित नहीं किया गया है।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त निर्धारित तिथि 02.04.2026 तक आवेदक के पक्ष में केवाला निष्पादित करना सुनिश्चित करें अन्यथा न्यायालय आवेदक के पक्ष में केवाला निबंधित करने हेतु बाध्य होगा।

इसे सख्त ताकिद जानें।

उप समाहर्त्ता,
भूमि सुधार सदर मेदिनीनगर

PR 375124 District(25-26)#D

# एमएसएमई देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ : जीतन राम मांझी






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। शनिवार को एम.एस.एम.ई.-डी.एफ.ओ., पटना द्वारा गांधी इंटर स्कूल, नवादा के प्रांगण में तीन दिवसीय प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला का शुभारम्भ किया गया। इस मेले का उद्घाटन भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, जीतन राम मांझी द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि के बाद देश की आर्थिक प्रगति में इस क्षेत्र का सबसे बड़ा योगदान है तथा सकल घरेलू उत्पाद एवं निर्माण क्षेत्र में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 17 सितम्बर 2023 को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रारंभ की गई, जिसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को सशक्त बनाना है। इस योजना के अंतर्गत कारीगरों को प्रशिक्षण, आर्थिक सहायता तथा कार्य हेतु आवश्यक टूलकिट उपलब्ध कराई जाती है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें। योजना के तहत लगभग 15 हजार रुपये की टूलकिट सहायता, बिना बैंक गारंटी के 1 लाख रुपये तक का ऋण तथा व्यवसाय विस्तार के लिए दो लाख रुपये तक की सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों, विशेषकर अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पारंपरिक शिल्पकार समुदाय को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। इसके लिए प्रशिक्षण, उद्यमिता विकास एवं ऋण सहायता की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही देशभर में टेक्नोलॉजी सेंटर एवं शिल्पकार हब विकसित किए जा रहे हैं तथा खादी एवं ग्रामोद्योग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकें।माननीय मंत्री द्वारा मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण भी किया गया।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि एमएसएमई क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। बिहार में कुल औद्योगिक इकाइयों का लगभग 95 प्रतिशत एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित है तथा राज्य के कुल उत्पादन का लगभग 65 से 70 प्रतिशत इसी क्षेत्र से प्राप्त होता है। रोजगार सृजन की दृष्टि से कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाला क्षेत्र भी एमएसएमई ही है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत कारीगरों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण मानकीकरण तथा बाजार एवं हाटों तक पहुंच बनाने में सहयोग प्रदान किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसायों को चिन्हित किया गया है। लाभार्थियों के चयन में स्थानीय पंचायतों की भी महत्वपूर्ण भूमिका निर्धारित की गई है, ताकि कोई भी पारंपरिक कारीगर इस योजना के लाभ से वंचित न रह जाए।

जिलाधिकारी ने बताया कि बिहार में अब तक 45 लाख से अधिक उद्यम आईडी पंजीकृत हो चुकी हैं तथा प्रतिमाह लगभग 50 हजार नए पंजीकरण हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त जीरो इफेक्ट-जीरो डिफेक्ट योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, रैम्प, इंक्यूबेशन कार्यक्रम एवं विभिन्न कौशल विकास संस्थानों के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार द्वारा भी मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत युवाओं, महिलाओं तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक की पूंजीगत अनुदान तथा कम ब्याज दर पर ऋण की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त पीएम-एफएमई योजना के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में सूक्ष्म उद्यमों को लगभग 35 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है।

निदेशक, एम.एस.एम.ई.-डी.एफ.ओ., पटना आर.के. चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरुआत 17 सितम्बर 2023 को की गई थी, जिसका प्रारंभिक लक्ष्य पांच वर्षों में 30 लाख लाभार्थियों को जोड़ने का था। प्रसन्नता की बात है कि माननीय मंत्री के मार्गदर्शन में मात्र डेढ़ से दो वर्षों के भीतर ही यह लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में देशभर में 30 लाख से अधिक कारीगरों का पंजीकरण हो चुका है तथा लगभग 30 लाख लाभार्थियों का तृतीय चरण का सत्यापन भी पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बिहार में भी इस योजना के प्रति व्यापक उत्साह देखा जा रहा है। राज्य में अब तक लगभग 18.5 लाख पंजीकरण प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1 लाख 63 हजार से अधिक लाभार्थियों का तृतीय चरण का सत्यापन सफलतापूर्वक संपन्न किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेले का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जुड़े कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना है। इस प्रकार के आयोजनों से कारीगर अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा सकेंगे, उन्हें उचित मूल्य प्राप्त होगा तथा उनकी आय में वृद्धि होगी, जिससे उनके जीवन स्तर में भी सकारात्मक सुधार आएगा। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अमित अनुराग, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, एलडीएम मनीष कुमार, शाखा प्रबंधक एसबीआई नीरज कुमार के साथ-साथ विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, उद्यमी, कारीगर एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## छात्रा को परीक्षा से रोका, फिर जेसीबी से जमींदोज किया मकान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नरहट थाना क्षेत्र के हमिदपुर बारा गांव में दबंगों ने न केवल एक परिवार का आशियाना उजाड़ दिया, बल्कि एक छात्रा के भविष्य को भी अंधकार में धकेल दिया। गांव के हीं दबंगों द्वारा प्रेम प्रसंग के एक मामले को लेकर पूरे चंद्रवंशी समाज को निशाना बनाया जा रहा है, जिससे इलाके में भारी तनाव और खौफ का माहौल है। पीड़ित परिवार की बेटी, मनीषा कुमारी, रजौली इंटर कॉलेज में मैट्रिक की परीक्षा दे रही थी। आरोप है कि गांव के ही दबंग—मिथिलेश यादव, प्रिंस कुमार, अमोद यादव, संतोष यादव, सीताराम यादव और राजेश यादव—परीक्षा केंद्र पर पहुंच गए। वहां छात्रा के साथ अभद्र व्यवहार किया गया और जिस मकान में वह रुककर परीक्षा दे रही थी, उस मकान मालिक को भी जान से मारने की धमकी दी गई।



खौफ के कारण छात्रा को वह घर छोड़ना पड़ा। तीन दिनों तक छुपकर परीक्षा देने के बाद, जब दबंगों ने उसे केंद्र से ही अगवा करने की कोशिश की, तो वह जान बचाकर अपनी मौसी के घर (ग्राम सुघड़ी, थाली थाना) भाग गई। इस दहशत के कारण उसकी आगे की परीक्षा छूट गई और उसका साल बर्बाद हो गया। पंचायत समिति सदस्य के नेतृत्व में जेसीबी से दबंगों का कहर गणेश चंद्रवंशी के घर पर टूटा। आरोप है कि पंचायत समिति सदस्य प्रवेश यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग जेसीबी लेकर पहुँचे और देखते ही देखते गणेश सिंह के पक्के मकान को जमींदोज कर दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घर गिराने के साथ-साथ दबंगों ने 05 गाय और बछिया खोल लीं साथ हीं घर में रखी टोटो गाड़ी, जेवरात, गेहूं और चावल लूट लिए। घर की महिलाओं के साथ बदसलूकी और छेड़छाड़ की गई।

पूरे मोहल्ले की घेराबंदी कर चंद्रवंशी समाज पर सामूहिक प्रताड़ना का आरोप है। बताया जा रहा है कि दबंगों ने पूरे मोहल्ले की बिजली और पानी का कनेक्शन काट दिया है। कई घरों में बाहर से ताले जड़ दिए गए हैं ताकि लोग अपने ही घरों में कैद हो जाएं या गाँव छोड़कर भाग जाएं। इतनी बड़ी घटना के बावजूद पीड़ित परिवार पुलिस के पास जाने से कतरा रहा है। आरोप है कि दबंगों ने उन्हें थाना जाने या आवेदन देने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी है। वर्तमान में पीड़ित परिवार अपने पुश्तैनी गाँव को छोड़कर रिश्तेदारों के यहाँ शरण लेने को मजबूर है। इस घटना में मिथिलेश यादव, संतोष यादव, आमोद यादव, सन्नी यादव, मनीष यादव, विनोद यादव, प्रिंस यादव, अंकित यादव, सीताराम यादव और रौशन यादव को मुख्य आरोपी बताया जा रहा है। अब देखना यह है कि नवादा पुलिस और जिला प्रशासन इन रसूखदार दबंगों पर क्या कार्रवाई करता है।

## बच्चों को दी गई तूफान एवं आंधी से बचाव की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पकरीबरावां**। महंत रामधन पुरी इंटर विद्यालय बुधौली में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सुरक्षित शनिवार की वार्षिक योजना के अनुसार मार्च के दूसरे शनिवार को चक्रवर्ती तूफान एवं आंधी से होने वाले खतरे और बचाव की जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ.दिनेश कुमार एवं नोडल शिक्षक डॉ. रंजन आर्य ने बच्चों को आंधी और तूफान के निर्माण के लिए तीन मुख्य कारक के बारे में बताया।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां पुलिस ने दो विभिन्न गांवों में छापेमारी कर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि केशऔरी गांव से बिट्टू कुमार एवं सिलौर गांव से पप्पू यादव वारंटी को गिरफ्तार किया गया है।ग

## सिर फटने पर डॉक्टर ने टांकों की जगह लगा दी स्टेपलर पिन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नवादा। जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने ग्रामीण चिकित्सा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के नरोमुरार गांव के एक युवक के सिर में गंभीर चोट लगने के बाद एक ग्रामीण डॉक्टर ने टांके लगाने की जगह सामान्य स्टेपलर मशीन से पिन लगा दी।

बताया जा रहा है कि युवक 3 मार्च को एक हादसे में घायल हो गया था। हादसे के दौरान उसके सिर पर गहरा घाव हो गया और काफी खून बहने लगा। घायल युवक इलाज की उम्मीद में वारिसलीगंज के गणेश नगर स्थित एक ग्रामीण डॉक्टर के पास पहुंचा।

आरोप है कि डॉक्टर ने मेडिकल टांके लगाने के बजाय साधारण कागज में इस्तेमाल होने वाली स्टेपलर मशीन से ही युवक के सिर पर पिन लगा दी। इस दौरान मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



वीडियो सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है और लोग स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह झोलाछाप डॉक्टर इलाज कर रहे हैं, जिससे लोगों की जान जोखिम में पड़ जाती है।

फिलहाल इस मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यदि शिकायत की जाती है तो संबंधित डॉक्टर के खिलाफ कारवाई की जाएगी।

## जिला पाल ने ट्रैफिक बूथ का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। रोटरी क्लब तथागत में डिस्ट्रिक्ट 3250 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नम्रता असिस्टेंट गवर्नर (जोन-10) रोटेरियन डॉ. अजीत कुमार तथा रीजनल डायरेक्टर (जोन 9, 10 एवं 11) रोटेरियन डॉ. सुनील कुमार के ऑफिशियल क्लब विजिट के अवसर पर पूरे दिन विभिन्न जनहित एवं पब्लिक इमेज से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कारगिल मोड़ पर रोटरी पिलर के अनावरण से हुई, जहां रोटरी इंटरनेशनल एवं रोटरी क्लब तथागत का लोगो स्थापित किया गया, जिससे आम जनता को रोटरी के सेवा कार्यों की जानकारी मिल सके। इसके पश्चात ऊपरौरा मोड़ शेखपुरा, पावापुरी एवं नवादा से बिहार शरीफ आने वाले मार्ग पर एक सांकेतिक सूचना पट्ट (साइन बोर्ड) का उद्घाटन किया गया। इस साइन बोर्ड से आम नागरिकों को दिशा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। इसके बाद सभी अतिथि रोटरी स्मृति उद्यान, मुरउरा पहुँचे, जहाँ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, असिस्टेंट गवर्नर, रोटरी क्लब तथागत के अध्यक्ष, सचिव एवं एम डब्लू टीम के सदस्यों ने मिलकर तालाब के चारों ओर 25 बेगुंबेलिया एवं गुलमोहर का वृक्षारोपण कार्यक्रम किया। तत्पश्चात सभी अतिथिगण रोटरी तथागत सहेली सेंटर, सुंदरगढ़ भैंसा सुर पहुंचे, जहां ब्यूटीशियन, सिलाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी छात्राओं और महिलाओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। रोटरी क्लब तथागत ने ट्रैफिक बूथ

**बनाकर यातायात पुलिस को किया सम्मानित**

बिहारशरीफ शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब तथागत द्वारा अस्पताल चौराहा, बिहारशरीफ पर ट्रैफिक बूथ का निर्माण कराया गया। इस ट्रैफिक बूथ का उद्घाटन रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 की मंडल अध्यक्ष रो नम्रता, रीजनल डायरेक्टर पूर्व अध्यक्ष रो डॉ सुनील कुमार, जोन 9,10 एवं 11, असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन डॉ. अजीत कुमार सिंह, क्लब अध्यक्ष रोटेरियन परमेश्वर महतो, क्लब सचिव रोटेरियन मधु कंचन तथा यातायात विभाग के पदाधिकारी संजय सिंह, परियोजना निर्देशक रो डॉ नीरज कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि शहर में सुरक्षित और सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने में यातायात पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी भावना के तहत रोटरी क्लब तथागत ने यह पहल करते हुए ट्रैफिक बूथ का निर्माण कराया है, जिससे यातायात व्यवस्था को बेहतर ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल चौराहे पर कार्यरत आठ यातायात पदाधिकारियों को उनके सराहनीय कार्यों के लिए रोटरी क्लब तथागत द्वारा सम्मानित किया गया। क्लब के पदाधिकारियों ने उनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर कहा गया कि रोटरी क्लब तथागत समाज के हित में निरंतर कार्य कर रहा है और आगे भी जनहित से जुड़े ऐसे सेवा कार्यों को जारी रखेगा। उनके बीच मिठाइयों का वितरण भी किया गया।



इस अवसर पर पब्लिक फंक्शन कर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नम्रता एवं असिस्टेंट गवर्नर डॉ. अजीत कुमार ने कहा कि रोटरी क्लब तथागत समाज में उत्कृष्ट सेवा कार्य कर रहा है तथा पब्लिक इमेज के क्षेत्र में भी सराहनीय पहल की है। उन्होंने कहा कि जनहित में किए जा रहे ऐसे कार्य अन्य संस्थाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर दो नए सदस्य के रूप में प्रशांत भदानी एवं ई.विपिन कुमार भास्कर को रोटेरियन भी बनाया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. डॉ नीरज कुमार, रोटेरियन अनिल सैनी, रोटेरियन अमित कुमार, रोटेरियन ऋषभ जैन, रो बिपिन भास्कर, रो जोसेफ टी टी, रो अनिल कुमार, रो अशोक कुमार, रो मंजू प्रकाश, रो महेश लोहानी, रो विश्व प्रकाश,रो कुमारी किरण, रो रश्मि दास, रो डॉ इंद्रजीत कुमार, रो संजीव दास, रो अमित भारती, रो ई अरविंद कुमार एवं मॉर्निंग वॉक टीम के अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## दीपक के कप्तानी में नवादा जिला अंडर 23 टीम घोषित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए नवादा टीम की घोषणा कर दी गई है। चयनकर्ता सुभाष प्रसाद एवं विकास कुमार ने विगत 10 दिनों से आयोजित ट्रायल कैंप के प्रदर्शन, पिछले वर्ष अंडर 23 टीम के मैचों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर टीम की घोषणा की गई। टीम इस प्रकार है दीपक कुमार कप्तान, सुमन सौरभ उप कप्तान, हर्ष प्रदीप कुमार, सूरज कुमार सिंह, हर्ष राकेश कुमार, कुमार सौरभ विकेटकीपर अनुराग कुमार, सुभाष कुमार, आदित्य आर्यन अरनव यादव, योगेश पटेल अभिनव सिंह, आदर्श पांडे आर्यन कश्यप, दीप प्रकाश एवं सौरभदीप को टीम में जगह दी गई है, इसके अलावे सुरक्षित खिलाड़ियों के रूप में अंश तिवारी, शिव शंकर कुमार, यीशु कुमार अमन आर्यन, विक्रम कुमार को रखा गया है।

## 150 कार्टन शराब की साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिले के तेलमर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय शराब तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक टाटा 407 ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद करते हुए दो कुख्यात तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी हत्या के एक मामले में भी फरार चल रहे थे। सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब 6:50 बजे तेलमर थाना को गुप्त सूचना मिली कि एक उजले रंग का टाटा 407 ट्रक में विदेशी शराब लोड कर नूरसराय के रास्ते तेलमर की ओर लाया जा रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने वरीय अधिकारियों को अवगत कराया और सशस्त्र पुलिस बल के साथ सालेपुर–करौटा मार्ग स्थित वनगच्छा के पास नाकेबंदी कर वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान संदिग्ध टाटा 407 ट्रक को रोककर चालक और उपचालक से पूछताछ की गई। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर जब ट्रक की तलाशी ली गई तो धान की खखरी के बोरे के नीचे छिपाकर रखे गए 150 कार्टन विदेशी शराब बरामद किए गए। मौके से पुलिस ने दिलीप कुमार पासवान (38), पिता बलदेव हजरा, निवासी बेलडी थाना बैंगाबाद और विकाश सिंह (35), पिता लखन सिंह, निवासी पचमवा बोरा थाना गिरिडीह, जिला गिरिडीह (झारखंड) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में पता चला कि दोनों आरोपी अंतर्राज्यीय शराब तस्करी गिरोह से जुड़े हैं और हत्या के एक मामले में भी फरार चल रहे थे। दोनों आरोपी झिरपानी थाना (राउरकेला, ओडिशा) कांड संख्या 45/24 दिनांक 08.03.2024, धारा 364/379/302 में वांछित बताए जा रहे है।



बीएनएस की विभिन्न धाराओं तथा बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2022 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष तेलमर चंद्रशेखर कुमार, पुअनि अमर सिंह, सअनि धीरज कुमार, सिपाही मधुवन कुमार मोहित तथा महिला सिपाही अर्धनागनी कुमारी शामिल थी।

## स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर कर्मचारियों की हुई कैंसर, बीपी व डायबिटीज जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर समाहरणालय संवर्ग के पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा समाहरणालय परिसर में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में समाहरणालय संवर्ग के कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों की कैंसर स्क्रीनिंग, आंखों की जांच, महिला रोग, नाक-कान-गला रोग, डायबिटीज, बीपी तथा पेट से संबंधित बीमारियों की जांच और उपचार किया गया। चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों को आवश्यक परामर्श और दवाएं भी उपलब्ध कराई गई। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर का जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली और कर्मचारियों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया।



## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों एवं युवाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं, विशेषकर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी देना तथा उन्हें स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत मिलने वाले प्रशिक्षण, टूलकिट सहायता, वित्तीय सहायता, डिजिटल लेन-देन, उद्यम पंजीकरण तथा मार्केटिंग समर्थन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) से गोपाल उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को डिजिटल बैंकिंग सेवाओं, आधार आधारित बैंकिंग, खातों से जुड़े लाभ तथा सरकारी योजनाओं के भुगतान प्रणाली के बारे में जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम में सोनल पटेल एवं कविता ने बतौर प्रशिक्षक प्रतिभागियों को योजना की प्रक्रिया, पात्रता, प्रशिक्षण के लाभ तथा उद्यमिता के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मौजूद कारीगरों और उद्यमियों ने योजना के प्रति गहरी रुचि दिखाई तथा सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे अवसरों का लाभ उठाने की इच्छा जताई। एमएसएमई-विकास कार्यालय, पटना के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ना है, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिल सके।

## नूतन उन्नति फाउंडेशन ने किया डॉक्टर रोहित शांडिल्य का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। शनिवार को नूतन उन्नति फाउंडेशन की ओर से डॉक्टर रोहित शांडिल्य पिता सुधीर कुमार माता पूर्व वार्ड कमिश्नर वार्ड नंबर 5 कंचन देवी के सुपुत्र जो आपके जिला नवादा में एक बहुत अच्छे पूर्ण दंत चिकित्सक के रूप में सेवा प्रदान करने हेतु नवादा जिले में आगमन हुआ है जिनका स्वागत नूतन उन्नति फाउंडेशन के निदेशक नूतन बिहारी और राखी बरनवाल एवं राखी गुप्ता एवं उनके सहयोगी गण डॉक्टर रोहित सैंडल का स्वागत करने हेतु आज उनके क्लीनिक पर आशीर्वाद देने और शुभकामनाएं देने तथा आशीर्वाद देने आज उनके क्लीनिक पर उपस्थित हुई है भगवान करें नवादा जिले का नाम रोशन कर जनता का दिल में का स्थान प्राप्त करें जिसमें नूतन उन्नति फाउंडेशन के सदस्यों का सराहनीय भूमिका रही है ।



## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 1231 मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में तथा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सहयोग से 14 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से व्यवहार न्यायालय, नवादा परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में पक्षकारों के बीच सुलह-समझौते के आधार पर विभिन्न वादों का निष्पादन किया गया। इस अवसर पर विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा, सहायक जिला दण्डाधिकारी सह उपाध्यक्ष, पुलिस उपाधीक्षक सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनन्जय कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय उपेन्द्र कुमार, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो सुभाष चन्द्र शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय सहित अन्य अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी, पैनल अधिवक्ता, पारा विधिक स्वयंसेवक एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मंच का संचालन सौम्या सागर सिन्हा, प्रशिक्षु न्यायिक पदाधिकारी, नवादा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां से कोई भी पक्षकार निराश होकर नहीं लौटता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की। इस लोक अदालत में दूरसंचार से संबंधित 01 मामले का निष्पादन किया गया। ग्राम कचहरी के 65 मामलों का भी सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। इसके अतिरिक्त व्यवहार न्यायालय से संबंधित विभिन्न मामलों में कुल 298 मामलों के साथ इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1231 मामलों का निष्पादन किया गया।



# गया रेलवे स्टेशन की सुरक्षा को लेकर हाई अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** राष्ट्रीय महत्व के गया जंक्शन रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त सुरक्षा रैकी की। संभावित आतंकी खतरे और आपदा की स्थिति से निपटने की तैयारी की समीक्षा के लिए स्टेशन परिसर का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान सुरक्षा बलों ने स्टेशन के सभी प्रमुख और संवेदनशील स्थानों का जायजा लिया। यह संयुक्त सुरक्षा रैकी रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) गया के नेतृत्व में की गई। इसमें राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी), अपराध आसूचना शाखा, विशेष आसूचना शाखा (एटीएस) पटना और गया के अधिकारियों ने भाग लिया। सभी एजेंसियों ने मिलकर स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत आकलन किया।

**प्लेटफॉर्म से पार्किंग तक हुआ निरीक्षण**

संयुक्त टीम ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रवेश और निकास द्वार, टिकट काउंटर, पार्किंग क्षेत्र तथा रेलवे यार्ड का गहन निरीक्षण किया। साथ ही भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति को भी परखा गया। अधिकारियों ने यह भी देखा कि किसी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में सुरक्षा बल कितनी तेजी से प्रतिक्रिया दे सकते हैं।

**सीसीटीवी और बैगेज स्कैनिंग की जांच**

रैकी के दौरान स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और बैगेज स्कैनिंग सिस्टम की भी जांच की गई। इसके अलावा आपातकालीन निकासी मार्ग, भीड़ नियंत्रण व्यवस्था और यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े अन्य पहलुओं का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि किसी भी आपात स्थिति में यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके।

**आपसी समन्वय बढ़ाने पर जोर**

निरीक्षण के दौरान विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों ने संभावित आतंकी गतिविधि या आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई को लेकर चर्चा की। इस दौरान सूचना आदान-प्रदान, संयुक्त ऑपरेशन और एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सके।

**कई अधिकारी रहे मौजूद**

संयुक्त सुरक्षा रैकी में आरपीएफ गया के निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव, उपनिरीक्षक विकास कुमार, जीआरपी थानाध्यक्ष शिवकुमार, अपराध आसूचना शाखा के निरीक्षक चंदन कुमार, विशेष आसूचना शाखा के प्रवीण मिश्रा सहित कई अधिकारी शामिल हुए।

# कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने किया 55वां ऑल इंडिया भास्कर राव नृत्य एवं संगीत सम्मेलन का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** प्राचीन कला केंद्र, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित 55वां ऑल इंडिया भास्कर राव नृत्य एवं संगीत सम्मेलन का भव्य उद्घाटन मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों, संगीत प्रेमियों तथा सांस्कृतिक जगत के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। अपने उद्घाटन संबोधन में कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण अंग हैं। ऐसे सम्मेलन न केवल कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का भी महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने प्राचीन कला केंद्र, चंडीगढ़ की सराहना करते हुए कहा कि संस्था वर्षों से भारतीय कला और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान सम्मेलन के अध्यक्ष द्वारा कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही को अंगवस्त्र, स्मृति-चिह्न और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कलाकारों और अतिथियों ने भारतीय नृत्य एवं संगीत की विभिन्न विधाओं की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। सम्मेलन का उद्देश्य देशभर के कलाकारों को एक साझा मंच प्रदान करना तथा भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत की परंपरा को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में अनेक प्रतिष्ठित कलाकारों की प्रस्तुतियां आगामी सत्रों में भी जारी रहेंगी। इस अवसर पर कई शिक्षाविद, कलाकार और सांस्कृतिक जगत से जुड़े विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं।

# आशाकर्मी बहाली में घूसखोरी का आरोप, बीसीएम पर 2 लाख रुपये लेने का आरोप

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** प्रखंड में आशा कर्मियों की बहाली को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थानीय लोगों ने पहुंचकर जमकर हंगामा किया। लोगों ने आरोप लगाया कि आशा कर्मियों की बहाली में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीसीएम पर पैसे लेकर चयन करने का आरोप है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना ग्राम सभा कराए ही चीलोंर पंचायत में आशा कर्मी की बहाली कर दी गई। आरोप है कि पंचायत के मुखिया और बीसीएम पर करीब 2 लाख रुपये लेकर बहाली करने का आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी बीसीएम पर पैसे लेकर गलत तरीके से बहाली करने का आरोप लग चुका है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीसीएम द्वारा आशा दीदियों से मानदेय बनवाने के नाम पर भी हर महीने वसूली किए जाने की बात सामने आ रही है। इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में 17 से अधिक तीरंदाजों का चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** जिले के उभरते तीरंदाज अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। राज्यस्तरीय ट्रायल के बाद गयाजी जिले के 17 से अधिक खिलाड़ियों का चयन नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 28 मार्च से 6 अप्रैल तक आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित की जाएगी। चयनित खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्गों में हिस्सा लेकर बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। तीरंदाजी कोच जय प्रकाश ने बताया कि ट्रायल पटना में आयोजित किया गया था। इस ट्रायल में राज्यभर से 100 से अधिक तीरंदाजों ने हिस्सा लिया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर गया जिले के खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी अंडर-10, अंडर-13 और अंडर-15 वर्ग में प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

**खिलाड़ियों को मिली शुभकामनाएं**

चयनित खिलाड़ियों को बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक ने अग्रिम शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी पूरे मनोयोग से खेलें और पदक जीतकर बिहार का नाम रोशन करें। इस अवसर पर मगध आर्चरी फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष अंजय कुमार और जिला खेल पदाधिकारी नीतू कुमारी ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी।

**अंडर-13 वर्ग के चयनित खिलाड़ी**

अंडर-13 इंडियन राउंड (बालक वर्ग) में करण कुमार, रणबीर राज, गुलु कुमार, शुभम रॉय और मानस कुमार का चयन हुआ है। बालिका वर्ग में सलोनी कुमारी, वैष्णवी करण, छोटी कुमारी और आकृति पांडेय को मौका मिला है। वहीं रिकर्व राउंड में बालक वर्ग से रुद्र प्रताप सिंह, अश्विन कुमार और सादिक़ शिद्दीकी का चयन हुआ है।

**अन्य वर्गों में भी गया के खिलाड़ी**

रिकर्व राउंड के बालिका वर्ग में दिया कुमारी, आराध्या कुमारी और हर्षिका रानी का चयन हुआ है। कंपाउंड राउंड में सफा सिद्दीकी को जगह मिली है। अंडर-10 रिकर्व राउंड में आदर्श कुमार और आरुष आजाद को चयनित किया गया है। इंडियन राउंड में ईशान सिंह, सक्षम पांडेय और मयंक राज शामिल हैं।

**अंडर-15 वर्ग में भी मिला प्रतिनिधित्व**

अंडर-15 बालक वर्ग में आदर्श कुमार, करण कुमार और रणबीर राज को चुना गया है। बालिका वर्ग में सलोनी कुमारी और वैष्णवी करण शामिल हैं। वहीं रिकर्व राउंड में हर्षिका रानी, दिया कुमारी और आराध्या भारती का चयन हुआ है। बालक वर्ग में आर्यन कुमार, रुद्र प्रताप सिंह और नमन प्रभाकर भी प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# 20 साल पुराने आपराधिक विवाद का राष्ट्रीय लोक अदालत में निबटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**शेरघाटी।** बिहार विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदन किशोर कौशिक के आदेश पर शनिवार को अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय शेरघाटी में वर्ष 2026 का प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम लवकुश कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए शेरघाटी में दो बेंच का गठन किया गया। बेंच संख्या 23 में एसीजेएम द्वितीय संजय कुमार एवं पैनल अधिवक्ता मुकेश कुमार शामिल थे जबकि बेंच संख्या 24 में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी रोहित सिन्हा एवं पैनल अधिवक्ता अरुण कुमार ने मामलों की सुनवाई की। लोक अदालत के दौरान कुल 64 सुलहनीय प्रकृति के मामलों का निष्पादन किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न बैंकों से संबंधित 239 ऋण वादों का निपटारा किया गया जिनमें कुल 68 लाख 42 हजार 911 रुपये की समझौता राशि पर सहमति बनी। इस प्रकार कुल 304 मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूको बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मगध कॉपरेटिव बैंक तथा भूमि विकास बैंक के प्रतिनिधियों के साथ-साथ वन विभाग, खनन विभाग, माप-तौल विभाग, परिवहन विभाग और श्रम विभाग के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला जज प्रथम सह अध्यक्ष अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति लवकुश कुमार सहित न्यायिक पदाधिकारियों और पैनल अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न विभागों के सुलहनीय मामलों का त्वरित निपटारा एक ही मंच पर किया जाता है और ऐसे मामलों के निर्णय को आगे चुनौती नहीं दी जा सकती।

अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति के कर्मचारी मनीष प्रकाश ने बताया कि एसीजेएम प्रथम न्यायालय में लंबित परिवाद वाद संख्या 219/06 रामवतन भुइयां बनाम मुटुर भुइयां के बीच 20 वर्ष पुराने विवाद का भी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में बेंच क्लर्क सुशील कुमार, सब्बीर अहमद तथा पीएलवी दीपक कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# धूमधाम से मनाई गई जयेन्द्र गुरु की पुण्यतिथि, किया गया मूर्ति अनावरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिले के करगहर प्रखंड के ठोरसन पंचायत अंतर्गत अख्तियारपुर में श्री राधा माधव मंदिर सह रामधारी सिंह स्मृति के प्रांगण में जयंद्र प्रसाद सिंह प्रधानाचार्य की प्रथम पुण्यतिथि स्मृति का अनावरण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मनेर विधायक भाई वीरेंद्र सिंह ने किया। गुरुजी तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके छोटे भाई सुरेंद्र सिंह गजेटेड पदाधिकारी एवं सबसे छोटे भाई समाजसेवी पूर्व पैक्स अध्यक्ष बीडीसी प्रतिनिधि रविंद्र सिंह गुरु के तीन पुत्र डॉक्टर संजय सिंह, इंजीनियर मनोज सिंह एवं डॉक्टर धनंजय सिंह यह सभी लोग जनता की सेवा में अपने पिताजी के दिखाए रास्ते पर चलते हैं। मंच की अध्यक्षता पारसनाथ सिंह एवं संचालन विकास पांडेय ने किया। अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। मंच पर लोकसभा सांसद मनोज भारती, मुख्य अतिथि भाई वीरेंद्र यादव, दिनारा पूर्व विधायक विजय मंडल, सासाराम पूर्व विधायक राजेश गुप्ता, पूर्व प्रधानाचार्य सुग्रीव सिंह, करगहर विधानसभा प्रत्याशी उदय प्रताप सिंह, भभुआ विधानसभा प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा सहित बहुत सारे लोग उपस्थित हुए। गुरु जी के किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अपने पिताजी की याद में हर वर्ष रामधारी सिंह स्मृति संस्थान बनाकर आयोजन किया करते थे। उन्हीं के राह पर उनके पुत्र एवं भाई गुरु जी की प्रथम पुण्यतिथि मनाई एवं निशुल्क दवा वितरण एवं गरीब जनों को साड़ी वस्त्र वितरण किया गया जिसमें हर क्षेत्र के लोग उपस्थित हुए थे-औरंगाबाद लोकपाल मुन्ना राय, प्रखंड अध्यक्ष शकील अहमद, शिक्षक रवि सिंह, शिक्षक सुधीर सिंह, लोजपा रा जिला प्रवक्ता उमेश प्रसाद श्रीवास्तव, मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र गुप्ता उर्फ डब्लू, जिला परिषद प्रतिनिधि मदन राम, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र खरवार, पूर्व उप मुखिया दिनेश चंद्रवंशी, गुड्डू तिवारी, मुकेश शुक्ला, पूर्व बीडीसी रमजान अहमद, नथुनी यादव, विजय यादव सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

**शपथ-पत्र**

मैं राजेश कुमार पिता कमलेश कुमार सिंह ग्राम-बलार पो.- सिमला थाना-कासमा, जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। आधार कार्ड पर मेरा नाम राजेश कुमार दर्ज है जिसका आधार कार्ड संख्या- 2229 1719 0214 है।

मैं राजेश कुमार सिंह पिता कमलेश कुमार के नाम से भी जाना जाता हूं। मैं राजेश कुमार एवं राजेश कुमार सिंह दोनों नामों से जाने जाते हैं तथा मेरे पिताजी कमलेश कुमार सिंह एवं कमलेश कुमार दोनों नामों से जाने जाते हैं। मैं यह शपथ पत्र अपने दोनों नाम राजेश कुमार एवं राजेश कुमार सिंह तथा मेरे पिताजी कमलेश कुमार सिंह एवं कमलेश कुमार दोनों नामों से जाने जाते हैं। इसी दोनों नाम के सत्यापन हेतु मैं यह शपथ पत्र कर रहा हूं। मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 1500 दिनांक 06.2.26

शपथकर्ता
राजेश कुमार

# मिड डे मील खाने से दर्जनों बच्चे बीमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**आमस।** प्रखंड के रामपुर स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में मध्याह्न भोजन खाने के बाद दर्जनों बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। घटना के बाद स्कूल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बीमार बच्चों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आमस में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय में दोपहर का मिड-डे मील खाने के कुछ ही देर बाद कई बच्चों को पेट दर्द, उल्टी और चक्कर आने की शिकायत होने लगी। देखते ही देखते दर्जनों बच्चों की तबीयत खराब होने लगी। घटना की जानकारी मिलते ही बच्चों के परिजन स्कूल पहुंच गए और स्कूल प्रबंधन के साथ मिलकर बीमार बच्चों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने तुरंत इलाज शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार सभी बच्चों की स्थिति अब खतरे से बाहर है और इलाज के बाद उनकी हालत में सुधार हो रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं।

# महुआ शराब बरामद, कारोबारी फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के बेलदार बिगहा गांव स्थित बधार के एक गेहूं के खेत से पुलिस ने छापेमारी कर 10 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है। शराब उजले रंग के एक गैलन में रखी हुई थी। हालांकि पुलिस को देखते ही शराब कारोबारी राजेंद्र बेलदार मौके से फरार होने में सफल रहा। इस संबंध में कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने शनिवार को बताया कि मामले में कोंच थाना कांड संख्या 66/26 दर्ज कर ली गई है तथा फरार कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# महादलित टोला का चापाकल खराब, पानी के लिए हाहाकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** थाना क्षेत्र के ग्राम डबुर के महादलित टोला में लगा एकमात्र चापाकल पिछले कई दिनों से खराब पड़ा हुआ है। चापाकल खराब होने के कारण टोला के लोगों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि टोला में यही एक चापाकल है जिसके खराब हो जाने से लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। इस संबंध में टोला सेवक धनंजय कुमार ने शनिवार सुबह 10 बजे प्रशासन से शीघ्र चापाकल की मरम्मत कराने की मांग की है। मामले की जानकारी जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद को भी दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द चापाकल ठीक कराने की मांग की है। ताकि लोगों को पानी की समस्या से राहत मिल सके।

# तलाशी अभियान में देसी मजल लोडिंग राइफल बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गयाजी।** रविशंकर कुमार, कार्यवाहक कमांडेंट (द्वितीय कमान अधिकारी) 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया जी (बिहार) के निर्देशन में 'डी' समवाय, सलैया (गया जी) के प्रदीप सिंह, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में सशस्त्र सीमा बल एवं जिला पुलिस- गया जी (थाना- मैगरा) के साथ बागपुर जंगल क्षेत्र के घने जंगलो में हथियार एवं गोला-बारूद छुपाए जाने की आसूचना के आधार पर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान बागपुर पहाड़ी के एक गुफानुमा स्थान से 01 देसी मजल लोडिंग राइफल बरामद हुई। बरामद राइफल की कुल लंबाई लगभग 46 इंच है जिसमें 31 इंच बैरल तथा 15 इंच बट है और इसका व्यास लगभग 300 मिमी है। बरामदगी पश्चात संयुक्त ऑपरेशन दल द्वारा पूरे क्षेत्र की सघन तलाशी ली गई। बरामद किए गए हथियार को थाना- मैगरा, जिला- गया जी (बिहार) को विधिक कार्रवाई हेतु सुपुर्द कर दिया गया है।

# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**खिजरसराय।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर शनिवार को गया अभियंत्रण महाविद्यालय में उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय मानक ब्यूरो, पटना ब्रांच ऑफिस के समन्वय से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजन सरकार ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल कुमार सिंह (कंसल्टेंट, सी. एस. ए., पटना ब्रांच ऑफिस) उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को भारतीय मानकों, गुणवत्ता चिन्हों तथा उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी और जागरूक उपभोक्ता बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो. लवकुश गुप्ता, मनोज कुमार स्टूडेंट चैप्टर एवं विभागाध्यक्ष, यांत्रिकी अभियंत्रण), डॉ मृणाल रंजन, डॉ रौशन कुमार, प्रो दानवेन्द्र सिंह, प्रो सूर्यकांत सिंह, एवं प्रो. प्रलयंकर कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि प्रत्येक उपभोक्ता को सुरक्षित वस्तु प्राप्त करने का अधिकार, सही जानकारी पाने का अधिकार, अपनी बात रखने का अधिकार तथा शिकायत निवारण का अधिकार प्राप्त है। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि किसी भी वस्तु या सेवा को खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, मानक चिन्ह तथा बिल अवश्य लेना चाहिए। कार्यक्रम में सभी छात्रों को अपने दैनिक जीवन में उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

**शपथ-पत्र**

मैं, राजमुन्नी कुमारी, पति-अनिल कुमार पाल, ग्राम-ढोसला कला, पोस्ट-निमा चतुर्भुज, थाना-रफीगंज, जिला- औरंगाबाद (बिहार)। शपथपूर्वक सत्य एवं निष्ठा से निम्न बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।

मेरा भारतीय विशिष्ट पहचान-पत्र प्राधिकरण आधार कार्ड सं.- 5633 2324 5975 है जिसमें मेरा वास्तविक नाम राजमुन्नी कुमारी अंकित है। मेरा पैन कार्ड सं.- JPUPK2791L है जिसमें मेरा वास्तविक नाम RAJMUNNI KUMARI अंकित है। मेरा भारतीय निर्वाचन पहचान-पत्र सं.- KTR4428199 में नाम भूलवश रजमनिया कुमारी, पिता- डोमन भगत, ग्राम-ढेकही अंकित है क्योंकि उस समय मैं मायके में रहती थी।

मैं 'फ्यूचर जनेरली इंडिया लाईभ इन्शुरेन्स कम्पनी लिमिटेड फ्यूचर आनन्द पॉलिसी सं.- 00838822 करायी हूं जिसमें भूलवश नाम RAJMANIYA KUMARI अंकित है जबकि मेरा वास्तविक एवं सत्य नाम RAJMUNNI KUMARI है।

राजमुन्नी कुमारी उर्फ रजमनिया कुमारी दोनों नाम मेरा ही है। मैं दोनों नामों से जानी-पहचानी जाती हूं। मैं किसी भी तथ्य को छुपाया नहीं है। मेरा वोटर आई.डी. में मेरा जन्म तिथि- 01/01/2004 अंकित है और आधार कार्ड में जन्म तिथि- 25/03/1983 है।

मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 5592 दिनांक 24.2.26

शपथकर्ता
राजमुन्नी कुमारी

**शपथ-पत्र**

मैं, सुषमा देवी, पति रविन्द्र सिंह, निवासी चन्दन बिगहा, पोस्ट कर्मा लहंग, थाना- टण्डवा, जिला- औरंगाबाद (बिहार) का निवासी हूं। मैं शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं तथा मेरा आधार नं. 6041 9987 0249 है। मेरे आधार कार्ड में भूलवश मेरा नाम संध्या देवी दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम सुषमा देवी है। मैं अपना उक्त आधार कार्ड में सही नाम सुषमा देवी सुधार करवाकर मूल कार्ड लेना चाहती हूं क्योंकि बैंक खाता एवं पैन कार्ड में मेरा सही नाम सुषमा देवी ही दर्ज है।

मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 691 दिनांक 12.3.26

शपथकर्ता
सुषमा देवी

संपादकीय

## विपक्ष का मकसद पूरा हुआ ?

लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव का खारिज होना तो पहले से तय था, क्योंकि उसके पास संख्याबल नहीं था, लेकिन यह प्रस्ताव लाकर विपक्ष यह संदेश देने में जरूर कामयाब रहा कि सदन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर विपक्ष की गंभीरता का संकेत तो तभी मिल गया था, जब इस पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हस्ताक्षर नहीं किए थे और इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा में भी नहीं बोले। ऐसे में सवाल यह उठा कि अगर उन्हें सदन में इस मुद्दे पर कुछ बोलना ही नहीं था तो फिर स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का असल उद्देश्य क्या था? क्या वो सिर्फ यह जताना चाहते थे कि सदन में उन्हें वो नहीं बोलने नहीं दिया गया, जो बोलना चाहते थे या फिर उनका मतंव्य स्पीकर को पक्षपाती साबित करना था? यदि करना भी था तो सदन में वो अपनी बात प्रभावी ढंग से रख सकते थे। मान सकते हैं कि स्पीकर ने सदन में राहुल गांधी को वो बात नहीं रखने दी, जो वो रखना चाहते थे, लेकिन यह भी सही है कि सदन में कोई भी बात नियमबाह्य तरीके से नहीं रखी जा सकती। करीब 119 विपक्षी सांसदों ने आरोप लगाया कि स्पीकर सदन चलाते समय पक्षपात कर रहे हैं और विपक्ष को बोलने का पर्याप्त मौका नहीं दिया जा रहा। हालांकि मंत्री अमित शाह ने यह कहकर विपक्ष की चुटकी ली कि स्पीकर के खिलाफ जो अविश्वास प्रस्ताव दिया गया, उसमें भी गलतियां थीं। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का उत्तर देते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी के आचरण और मंशा पर तगड़े प्रहार किए। उन्होंने आंकड़ों के आधार पर यह सिद्ध करने की कोशिश भी की कि जब भी लोकसभा में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होती है, वो देश के बाहर ही रहते हैं। 56 मिनट के अपने भाषण में शाह ने साफ कहा कि राहुल की यह शिकायत बेमानी है कि उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया जाता, हकीकत यह है कि वो बोलना ही नहीं चाहते, ऐसे में कोई क्या कर सकता है। शाह ने यह भी कहा कि सदन में कोई भी बात नियमों के तहत ही रखी जा सकती है। संसद को चौराहे की सभा नहीं है। अगर राहुल गांधी को नियमों का ज्ञान नहीं है तो वे अपने वरिष्ठ साथियों से इसकी जानकारी ले लें। शाह ने कहा कि 18वीं लोकसभा में कांग्रेस सांसदों को बोलने के लिए भाजपा से दो गुना ज्यादा समय मिला। फिर भी विपक्ष के नेता कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। केन्द्रीय गृह मंत्री ने यह भी कहा कि हम भी बरसों विपक्ष में रहे, लेकिन कभी स्पीकर की मंशा और आचरण पर सवाल नहीं उठाया और नही कभी उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए। अपने लंबे और मारक भाषण में शाह ने राहुल गांधी को लक्ष्य कर टिप्पणी की कि आंख मारने वाले आज स्पीकर पर सवाल उठा रहे हैं। इस पर लोकसभा में कांग्रेस सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया और सदन में शाह माफी मांगों के नारे लगने लगे। हंगामे के बीच सदन में स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हो गया। विपक्ष ने भी इस मुद्दे पर मत विभाजन की मांग नहीं की। अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में 10 घंटे तक बहस चली। अविश्वास प्रस्ताव आने के बाद लोकसभा स्पीकर ने नैतिक आधार पर लोकसभा की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं की। इस दौरान सदन की कार्यवाही सभापति ही चलाते रहे। अब प्रस्ताव खारिज होने के बाद बिरला सदन की कार्वयाही की फिर से अध्यक्षता कर सकते हैं।

# पश्चिमी यूपी में उम्मीद से भरी सपा की चुनावी तैयारी

**2022 के विधानसभा चुनाव में पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन समाजवादी पार्टी के लिए बेहद निराशाजनक रहा था। पश्चिमी यूपी में कुल मिलाकर करीब 136 विधानसभा सीटें आती हैं जिनमें मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, मुरादाबाद, बिजनौर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, हापुड़ और आसपास के जिले शामिल हैं। 2022 में इस पूरे इलाके में समाजवादी पार्टी को केवल 35 से 38 के आसपास सीटें मिली थीं जबकि भारतीय जनता पार्टी ने यहां करीब 80 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज की थी। वोट प्रतिशत की बात करें तो पश्चिमी यूपी में भाजपा को करीब 44 से 46 फीसदी वोट मिले थे जबकि सपा 30 से 33 फीसदी के आसपास सिमट गई थी। राष्ट्रीय लोकदल उस वक्त सपा के साथ गठबंधन में था और उसने जाट बहुल इलाकों में कुछ सीटें जिताई थीं, लेकिन इसके बावजूद गठबंधन का समग्र प्रदर्शन भाजपा के मुकाबले कमजोर ही रहा।**

**अजय कुमार**

समाजवादी पार्टी ने 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारी औपचारिक रूप से शुरू कर दी है। पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव 29 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दादरी में समानता भाईचारा रैली के जरिए अपना चुनावी अभियान शुरू करेंगे। यह महज एक रैली नहीं है, बल्कि यह उस बड़ी राजनीतिक योजना की शुरुआत है जिसके जरिए अखिलेश यादव पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी की जमीन को नए सिरे से तैयार करना चाहते हैं। दादरी का चुनाव भी रणनीतिक है क्योंकि यह इलाका जाट, मुस्लिम, दलित और पिछड़े वर्गों की मिली-जुली आबादी वाला क्षेत्र है और यहीं से पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक की राजनीति को धार देने की कोशिश की जाएगी। 2022 के विधानसभा चुनाव में पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन समाजवादी पार्टी के लिए बेहद निराशाजनक रहा था। पश्चिमी यूपी में कुल मिलाकर करीब 136 विधानसभा सीटें आती हैं जिनमें मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, मुरादाबाद, बिजनौर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, हापुड़ और आसपास के जिले शामिल हैं। 2022 में इस पूरे इलाके में समाजवादी पार्टी को केवल 35 से 38 के आसपास सीटें मिली थीं जबकि भारतीय जनता पार्टी ने यहां करीब 80 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज की थी। वोट प्रतिशत की बात करें तो पश्चिमी यूपी में भाजपा को करीब 44 से 46 फीसदी वोट मिले थे जबकि सपा 30 से 33 फीसदी के आसपास सिमट गई थी। राष्ट्रीय लोकदल उस वक्त सपा के साथ गठबंधन में था और उसने जाट बहुल इलाकों में कुछ सीटें जिताई थीं, लेकिन इसके बावजूद गठबंधन का समग्र प्रदर्शन भाजपा के मुकाबले कमजोर ही रहा।



पश्चिमी यूपी में सपा की कमजोरी की जड़ें बहुत गहरी हैं। 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों के बाद इस इलाके में जाट और मुस्लिम समुदाय के बीच जो दरार पैदा हुई थी, उसका सीधा फायदा भाजपा को मिला। जाट मतदाता जो परंपरागत रूप से कभी कांग्रेस तो कभी लोकदल के साथ रहते थे, 2014 के बाद से भाजपा की तरफ मजबूती से झुक गए। 2022 में भी यह झुकाव बड़े पैमाने पर बना रहा। हालांकि राकेश टिकैत के नेतृत्व में किसान आंदोलन के बाद यह उम्मीद जगी थी कि जाट वापस भाजपा से नाराज होंगे, लेकिन वोटिंग के वक्त बड़े पैमाने पर यह नाराजगी सपा के पक्ष में नहीं बदल पाई। अब 2023 में राष्ट्रीय लोकदल ने सपा का साथ छोड़कर भाजपा के साथ हाथ मिला लिया है। जयंत चौधरी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन में शामिल हो गए हैं। इसका सीधा मतलब यह है कि 2027 में सपा के पास पश्चिमी यूपी में जाट मतदाताओं तक पहुंचने का वह पुराना पुल नहीं रहेगा। पश्चिमी यूपी की करीब 40 से 45 विधानसभा सीटें ऐसी हैं जहां जाट मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इन सीटों पर रालोद के भाजपा के साथ जाने से सपा की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।ऐसे में अखिलेश यादव की पीडीए रणनीति ही वह हथियार है जिससे वे इस गणित को पलटना चाहते हैं। पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक यानी पीडीए का यह फार्मूला 2024 के लोकसभा चुनाव में काफी हद तक काम भी किया। 2024 में सपा ने उत्तर प्रदेश में 37 सीटें जीतीं जो पार्टी के इतिहास में लोकसभा का सबसे बेहतर प्रदर्शन था। पश्चिमी यूपी में भी 2024 में सपा ने कुछ अप्रत्याशित जीतें दर्ज कीं। मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा और बिजनौर जैसे क्षेत्रों में सपा और उसके सहयोगी दलों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इससे अखिलेश को भरोसा मिला कि पीडीए का फार्मूला अगर सही तरीके से जमीन पर उतारा जाए तो पश्चिमी यूपी में भी बड़ा बदलाव संभव है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जातीय संरचना पर गौर करें तो यहां मुस्लिम आबादी कई जिलों में 30 से 40 फीसदी तक है। मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, संभल, अमरोहा, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर जैसे जिलों में मुस्लिम मतदाता बड़ी संख्या में हैं और वे परंपरागत रूप से सपा के साथ रहे हैं। इसके अलावा दलित मतदाता जो अनुसूचित जाति के हैं, पश्चिमी यूपी में करीब 20 से 22 फीसदी हैं। पिछड़े वर्ग जिनमें यादव, कुर्मी, सैनी, प्रजापति, गुर्जर और अन्य जातियां शामिल हैं, उनकी भी पश्चिमी यूपी में ठीकठाक मौजूदगी है। अगर ये तीनों तबके एकजुट होकर सपा को वोट दें तो कम से कम 50 से 55 फीसदी वोट का आधार बन सकता है जो किसी भी सीट पर जीत के लिए पर्याप्त है।लेकिन असली चुनौती इन्हें एकजुट करना है। दलित मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा अभी भी बहुजन समाज पार्टी की तरफ देखता है। हालांकि मायावती की पार्टी 2022 और 2024 दोनों चुनावों में बुरी तरह पिटी है और उनका वोट बैंक बिखर रहा है। अखिलेश की कोशिश है कि इस बिखरे हुए दलित वोट को अपनी तरफ खींचा जाए। दादरी की रैली में समानता और भाईचारे का संदेश इसीलिए दिया जाएगा ताकि दलित समुदाय को यह भरोसा दिलाया जा सके कि सपा उनकी पार्टी है।

पश्चिमी यूपी में सपा के सामने एक और बड़ी समस्या संगठन की है। इस इलाके में सपा का जमीनी ढांचा बहुत मजबूत नहीं है। पूर्वी यूपी के मुकाबले जहां यादव बाहुल्य क्षेत्र हैं और पार्टी की गहरी जड़ें हैं, पश्चिमी यूपी में सपा को हर बूथ तक अपनी पहुंच बनाने के लिए नए सिरे से काम करना होगा। अखिलेश ने इसके लिए रैलियों और जनसंपर्क अभियानों की एक लंबी श्रृंखला तैयार की है जो दादरी से शुरू होकर पूरे पश्चिमी यूपी को कवर करेगी।भाजपा के लिए भी यह लड़ाई आसान नहीं होगी। किसानों की समस्याएं, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दे जनता के मन में हैं। पश्चिमी यूपी के गन्ना किसानों का बकाया और सरकारी योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन बड़े सवाल हैं। सपा इन्हीं मुद्दों को हवा देकर अपना रास्ता बनाना चाहती है। 2027 में पश्चिमी यूपी की लड़ाई तय करेगी कि उत्तर प्रदेश में सत्ता का रुख किस तरफ जाएगा। इस इलाके की 136 के करीब सीटें किसी भी दल को सरकार बनाने या रोकने में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। अखिलेश यादव जानते हैं कि अगर पश्चिमी यूपी नहीं जीता तो लखनऊ की राह बंद है। दादरी की रैली इसी लंबे सफर का पहला कदम है।

अध्यात्म

## इच्छाओं के पीछे भागते रहेंगे तो जीवन में कभी शांति नहीं मिलेगी

स्वामी विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस से जुड़ा किस्सा है। एक दिन परमहंस जी अपने आश्रम में शिष्यों के साथ बैठे थे। एक शिष्य के मन में एक सवाल आया। शिष्य ने विनम्रता से पूछा कि गुरुदेव, लोग अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। कोई धन चाहता है, कोई नाम चाहता है, कोई सुख-सुविधाएं चाहता है। इन चीजों को पाने के लिए लोग बहुत एकाग्र होकर काम करते हैं, लेकिन भगवान की भक्ति में वैसी एकाग्रता क्यों नहीं बन पाती? रामकृष्ण परमहंस बोले कि इसका कारण अज्ञानता है। लोग समझते नहीं कि असली सुख कहां है। इसलिए उनका मन भगवान में नहीं, बल्कि संसार की चीजों में लगा रहता है। शिष्य ने फिर पूछा कि गुरुदेव, अज्ञानता कैसे दूर होगी? रामकृष्ण परमहंस ने पास बैठे बच्चों की ओर इशारा करते हुए एक उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि देखो, एक छोटा बच्चा जब नया खिलौना पाता है तो वह उसमें इतना खो जाता है कि उसे अपनी मां की याद भी नहीं आती। वह घंटों उसी खिलौने से खेलता रहता है। उस समय उसे दुनिया की कोई और चीज दिखाई नहीं देती। शिष्य ध्यान से सुन रहा था। परमहंसजी ने आगे कहा कि लेकिन जब वह खिलौना टूट जाता है या उससे खेलकर उसका मन भर जाता है, तब उसे अपनी मां की याद आती है। वह रोते हुए अपनी मां के पास दौड़ता है। शिष्य ने सिर हिलाया। रामकृष्ण परमहंस बोले कि ठीक यही स्थिति इंसानों की भी है। संसार की चीजें भी खिलौनों जैसी हैं। धन, सुख-सुविधा, नाम, पद- ये सब अस्थायी हैं, लेकिन इंसान इन चीजों में इतना उलझ जाता है कि उसे भगवान की याद ही नहीं आती। जब तक मन इन इच्छाओं और भोग-विलास के खिलौनों में फंसा रहता है, तब तक भक्ति में एकाग्रता नहीं बनती। जब व्यक्ति समझ जाता है कि इन चीजों से सच्चा सुख नहीं है, तब उसका मन भगवान की ओर जाता है। परमहंस की बातें सुन रहे सभी शिष्यों ने तय किया कि वह अपनी इच्छाओं को कम करेंगे और भगवान की भक्ति में मन लगाएंगे। रामकृष्ण परमहंस ने कहा कि जिस दिन मन खिलौनों से हटकर भगवान में लग जाएगा, उसी दिन सच्ची शांति मिल जाएगी। मनुष्य की इच्छाएं बहुत हैं। एक इच्छा पूरी होती है तो दूसरी पैदा हो जाती है। अगर हम केवल इच्छाओं के पीछे भागते रहेंगे तो जीवन में कभी शांति नहीं मिलेगी। इसलिए इच्छाओं को नियंत्रित करना जरूरी है। धन, पद, नाम और सुख-सुविधाएं स्थायी नहीं होतीं। आज हैं, कल नहीं भी हो सकतीं। इसलिए इन्हें जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं बनाना चाहिए।

# डिजिटल फुटप्रिंट और इको चैंबर में फंसते हम लोग

**इक्कीसवीं सदी के आरंभिक दशकों में मानव सभ्यता ने जिस तीव्रता से डिजिटल प्रौद्योगिकी को अपनाया है, उसने संचार, राजनीति, व्यापार और सामाजिक जीवन की संरचना को मूलतः बदल दिया है। इंटरनेट, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया ने सूचना तक पहुँच को पहले से कहीं अधिक सरल और तेज बना दिया है। लेकिन इसी परिवर्तन के भीतर एक ऐसी जटिल प्रक्रिया भी विकसित हुई है, जिसने विचारों की स्वतंत्रता और सामाजिक संवाद की प्रकृति पर नए प्रश्न खड़े कर दिए हैं। डिजिटल दुनिया में मनुष्य केवल सूचना का उपभोक्ता नहीं रह गया है; वह स्वयं भी सूचना का उत्पादक और डेटा का स्रोत बन गया है।**

**मनीष जैसल**

हम प्रतिदिन इंटरनेट पर जो कुछ भी करते हैं जिस किसी विषय को खोजते हैं, किसी पोस्ट को लाइक करते हैं, किसी वीडियो को देखते हैं, किसी लिंक को साझा करते हैं, सभी गतिविधियों का एक स्थायी रिकॉर्ड बनता जाता है। इस रिकॉर्ड को ही डिजिटल फुटप्रिंट कहा जाता है। यह हमारे विचारों, रुचियों, सामाजिक संबंधों और व्यवहारिक पैटर्न का विस्तृत डिजिटल अभिलेख बन जाता है। समय के साथ यह डेटा इतना विस्तृत हो जाता है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म हमारे व्यवहार और पसंद का अनुमान लगाने लगते हैं।

इसी प्रक्रिया के समानांतर एक और महत्वपूर्ण संचारिक परिघटना विकसित होती है, वह है इको चैंबर । इको चैंबर वह स्थिति है जिसमें व्यक्ति को लगातार वही विचार और सूचनाएँ दिखाई देती हैं जिनसे वह पहले से सहमत होता है। धीरे-धीरे उसका सूचना-परिसर सीमित होता जाता है और वह विविध विचारों से दूर होने लगता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के एल्गोरिद्म इस प्रक्रिया को और मजबूत करते हैं। इन एल्गोरिद्म का उद्देश्य उपयोगकर्ता को अधिक समय तक प्लेटफॉर्म पर बनाए रखना होता है। इसलिए वे वही सामग्री अधिक दिखाते हैं जिस पर उपयोगकर्ता पहले से प्रतिक्रिया देता रहा है।

यह सुविधा धीरे-धीरे विचारों की सीमा में बदल सकती है। व्यक्ति को लगता है कि उसकी राय ही बहुसंख्यक समाज की राय है, क्योंकि डिजिटल दुनिया में उसे उसी प्रकार की सामग्री अधिक दिखाई देती है। यही स्थिति इको चैंबर की मूल विशेषता है। डिजिटल इको चैंबर और गलत सूचना के प्रसार को लेकर हाल के वर्षों में कई महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय अध्ययन सामने आए हैं। वर्ष 2018 में मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं सिनान अराल , देब राय और सोरूश वोज़ी द्वारा किया गया एक विस्तृत अध्ययन पत्रिका Science में प्रकाशित हुआ। इस शोध में 2006 से 2017 के बीच ट्विटर पर प्रसारित लगभग 1,26,000 समाचार कथाओं और लगभग 30 लाख उपयोगकर्ताओं की गतिविधियों का विश्लेषण किया गया। अध्ययन का निष्कर्ष अत्यंत महत्त्वपूर्ण था, झूठी खबरें सही खबरों की तुलना में लगभग छह गुना अधिक तेजी से और अधिक व्यापक रूप से फैलती हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि सनसनीखेज और भावनात्मक सामग्री लोगों को अधिक आकर्षित करती है, इसलिए एल्गोरिद्मिक प्लेटफॉर्म पर वह अधिक तेजी से साझा होती है। इसी तरह ऑक्सफोर्ड इंटरनेट इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर फिलिप एन. हावर्ड और उनकी टीम ने 2019 में प्रकाशित अपने अध्ययन में बताया कि संगठित डिजिटल नेटवर्क और एल्गोरिद्मिक अनुशंसाएँ कई बार उपयोगकर्ताओं को समान विचारों वाले समूहों में सीमित कर देती हैं। इस प्रकार डिजिटल प्लेटफॉर्म अनजाने में ऐसे सूचना-परिसर निर्मित कर देते हैं जहाँ व्यक्ति अपने ही विचारों की प्रतिध्वनि अधिक सुनता है और विविध दृष्टिकोणों से उसका संपर्क धीरे-धीरे कम हो जाता है। यही वह प्रक्रिया है जो आधुनिक डिजिटल समाज में इको चैंबर की समस्या को और अधिक गहरा करती जा रही है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के अनुसार लगभग 8.7 करोड़ फेसबुक उपयोगकर्ताओं की जानकारी इस प्रक्रिया में शामिल थी। इस डेटा में उपयोगकर्ताओं की लाइक्स, सोशल नेटवर्क, ऑनलाइन गतिविधियाँ और व्यवहारिक पैटर्न शामिल थे।

इन सूचनाओं के आधार पर प्रत्येक व्यक्ति का एक विस्तृत मनोवैज्ञानिक प्रोफाइल तैयार किया गया। इसके बाद मतदाताओं को लक्षित संदेश भेजे गए। उदाहरण के लिए, यदि किसी उपयोगकर्ता का डिजिटल व्यवहार यह संकेत देता था कि वह सुरक्षा या प्रवासन जैसे मुद्दों को लेकर चिंतित है, तो उसे उसी प्रकार के राजनीतिक विज्ञापन दिखाए जाते थे। इस रणनीति को माइक्रो-टार्गेटिंग कहा जाता है। इसमें व्यापक जनसमूह को एक समान संदेश देने के बजाय प्रत्येक व्यक्ति को अलग-अलग संदेश भेजे जाते हैं। डिजिटल इको चैंबर का एक गंभीर उदाहरण म्यांमार में रोहिंग्या संकट के दौरान सामने आया। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टों में उल्लेख किया गया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग इस संघर्ष के दौरान घृणा फैलाने वाली सामग्री के प्रसार के लिए किया गया। म्यांमार में बड़ी संख्या में इंटरनेट उपयोगकर्ता फेसबुक को ही इंटरनेट का मुख्य माध्यम मानते थे। इस स्थिति में जब कुछ संगठित समूहों ने रोहिंग्या समुदाय के विरुद्ध भ्रामक और उकसाने वाले संदेश फैलाने शुरू किए, तो एल्गोरिद्म ने उन संदेशों को तेजी से अधिक लोगों तक पहुँचा दिया। एल्गोरिद्म का एक प्रमुख सिद्धांत यह है कि जिस सामग्री पर अधिक प्रतिक्रिया मिलती है, उसे अधिक लोगों तक पहुँचाया जाता है। दुर्भाग्य से नफरत और सनसनीखेज संदेश अक्सर अधिक प्रतिक्रियाएँ उत्पन्न करते हैं। ऐसे संदेश व्यापक रूप से फैलने लगे और एक ऐसा डिजिटल वातावरण तैयार हुआ जिसमें एक ही प्रकार की जानकारी बार-बार दिखाई देने लगी। इस प्रक्रिया ने सामाजिक ध्रुवीकरण को बढ़ाया और वास्तविक दुनिया में हिंसा की स्थितियों को भी प्रभावित किया।

कोविड-19 महामारी ने डिजिटल सूचना व्यवस्था की एक और जटिल चुनौती को सामने रखा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस स्थिति को 'इन्फोडेमिक' कहा—अर्थात ऐसी सूचना महामारी जिसमें गलत और भ्रामक जानकारी अत्यंत तेजी से फैलती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरस की उत्पत्ति, उपचार और वैक्सीन को लेकर अनेक प्रकार के दावे प्रसारित होने लगे। कई उपयोगकर्ताओं का डिजिटल फुटप्रिंट पहले से ही ऐसे समूहों से जुड़ा हुआ था जो वैज्ञानिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास व्यक्त करते थे। एल्गोरिद्म ने इन्हीं उपयोगकर्ताओं को समान विचारधारा वाली सामग्री अधिक दिखानी शुरू कर दी। परिणामस्वरूप, कुछ समुदायों में वैक्सीन के प्रति संदेह और भ्रम तेजी से बढ़ने लगा। स्टैनफोर्ड, ऑक्सफोर्ड और अन्य शोध संस्थानों के अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ कि जब व्यक्ति लगातार एक ही प्रकार की जानकारी देखता है, तो उसकी धारणा अधिक कठोर हो जाती है और वह विरोधी विचारों को कम विश्वसनीय मानने लगता है।

6 जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद भवन (कैपिटल) पर हुआ हमला डिजिटल इको चैंबर के प्रभाव का एक और महत्वपूर्ण उदाहरण माना जाता है। इस घटना से पहले कई महीनों तक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चुनाव परिणामों को लेकर विभिन्न दावे और षड्यंत्र सिद्धांत प्रसारित होते रहे। एल्गोरिद्म ने उन उपयोगकर्ताओं को एक-दूसरे से जोड़ दिया जिनका डिजिटल व्यवहार पहले से ही ऐसे विचारों से जुड़ा हुआ था।

धीरे-धीरे एक ऐसा डिजिटल समुदाय तैयार हो गया जिसमें चुनावी प्रक्रिया के प्रति अविश्वास का भाव लगातार मजबूत होता गया। संचार अध्ययन में इस प्रक्रिया को कन्फर्मेशन बायस कहा जाता है—अर्थात व्यक्ति वही सूचना स्वीकार करता है जो उसके पहले से बने विश्वास को पुष्ट करती है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म अधिक पारदर्शी हों और उपयोगकर्ता भी सूचना के प्रति अधिक सजग बनें। कई देशों में डेटा सुरक्षा कानून और डिजिटल प्लेटफॉर्म की जवाबदेही को लेकर नई नीतियाँ बनाई जा रही हैं। इसके साथ ही शिक्षा और मीडिया संस्थानों में डिजिटल साक्षरता पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। डिजिटल साक्षरता का अर्थ केवल तकनीक का उपयोग करना नहीं है, बल्कि यह समझना भी है कि एल्गोरिद्म किस प्रकार सूचना का चयन करते हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। समय रहते समस्याओं को सुलझाना अत्यन्त आवश्यक है। मित्रों के साथ अनबन हो सकती है।

**वृषभ**
जीवनसाथी की सलाह काफी प्रभाव डालेगी। नये लोगों के साथ सम्पर्क विकसित होंगे। धन के मामलों में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**मिथुन**
नये लोगों के साथ आपके सम्पर्क बनेंगे। घर में धर्म-कर्म का वातावरण रहेगा। बिना विचार करे कोई काम न करें। आज आप कार्यक्षेत्र में काफी मेहनत करेंगे।

**कर्क**
अत्यधिक व्यस्तता के कारण थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। आप छोटी-छोटी बातों को महत्व न दें। बुरे लोगों की संगत से बचें।

**सिंह**
नये कार्यों की शुरुआत करना उचित नहीं है। अपनी महत्वाकांक्षाओं को अनजान लोगों से व्यक्त न करें। अपनी वाणी पर नियन्त्रण रखें।

**कन्या**
व्यवसाय में आपको बड़ी उपलब्धियाँ मिलने के योग बन रहे हैं। आप कठिन काम को समझदारी एवं सूझबूझ से सुलझा लेंगे।

**तुला**
अपनी कमियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी से अधिक अपेक्षा रखना उचित नहीं है। तकनीकी शिक्षा ले रहे लोगों को पढ़ाई में परेशानी होगी।

**वृश्चिक**
नौकरीपेशा लोगों के लिये दिन बहुत अच्छा है। साझेदारी से जुड़े हुये कार्यों में सफलता मिलेगी। अपने काम पर विश्वास बनाये रखें।

**धनु**
आपको आज काफी यात्रायें करनी पड़ सकती हैं। बच्चे पढ़ाई को लेकर लापरवाही कर सकते हैं। पुराना रोग उभर के सामने आ सकता है। खाँसी-जुकाम की समस्या होने की सम्भावना है।

**मकर**
आप लोगों की सहायता करने को लेकर काफी प्रसिद्ध हो सकते हैं। आपकी इच्छायें पूर्ण हो सकती हैं। सभी काम तीव्र गति से पूर्ण होंगे। शेयर मार्केट में धन निवेश लाभकारी होगा।

**कुंभ**
वैवाहिक सम्बन्धों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा। प्रबन्धन सम्बन्धी कार्यों के लिये दिन विशेष है। कारोबार में योजनायें बदलनी पड़ सकती हैं।

**मीन**
यात्रा में परेशानियाँ होने की सम्भावना है। इच्छित परिणाम मिलने में कठिनाई होगी। उधार में किसी को धन न दें। जीवनसाथी के साथ कलह हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### निःशुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ. के प्रांगण में निःशुल्क विधिक सहायता केंद्र चलाया जा रहा है। संस्थान द्वारा समय-समय पर अलग-अलग स्थानों पर शिविर लगाया जाता है जिससे समाज के कमजोर वर्ग के लोग लाभान्वित होते हैं। इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों, आधुनिक कामगार, सामूहिक आपदा या हिंसा के शिकार, दिव्यांगजन और आम लोगों को सामान्य विधिक जानकारी देना तथा उनके किसी भी मसलों को यथासंभव समाधान देना है। इसी क्रम में दिनांक 16/03/2026 को 11:00 पूर्वाहन बजे स्थान भारतीय मजदूर संघ कार्यालय, रोड नं. 1. कार्टर नं. 1. गर्दनीबाग, पटना में निःशुल्क कानूनी सलाह शिविर का आयोजन किया जा रहा है । संबंधित पक्ष यहां पहुँच कर अवसर का लाभ उठा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो. रूपम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच संचालन डॉ दीपिका कुमारी ने किया।

### सीएनजी ऑटो पलटने से चार लोग जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार के दिन सिकंदरपुर रेलवे पुल के पास अनियंत्रित होकर एक सीएनजी ऑटो पलट गई। हादसे में एक निजी विद्यालय का 8 वर्षीय बच्चा दो महिला और ऑटो का ड्राइवर जख्मी हो गया। सभी को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। ऑटो ड्राइवर ने बताया कि आगे में महिला बैठे होने के चलते अचानक हैंडल फस गया जिसके चलते हादसा हुई।

### हर दिन होता है लाखों लीटर पानी बर्बाद

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कहते हैं कि जल ही जीवन है और इस जल को करीब चार दिनों से नाले में बहाया जा रहा है यह नजारा बाढ़ के पीएचईडी विभाग का है जहां बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र के ठल 31 को चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है। बड़े-बड़े जेसीबी मशीन से सड़क किनारे गड्ढा खोलकर उसे चौड़ा किया जा रहा है लेकिन इस दौरान लापरवाही के चलते बाढ़ में नल जल योजना के तहत बिछाए गए पाइपलाइन को दर्जनों जगह क्षतिग्रस्त कर दिए जाने के चलते इस तरह का नजारा देखने को मिल रहा है। जिसके चलते इलाके में जल संकट उत्पन्न हो गई है। पाइपलाइन का पानी घरों तक नहीं पहुंच रहा है और ना ही विभाग इसे ठीक कर रही है। जिसके चलते लाखों लीटर पानी सुबह शाम बर्बाद हो रहा है।

### राजकीय पोलटेक्निक कॉलेज बाढ़ के प्रोफेसर ने प्रिंसिपल के खिलाफ खोला मोर्चा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राणा बीघा पंचायत में करोड़ों की लागत से पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण कराया गया था उद्देश्य यह था कि इलाके के छात्रों को टेक्निकल शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा पिछले वर्ष कॉलेज का उद्घाटन बड़े ही ताम-झाम के साथ किया था लेकिन डेढ़ साल बीतते बीतते कॉलेज से भ्रष्टाचार की बू आने लगी है। कॉलेज के ही प्रोफेसर विनोद कुमार और नवीन कुमार ने प्रिंसिपल के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए महाविद्यालय के खामियों को मीडिया के सामने लाते हुए प्रोफेसर विनोद कुमार ने गंभीर आरोप लगाया है और प्रिंसिपल को भ्रष्टाचारी बताया है। उन्होंने कहा कि डेढ़ साल के कार्यकाल में करीब डेढ़ करोड रुपए का कमीशन खा चुका है। साथ ही एक ही कंपनी से कॉलेज का सारा सामान खरीदा जाता है और बड़े पैमाने पर कमीशन खोड़ी होती है। महाविद्यालय परिसर में बुनियादी सुविधाओं का घोर किल्लत है, कैंपस में पानी का अभाव, हॉस्टल में घटिया खाना, कैंपस में गंदगी का अंबार जैसे आरोप छात्र का भी आरोप हैं। प्रोफेसर का कहना है कि दिल्ली एरिया के प्रिंसिपल होने के चलते बिहारी प्रोफेसर को चोर बताते हैं जो की एक अपमान का विषय है। कुछ दिन पूर्व कॉलेज से 10 कंप्यूटर सिस्टम की चोरी हुई थी लेकिन आज तक पुलिस में शिकायत नहीं हुई। जैसे कई गंभीर मामले प्रिंसिपल पर लगाए गए हैं साथी कई साक्षी उनके पास होने की भी बात कही जा रही है लेकिन जब प्रोफेसर के आरोप पर प्रिंसिपल से बात करने का प्रयास किया गया तो कॉलेज में मौजूद होने के बावजूद भी प्रिंसिपल ने मीडिया को मुख्य गेट से भीतर आने की अनुमति नहीं दी।

### बेलगाम हाइवा ने डायल 112 गाड़ी को मारी टक्कर, हाइवा में लगी आग

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया स्टेट हाइवे -1 पर धनरूआ थाना के भखरी पुल के समीप शनिवार की अल्हे सुबह एक बेलगाम हाईवा ने धनरूआ पुलिस की डायल 112 वाहन को टक्कर मार दी।जिसमें डायल112 की गाडी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कोई घटना के बाद ट्रक में अचानक आग लग गई जिसे देख ट्रक ड्राइवर फरार हो गया, लेकिन खलासी को पुलिस टीम ने भागने के क्रम में पकड़ लिया है। जिसका नाम पंकज कुमार है, जो जहानाबाद का निवासी है।इस हादसे में पुलिस वाहन में सवार एक पदाधिकारी ड्राइवर और महिला पुलिस को हल्की चोटें आई है।गाड़ी में सवार एएसआई मोहम्मद असलम कुरैशी ने बताया कि, वे ड्राइवर दिलीप कुमार और महिला आरक्षी मोनी कुमारी के साथ भखरी गांव जा रहे थे। उन्हें सूचना मिली थी कि भखरी गांव में एक बारात में कुछ लड़कियों के साथ छेड़खानी हुई है। इसी सूचना पर वे मौके पर जा रहे थे। जैसे ही डायल 112 की गाड़ी भखरी पुल के नजदीक पहुंची, पीछे से आ रहे बालू लदे हाईवा ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी।पुलिसकर्मी तुरंत गाड़ी से बाहर निकले और हाईवा को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह भागने के क्रम में रेलिंग से टकराकर जल उठा। पुलिस ने घटना की जानकारी धनरूआ थाना प्रभारी और पुलिस कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रक में लगी आग को बुझाया।



### नगर परिषद कार्यालय में स्वच्छता में योगदान देने वाली 24 महिलाएं हुए सम्मानित

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को नगर परीषद के सभागार में मुख्य पार्षद पिंकी देवी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, इस मौके पर उपमुख्य पार्षद चंद्रकांत कुमार,स्थाई सशक्त कमेटी के इं शंभू कुमार सिंह, सिटी मैनेजर शेखर कुमार प्रसाद, अमीन रामाधार कुमार यादव, वार्ड पार्षद राकेश कुमार एवं अन्य कर्मचारी शामिल रहे। इस सामारोह के दौरान कचरा पृथक्करण और स्वच्छता के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाली 24 महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन्हें मेडल पहना कर और प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया,स्थायी सशक्त कमेटी के ई.शंभू सिह ने कहा की यह वह महिलाएं हैं जो प्रतिदिन सुबह से लेकर देर शाम तक शहर के विभिन्न हिस्सों में घूम घूम कर साफ सफाई का ख्याल रखती है। इसलिए हम सबका दायित्व बनता है कि हम लोग भी इनके हर सुख दुख का सहभागी बनकर रहें। उन्होंने शहर के लोगों से अपील किया कि महिला दिवस ही नहीं बल्कि हर दिन अपने मोहल्ले में सफाई के लिए आने वाले सफाई कर्मियों पर विशेष नजर रखें। मुख्य पार्षद पिंकी देवी ने कहा कि सफाई कर्मियों के बल पर मसौढी शहर सफाई की रैंकिग में बेहतर रहा है। पूरा उम्मीद है कि इस बार पूरे सूबे में नगर परिषद और बेहतर स्थान हासिल करेगा। इस मौके पर ओमप्रकाश रवि, प्रशांत कुमार, अभिषेक कुमार, राहुल आनंद समेत अन्य कर्मी उपस्थित रहे।



### एनजीओ की सहभागिता जरूरी

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक सशक्त और आपदा-प्रतिरोधी भारत के निर्माण की परिकल्पना के साथ, विश्व युवक केंद्र ने प्रेम यूथ फाउंडेशन, बिहार के सहयोग से शनिवार को श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र में आपदा प्रबंधन पर एक राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यशाला में गैर-सरकारी संगठनों, नागरिक समाज संगठनों और सामुदायिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जोखिम आकलन, आपातकालीन तैयारी और आपदा प्रतिक्रिया रणनीतियों को मजबूत करने के लिए भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य नागरिक समाज संगठनों को संसाधनों को शीघ्रता से जुटाने, सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय बढ़ाने और आपात स्थितियों के दौरान प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए सशक्त बनाना था। विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप,कार्यशाला ने संस्थागत क्षमता निर्माण, सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने और नागरिक समाज और सरकारी संस्थानों के बीच मजबूत सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया ताकि सुरक्षित और अधिक सशक्त समुदाय बनाए जा सकें।



# राजकीय पॉलीटेक्निक औरंगाबाद मे प्रजापति ब्रहामाकुमारी ईश्वरीय विवि के सहयोग से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजकीय पॉलिटेक्निक, औरंगाबाद में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'मेंटल हेल्थ अवेयरनेस' विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रजापति ब्रहामाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एजुकेशन विंग के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका विषय था 'नई उम्मीद : एक बेहतर कल। संस्थान के प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी की वक्ता बी के बबीता एवं बी के श्रेया ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, सकारात्मक सोच, तनाव प्रबंधन तथा राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से जीवन में संतुलन बनाए रखने के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों ने इस सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि "आज के प्रतिस्पर्धात्मक और तेज गति वाले जीवन में मानसिक स्वास्थ्य का महत्व और भी बढ़ गया है। विद्यार्थियों के लिए केवल शैक्षणिक सफलता ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से स्वस्थ और संतुलित रहना भी उतना ही आवश्यक है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास विकसित करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. के. एम. नीशु (मेंटल हेल्थ कोऑर्डिनेटर) ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि "सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और ध्यान (मेडिटेशन) के अभ्यास से हम अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से कर सकते हैं। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुलकर बात करना और समय-समय पर मार्गदर्शन प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है कार्यक्रम 12 मार्च 2026 को दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संस्थान के मीडिया प्रभारी एम.डी. शाहिद अख्तर ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान भविष्य में भी छात्रों के मानसिक, नैतिक एवं सामाजिक विकास को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों, वक्ताओं एवं सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## टी.पी.एस. कॉलेज में एलुमनी मीट 2026 का भव्य आयोजन

**पूर्ववर्ती छात्र हमारे ब्रांड एंबेसडर : प्रो शांडिल्य**




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज में 14 मार्च 2026 को भव्य एलुमनी मीट 2026 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के अनेक पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए और अपने पुराने दिनों को याद करते हुए संस्थान के साथ भावनात्मक जुड़ाव व्यक्त किया। प्राचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि शिक्षकों को अपने पूर्ववर्ती छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व होता है। उन्होंने पूर्व छात्रों को कॉलेज का ब्रांड एंबेसडर बताते हुए उनसे संस्थान के विकास में सहयोग देने और अपने अनुभव वर्तमान छात्रों के साथ साझा करने का आग्रह किया। एलुमनी सेल के संयोजक डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि यह केवल पुनर्मिलन नहीं है, बल्कि अतीत और वर्तमान के बीच एक भावनात्मक संवाद है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विमल कुमार ने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि वे इस कॉलेज के छात्र रहे हैं। उन्होंने प्रतिभाशाली छात्रों के लिए एलुमनी स्कॉलरशिप और कैरियर गाइडेंस सेंटर स्थापित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में गया के एसडीएम अंकुर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कॉलेज में आयोजित एलुमनी मीट उनके लिए बेहद भावुक और यादगार क्षण है। वहीं वरिष्ठ हाईकोर्ट अधिवक्ता नरेंद्र कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन संस्थान और छात्रों के बीच संबंध को मजबूत बनाते हैं। इस अवसर पर प्रो. विजय कुमार सिन्हा, प्रो. कृष्णानंद प्रसाद, प्रो. हेमलता सिंह, डॉ शशि भूषण चौधरी, डॉ सानंदा सिन्हा,डॉ. विनय भूषण कुमार, डॉ. नूतन कुमारी, डॉ. ज्योत्स्ना कुमारी, डॉ उषा किरण, डॉ. उमेश कुमार, डॉ शशि शेखर सिंह, डॉ अश्विनी कुमार, कुमार अमिताभ, अंबरीश कुमार, अवनीत भूषण सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

### घरेलू गैस लेने को लेकर सुबह 4 बजे से लाइन में लगे

**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना जिले के बिहटा में भी घरेलू गैस को लेकर अब स्थिति बढ़ती जा रही है सुबह 4:00 बजे से ही ग्राहक गैस सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतार में लगाते दिख रहे हैं यह हाल बिहटा स्थित विमल कमल भारत गैस एजेंसी का बताया जा रहा है जहां सुबह 4:00 बजे से ही ग्राहक गैस लेने के लिए लंबी कतार में लगे दिखे सड़क के किनारे दोनों तरफ पर लंबी कतार लगी हुई है और ग्राहक अपने नंबर का इंतजार कररहे हैं। बिहटा के बांध ऑफिस के पास और महावीर नगर के ऑर्बिट सुपरमार्केट के पास दोनों तरफ लंबी लाइन लगी हुई 800मीटर तक लाइन लगीं हुई है। इधर ग्राहकों का सरकार के प्रति काफी आक्रोश है। ग्राहकों ने कहा कि सरकार कह रही है कि गैस की कोई किल्लत नहीं है पहले ऑनलाइन नंबर लगाने के 1 से 2 दिन के बाद गैस घर तक पहुंच जाती थी लेकिन अब गैस घर नहीं आ रही है हफ्ता नंबर लगाए हो चुके हैं अभी तक गैस नहीं पहुंची जिसके कारण अब घर में भी गैस खत्म हो चुकी थी।

## कर्ज लेकर खोली थी दुकान, शॉर्ट सर्किट से लगी चार दुकानों में आग

**28 लाख रुपए का नुकसान रोजी-रोटी से हुए महरूम**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कादिरगंज थाना से महज कुछ ही दूरी पर कादरीगंज बाजार स्थित यादव चौक के पास चार दुकानों में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से तकरीबन 28 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। दरअसल बताया जा रहा है कि शनिवार की तकरीबन सुबह 4:00 बजे अचानक हो हल्ला हुआ की दुकान में आग लगी है दौड़े दौड़े सभी लोग दुकान के पास पहुंचे जहां आग की लपटे इतनी तेज थी कि किसी तरह से बुझाते बुझाते दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया है, मौके पर सूचना पाकर पहुंची फायर ब्रिगेड के पुलिस जवानों ने समय रहते आग बुझाई, इस अगलगी में चार दुकानें जलकर राख हुई हैं, जिसमें जनरल स्टोर एवं फ्रूट शॉप के होलसेल दुकान थी, इसके अलावा अंडा का होलसेल दुकान,एक कोल्ड ड्रिंक के अलावा पान मसाला की गुमटी की दुकान थी, कुल चार दुकानों में तकरीबन 28 लाख की संपत्ति का नुकसान बताया जा रहा है, दुकान के मालिक नीतीश कुमार ने बताया कि अचानक सुबह में आगलगी की हो हल्ला हुआ जैसे ही दुकान के पास पहुंचे तो देखे की बिजली का तार गिरा हुआ है और आग की लफ्ट पुरे दुकान मे लगी है तुरंत पुलिस को और दमकल को सूचना दी गई और बिजली ग्रीड को सूचना देते हुए आग बुझाने में जुट गए हमारे दुकान से तकरीबन 15 लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

## प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में ग्रामीण युवाओं ने अपनी प्रतिभा का किया बेहतरीन प्रदर्शन



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत हो रहे प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य जमीनी स्तर पर छिपी खेल प्रतिभाओं को खोजना और उन्हें मंच प्रदान करना है।ऐसे में शनिवार को पुनपुन स्थित एस ०एम ०डी कॉलेज में मेरा युवा भारत प्रखंड क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो डॉ मधुरेंद्र, विशिष्ट अतिथि के रूप में पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी और एन.सी.सी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में कबड्डी,100 मीटर रनिंग बैडमिंटन एवं अन्य खेल कराया गया, 100 मीटर बॉयज में कुणाल कुमार,आशीष राज,राहुल कुमार, गर्ल्स 100 मी अंजलि,रानी कुमारी,प्रीति कुमारी, कबड्डी बॉयज में मसौढ़ी की टीम विजई रही पुरुष वर्ग कबड्डी वर्ग में पुनपुन की टीम विजय रही। बैडमिंटन महिला वर्ग एकल शिखा कुमारी विजय रही। सुरभि कुमारी उपविजेता रही,बैडमिंटन पुरुष एकल वर्ग मे कुणाल कुमार विजेता,सौरभ कुमार उपविजेता। कार्यक्रम का कोऑर्डिनेटर मुकुल कुमार शर्मा एवं वॉलिंटियर नेहा कुमारी थे, इस कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी पंकज कुमार शर्मा, कबड्डी कोच रवि रंजन एवं 100 एनसीसी कैडेट्स उपस्थित हुए यह कार्यक्रम एनसीसी इकाई के मार्गदर्शन से हुआ,इस अवसर पर थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने कहा की इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाना, सामुदायिक एकता को बढ़ावा देना और ग्रामीण युवाओं को जिला व राज्य स्तर पर एक अवसर देना होता है। वही प्रो.मधुरेंद्र ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएं अब हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। खेलकूद बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### जमीन का सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी अंतिम चरण में, कुछ इलाकों में 400% तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव...

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमीन की खरीद बिक्र को लेकर अधिक पारदर्शी बनाने और राजस्व नुकसान को रोकने के उद्देश्य से सर्किल रेट में बड़ी बढ़ोतरी की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने इस संबंध में कैबिनेट नोट तैयार करने की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है।मसौढी अवर निबंधन पदाधिकारी अमृता कुमारी ने बताया की अब शहरों में जमीन के सर्किल रेट को मौजूदा बाजार मूल्य के करीब लाने के लिए 80 प्रतिशत से लेकर 400 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बनाई गई है। प्रस्ताव के अनुसार जिन इलाकों में बाजार मूल्य और सर्किल रेट के बीच कम अंतर है, वहां लगभग 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का सुझाव दिया गया है। वहीं जिन क्षेत्रों में यह अंतर काफी अधिक है, वहां दरों को बाजार के करीब लाने के लिए 400 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार किया गया है।वर्तमान स्थिति यह है कि कई शहरों में जमीन के वास्तविक सौदे सरकारी सर्किल रेट से 300 से 500 प्रतिशत अधिक कीमत पर हो रहे हैं।

## पालीगंज राष्ट्रीय लोक अदालत में 122 मामलों का निपटारा, 33.17 लाख रुपये की वसूली




**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न बैंकों एवं विभागों से संबंधित लंबित मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया गया। लोक अदालत में कुल 122 मामलों का निष्पादन किया गया, जिनमें 1 करोड़ 93 लाख 89 हजार 497 रुपये की समझौता राशि तय की गई। इसमें से 33 लाख 17 हजार 10 रुपये की वसूली भी की गई। लोक अदालत में भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक, बीएसएनएल तथा अन्य विभागों के मामलों की सुनवाई की गई। भारतीय स्टेट बैंक के 16 मामलों का निपटारा करते हुए 53 लाख 62 हजार 695 रुपये की समझौता राशि तय हुई, जिसमें 1 लाख 72 हजार रुपये की वसूली की गई। वहीं पंजाब नेशनल बैंक के 38 मामलों में 4 लाख 73 हजार 801 रुपये की समझौता राशि तय की गई, जिसमें 3 लाख 64 हजार 301 रुपये प्राप्त हुए। इंडियन बैंक के 29 मामलों का निपटारा करते हुए 29 लाख 2 हजार 369 रुपये की समझौता राशि निर्धारित हुई, जिसमें 6 लाख 39 हजार 200 रुपये की वसूली की गई। इसी प्रकार दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के 32 मामलों में 16 लाख 45 हजार 593 रुपये की समझौता राशि तय की गई, जिसमें 5 लाख 86 हजार 470 रुपये प्राप्त हुए। बीएसएनएल पालीगंज के 7 मामलों में 5,039 रुपये की समझौता राशि तय हुई, जिसमें 5,039 रुपये की वसूली की गई। वहीं बिजली विभाग के 6 मामलों में किसी का निपटारा नहीं हो सका। इसके अलावा 11 आपराधिक मामलों में से एक मामले का निपटारा आवेदक एवं अभियुक्त की उपस्थिति में आपसी समझौते के आधार पर किया गया। इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारी पवन कुमार चौधरी, गैर-न्यायिक पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार उपाध्याय, कोर्ट कर्मी नीपू कुमारी, राजेश कुमार चौधरी, मो. रियाजउद्दीन खान, विनायक, शिवराज सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## मसौढ़ी सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 183 मामले का हुआ निपटारा, 9 लाख 21,840 बैंक सेटेलमेंट




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ना कोई वकील ना कोई अपील और ना ही कोर्ट फीस फैसला ऑन द स्पॉट,शनिवार को सिविल कोर्ट मसौढ़ी में राष्ट्रीय लोक अदालत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पांच बेंच का गठन किया गया, जिसमें प्रथम बेंच में एसीजीएम रूपा रानी, दुसरे बेंच पर नवीन कुमार मुंशीफ, तिसरे बेंच पर सत्य प्रकाश फर्स्ट क्लास जूनियर मजिस्ट्रेट, चौथे बेंच पर न्यायाधीश आशुतोष कुमार एवं पांचवें बेंच पर नवीन कुमार गौतम प्रथम सत्र न्यायाधीश,थे। सभी बैंच पर सभी तरह के कांपाऊडेबल क्रिमिनल केस, बैंक रिकवरी, बिजली, टेलीफोन बिल समेत सभी वादों का निपटारा किया गया। एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी कहा कि लोक अदालत आमजन के लिए त्वरित, सरल और कम खर्च में न्याय प्राप्त करने का एक प्रभावी मंच है, जहां आपसी सहमति और समझौते के आधार पर वर्षो से लंबित विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान संभव होता है। इस पूरे राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 183 मामलों का निपटारा किया गया। जिसमें कंपाउंडेबल केश की संख्या 1400 आई जहाँ 10 7 निटारा किया गया, वहीं बिजली मामलों की संख्या200 जिसमें 74 मामले निष्पादित किये गये, इसके अलावा 65 बैंक सेटेलमेंट किए गए। जिसमें सेंटलमेंट राशी 9,21,840 थी जिसमें 4,84,640 टेक अप किया गया,एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी ने बताया कि इस अदालत में लोगों को बिना किसी खर्च के और बिना लंबी कानूनी लड़ाई के त्वरित न्याय मिलता है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय वाद, मोटर वाहन दुर्घटना, भरण पोषण, वन विभाग, उत्पाद विभाग, वैवाहिक विवाद, बैंक वसूली मामले, बिजली-पानी के बिल संबंधी विवाद, पारिवारिक विवाद, श्रम और भूमि अधिग्रहण, दीवानी मुकदमे आदि जैसे मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाता है।लोक अदालत से कई लाभ है जहाँ कोई कोर्ट फीस नहीं होती है। विवादों का सरल और शीघ्र निपटारा।लोक अदालत के ऑर्डर की अपील नहीं होती और निर्णय अंतिम होता है। मौके पर पंकज कुमार समेत सभी बेंच पर कर्मचारी रहे।

### एनटीपीसी बाढ़ में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी बाढ़ में दिनांक 14 मार्च 2026 को 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह (4-10 मार्च 2026) के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों के उपलक्ष्य में समापन समारोह का आयोजन सौहार्द भवन, ओजस नगर टाउनशिप में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य कारखाना निरीक्षक, बिहार सरकार संजय कुमार पाल, रहे। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में विशेष रूप से कामगारों को सुरक्षा के प्रति व्यवहारिक रूप से प्रशिक्षित एवं जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं परियोजना प्रमुख (बाढ़) सी. सत्य रामा कृष्ण, ने कर्मचारियों से सुरक्षा के प्रति सतर्क एवं जिम्मेदार रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य कारखाना निरीक्षक द्वारा उपस्थित सभी को सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई। राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता, सेफ्टी पोस्टर/स्लोगन (चित्रकला) प्रतियोगिता, पीपीई पहनने की प्रतियोगिता तथा ऑन-द-स्पॉट सेफ्टी क्विज सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें कर्मचारियों, उनके बच्चों, सीआईएसएफ कर्मियों, एजेंसी प्रतिनिधियों तथा अन्य हितधारकों सहित कुल 95 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण हरे कृष्ण जेना, महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं एडीएम अजीत कुमार सिंह, महाप्रबंधक प्रचालन एवं ईंधन प्रबंधन अरुण कुमार सिंह, सहित अन्य अधिकारीगण तथा एसोसिएशन-यूनियन के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर निगम को सौंपा गया वातानुकूलित शव वाहन, अब 24 घंटे निःशुल्क उपलब्ध

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम में रोटरी क्लब द्वारा प्रदान किया गया अत्याधुनिक वातानुकूलित शव वाहन शनिवार को महापौर गरिमा देवी सिकारिया, नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा लोकार्पित किया गया। यह सुविधा नगर निगम क्षेत्र एवं आसपास के लोगों के लिए 365 दिन, 24 घंटे पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। शव वाहन बुक करने हेतु टोल-फ्री नंबर जारी किए गए हैं 155304 ,06254-240128, 7209947676 महापौर ने बताया कि गर्मी के मौसम में यह वातानुकूलित शव वाहन विशेष रूप से उपयोगी होगा तथा संत घाट मुक्तिधाम तक की सेवा भी निःशुल्क दी जाएगी। किसी भी समस्या पर जरूरतमंद सीधे महापौर से भी संपर्क कर सकते हैं।

### विभिन्न मामलों के 36 अभियुक्त गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विभिन्न थाने की पुलिस शुक्रवार को छापेमारी कर अलग-अलग मामले के 36 अभियुक्तों को गिरफ्तार की है। पुलिस इंस्पेक्टर विश्व मोहन चौधरी ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में 23 वारंटी समेत 36 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से चार की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतीय 18 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दी है। विगत 24 घंटा में पुलिस की कार्रवाई में 141 लीटर शराब व 42 गैस सिलिंडर जब्त किया गया है। पुलिस मवेशी तस्करों के चंगुल से चार गाय, चार बछड़ा व चार पाड़ा को मुक्त कराई है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों से एक लाख 73 हजार रुपये जुर्माना वसूल की है।

### सांसद सुनील कुमार ने जदयू नेता निशांत कुमार से की मुलाकात

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील कुमार ने जदयू के प्रमुख नेता निशांत कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। सांसद ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं तथा निवेदन किया कि अपनी प्रथम बिहार यात्रा की शुरूआत वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र से करें। श्री कुमार ने इस आग्रह को सहर्ष स्वीकार करते हुए पश्चिम चंपारण आने की सहमति जताई। सुनील कुमार ने कहा कि बिहारवासी निशांत में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बेदाग छवि का प्रतिबिंब देख रहे हैं। मुख्यमंत्री भी अपनी हर यात्रा की शुरूआत पश्चिम चंपारण से करते रहे हैं। उन्होंने निशांत कुमार को बिहार का भविष्य बताते हुए उनके नेतृत्व में पार्टी की मजबूती पर जोर दिया। निशांत जी के चंपारण आगमन से जदयू कार्यकताओं एवं युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा।

### सर्प डंसने से महिला बेहोश

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के एकडीपुर गांव में सांप के डंसने से एक महिला अचेत हो गई। परिजनों ने उसे तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा में भर्ती कराया, जहां उपचार के बाद उसकी स्थिति सामान्य हो गई। बताया जाता है कि एकडीपुर गांव निवासी शैलेंद्र महतो की 25 वर्षीय पत्नी अनीता देवी घर में काम कर रही थीं। इसी दौरान वह रसोईघर से बर्तन निकालकर चापाकल के पास रखने जा रही थीं। जैसे ही उन्होंने बर्तन उठाया, उसमें पहले से छिपे सांप ने उन्हें डंस लिया। इसके बाद वह अचेत होकर गिर पड़ीं। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा ले जाया गया। वहां चिकित्सक डॉ. विवेक कुमार ने उनका उपचार किया, जिसके बाद महिला को होश आ गया और उनकी स्थिति सामान्य बताई गई। इलाज के बाद परिजन उन्हें अपने साथ घर ले गए।

### लाठी से मारपीट कर महिला का सिर फोड़ा

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के गंजपर गांव में चापाकल के उपयोग को लेकर हुए विवाद में एक महिला के साथ मारपीट कर उसे घायल कर देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में घायल महिला ने एकमा थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामले में एकमा थाना की पुलिस जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया गया है कि गंजपर गांव निवासी इस्लामुद्दीन मियां की पत्नी साजरा खातून ने आवेदन में अपने पट्टीदार जमामुद्दीन मियां तथा उनके परिवार के सदस्यों पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि आरोपितों द्वारा गाली देने से मना करने पर उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। आवेदन के अनुसार मारपीट के दौरान लाठी से सिर पर वार किए जाने से उनका सिर फट गया और वह जमीन पर गिर पड़ीं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घटना के बाद घायल महिला का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा में कराया गया। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच साझा चापाकल के उपयोग को लेकर यह विवाद हुआ था।

### शराब की खेप के साथ बाइक जब्त

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के नौतन थाना क्षेत्र के गंडक दियारा के शिवराजपुर में छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब व वियर सहित दो बाइक को जब्त किया है। कारोबारी पुलिस को देख बाईक व शराब छोड़ फरार हो गये। नौतन थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की दो बाइक पर भारी मात्रा में शराब की खेप लेकर कारोबारी गंडक नदी पार कर शिवराजपुर होकर कहीं जाने के फिराक में है। पुलिस ने सुचना पर कार्रवाई करते हुए दियरा से धंधेबाजों का पिछा किया।जहां शिवराजपुर पुल के पास पहुंचते ही धंधेबाज पुलिस को देख शराब व बाइक छोड़ भागने में सफल रहे। बाइक पर रखे शराब की जांच के दौरान एटपीएम स्पेशल के1005 पिस मात्रा 180.900 लीटर ऑफिसर चॉइस के 227 पिस 40.860 लीटर रॉयल स्टैग के 17 पिस मात्रा 12.750 लीटर किंगफिशर बियर के 96 पिस मात्रा 48 लीटर पाया गया.जहां कुल विदेशी शराब की मात्रा 282.51लीटर बताया गया। वहीं दो बाइक को भी जब्त किया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### कुशीनगर यूपी ने चाईबासा झारखंड को एक गोल से हरा कर ट्रॉफी पर किया कब्जा

**चकिया (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी ऑल इंडिया फुटबॉल टूनामेंट के फाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में कुशीनगर उतरप्रदेश की टीम के जर्सी नंबर 7 बिपुल बोरो खेल के 90वें मिनट में निर्णायक गोल दागकर टूनार्मेंट का विजेता बना दिया। यूपी के विजेता टीम को टूनार्मेंट के मुख्य अतिथि विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव ने टूनार्मेंट ट्रॉफी प्रदान किया। वहीं झारखंड की चाईबासा टीम उप विजेता बनी उसे उपविजेता ट्रॉफी पर संतोष करना पड़ा। हालांकि दोनों टीमों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। दोनों टीमों ने अपने अच्छे खेल के प्रदर्शन से हजारों दर्शकों को बांधे रखा। दोनों टीमों के खिलाड़ियों को कई बार कॉर्नर एवं डायरेक्ट गोल करने का चांस मिला लेकिन वे गोल करने में कामयाब नहीं हो सके। खेल के अंतिम मिनट में यूपी के खिलाड़ी जर्सी नंबर 7 बिपुल बोरो ने निर्णायक गोल दागकर खेल को समाप्त करा दिया। मैन ऑफ



द मैच का खिताब यूपी के खिलाड़ी जर्सी नंबर 7 बिपुल बोरो को दिया गया। निर्णायक मंडल द्वारा घोषित पहला गोल दागने वाले खिलाड़ी को पांच हजार का नगद पुरस्कार भी उन्हें ही दिया गया। वहीं मैन ऑफ टूनार्मेंट का खिताब यूपी के खिलाड़ी मेया खान को दिया गया। बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार यूपी के गोलकीपर जयराम चौधरी को दिया गया। वहीं बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार यूपी के खिलाड़ी जर्सी नंबर 18 सीएसस थापा को दिया गया। इसके पूर्व टूनार्मेंट फाइनल मैच के मुख्य अतिथि विधायक सह टूनार्मेंट के संयोजक विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव ने सभी खिलाड़ियों से परिचय कर अच्छे खेल और खेल भावना से खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। रेफरी की भूमिका में विशाल कुमार, दिनेश कुमार गुप्ता,मनीष कुमार व संतोष कुमार पाण्डेय थे। जबकि स्कोरर की भूमिका में सुकेश कुमार व उद्घोषक की भूमिका में रोहित सिंह थे। मौके पर नगर परिषद सभापति पवन कुमार सर्राफ, उप सभापति सुभाष कुमार यादव, पूर्व मुख्य पार्षद हरजीत सिंह राजू, राजद प्रखंड अध्यक्ष माधव मधुकर, जयप्रकाश यादव, जगदीश यादव, प्रिंस, जेडीयू उपाध्यक्ष शशि भूषण कुमार, केसर सिंह उर्फ मुन्ना सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग व बड़ी संख्या में फुटबॉल खेल प्रेमी मौजूद थे।

# शहर के नागरिकों को सुरक्षित और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी : महापौर

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में बेहतर रोशनी और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम द्वारा पुराने वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य का शुभारम्भ धर्म समाज रोड स्थित मीना बाजार से किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर निगम की महापौर प्रीति कुमारी ने किया। इस अवसर पर महापौर प्रीति कुमारी ने कहा कि शहर के नागरिकों को सुरक्षित और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट की कमी के कारण लोगों को रात के समय आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने पुराने वार्डों में चरणबद्ध तरीके से नई स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य शुरू किया है, जिससे सड़कों पर पर्याप्त रोशनी रहे और नागरिकों को सुविधा मिल सके। महापौर ने यह भी कहा कि नगर निगम शहर के विकास को लेकर लगातार प्रयासरत है और आने वाले दिनों में शहर के अन्य वार्डों में भी स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन कार्य को तेजी से पूरा कराया जाएगा। इससे पूरे नगर निगम क्षेत्र में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित होगी और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि यह योजना जल्द से जल्द पूरी हो सके। इस मौके पर उप महापौर लालबाबू प्रसाद, निगम पार्षद प्रतिनिधि मो. कलाम सहित नगर निगम के कई पदाधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे शहर की सड़कों पर सुरक्षा और सुविधा दोनों में बढ़ोतरी होगी।

# नेपाल से लाकर घर में कर रहा था गांजा की तस्करी

## 860 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पलनवा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने रक्सौल प्रखंड के पलनवा थाना क्षेत्र के सोनाहा गांव में छापेमारी कर 860 ग्राम गांजा बरामद किया है। इस मामले में एक तस्कर को भी रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीपीओ मनीष आनंद और पलनवा थानाध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सोनाहा गांव निवासी बजरंगी कुमार के घर पर अचानक छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर से 860 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बजरंगी कुमार को हिरासत में ले लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे



न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पलनवा थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नेपाल से गांजा लाकर अपने घर में जमा करता था और वहीं से अवैध खरीद-बिक्री का कारोबार चला रहा था। पुलिस को इसकी गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

# खरमास प्रारंभ होने से 36 दिनों तक शादी-विवाह पर लगा विराम : पं. संजीव तिवारी

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विगत चार फरवरी से शुरू हुए वैवाहिक लग्नों का दौर रविवार को समाप्त हो रहा है। 14 मार्च से अगले 36 दिनों तक शादी-विवाह पर विराम लग गया है। 15 मार्च को भारतीय समयानुसार सुबह 3.36 बजे सूर्य कुम्भ राशि से मीन राशि मे प्रवेश कर जाएगा और इस प्रकार खरमास का आरंभ हो जाएगा। वही 20 मई से वैवाहिक लग्न आरंभ होगा। उक्त जानकारी प्रखंड क्षेत्र स्थित महंथ जयनारायनपुरी उच्चत्तर माध्मिक विद्यालय सिरौना के प्रधानाध्यापक व संस्कृत शिक्षक पंडित संजीव कुमार तिवारी ने दी। श्री तिवारी ने कहा कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य पुनः 14 अप्रैल की सुबह 11.55 बजे मीन से मेष राशि मे प्रवेश करेगा। इसके साथ ही सनातन धर्माबलम्बी मेष संक्रांति यानी कि सतुआ संक्रांति व वैशाखी का पर्व मनाएंगे। परंतु विवाह का शुभ मुहूर्त 20 अप्रैल से ही मिलेगा। खासकर अप्रैल माह में 20 व 21 अप्रैल को



विवाह का अत्यंत शुभ मुहूर्त है। अन्य तिथियों में कतिपय बाधा है। अतः अप्रैल माह की अन्य तिथियां विवाह के लिए श्रेष्यकर नहीं माना गया है। मई माह में 5, 6, 7 व 8 तारीख विवाह के लिए अत्यंत शुभ लग्न है। 17 मई से अधिमास होने के कारण पुनः एक माह के लिए मांगलिक कार्यो पर विराम लग जायेगा। अधिमास के बाद 19 जून से मांगलिक कार्य शुरू हो जाएगा। जून माह में वैवाहिक लग्न 19, 20, 21, 27, 28 व 29 तारीख को है। जुलाई माह में विवाह के लिए कुल चार दिन उत्तम है। 01, 06, 07 व 08 जून को विवाह का लग्न है। पुनः नवंबर माह में वर-वधू के चेहरे की आभा निखरेगी।

## मां और बेटी लापता, पिता ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कटहरी मुरली गांव से मां और बेटी का लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में लापता महिला के पिता थाना क्षेत्र के कटहरी मुरली गांव निवासी अमीन अंसारी ने थाना में आवेदन देकर बताया है कि अपनी लड़की की शादी 7 साल पहले रामनगर थाना के मेघवल मठिया निवासी साबिर अंसारी से धूमधाम से किया था। सब कुछ ठीक चल रहा था लड़की से एक 5 साल की बच्ची भी है। उनकी बेटी 3 महीना पहले अपने ससुराल से मैके आई थी और पिता के साथ रहती थी। दिनांक 09-03-26 को दोपहर बाजार जाने के लिए घर से निकली और अपने साथ बच्ची को भी ले गई तथा अपने पति से ₹2000 भी सामान लेने के लिए मांगी थी। लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुंची तो उसके बाद उसने सभी जगह पता किया। परंतु उनकी बेटी का कहीं पता नहीं चल सका। उसके पास जो मोबाइल है वह भी बंद बता रहा है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस अनुसंधान कर रही है।

# बिजली विभाग की छापेमारी मे 13 उपभोक्ता बिजली चोरी करते पकड़े गए, 264,703 लाख का जुर्माना

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीतना थाना क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न गांवों में बिजली विभाग ने छापेमारी कर बिजली चोरी पकड़ी है। गुरुवार को चलाए गए इस अभियान के दौरान 13 उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पाया गया, जिन पर कुल 264,703 लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना लगाया गया और जिस पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की गई।यह कार्रवाई बनकटवा विद्युत आपूर्ति शाखा के कनीय अभियंता धीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। टीम में जूनियर लाइनमैन प्रमोद तिवारी और बिजली विभाग के मानव बल सुनील कुमार, राम कारण शाह तथा केदार नाथ मिश्रा शामिल थे। टीम ने गांव के विभिन्न घरों की जांच की, जहां सर्विस तार के अलावा अलग से पीवीसी तार लगाकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था।जांच के दौरान पंकज कुमार पर मोहम्मद हकीम जावेद 25829 ₹, अबदुल रऊफ 9671₹, आश्मा



खातून 16406₹, जमील खातून 20395₹, संजय कुमार सहनी 10107₹, रामजन्म भगत 15427₹, बाबूलाल पासवान 30283₹, शकल पासवान 32034₹, वीरेंद्र सहनी 28362₹, फूलझड़ी देवी 13851₹, रणजीत पासवान 30546₹, मुनि देवी 799₹, वीरेंद्र पासवान 30993₹ का जुमार्ना लगाया गया।बिजली विभाग की टीम ने मौके से अवैध रूप से लगाए गए तारों को काटकर जब्त कर लिया। विभाग की ओर से सभी आरोपितों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया है।जीतना अपर थाना अध्यक्ष शिवजी पासवान ने बताया कि बिजली विभाग से आवेदन प्राप्त हो गया है। गुरुवार को संबंधित आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।विभागीय अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे बिजली चोरी से बचें और वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें। उन्होंने चेतावनी दी कि बिजली चोरी के खिलाफ आगे भी लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाएगा।

# नगर निगम कार्यालय में महापौर की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की बैठक सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम के क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकास एवं जनसुविधा से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर आगामी ईद एवं चैती छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए



शहर के ईदगाह, सभी मस्जिदों तथा चिन्हित छठ घाटों के आसपास विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही गली-मुहल्लों एवं मुख्य सड़कों की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि प्रथम चरण में नगर निगम के उत्क्रमित वार्डों में स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन कराया जा चुका है। पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में अब शेष पुराने वार्डों में भी स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए संबंधित एजेंसी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे - बंजरिया गुमटी रैक प्वाइंट रोड, गोल्डी प्रेस रोड, अमर छतौनी, पाण्डेय टोला रोड, बंजारिया पोखरा रोड तथा चांदमारी-चिलवनियां रोड आदि में जलजमाव की समस्या को देखते हुए पानी की समुचित निकासी हेतु मुख्य नाला एवं सड़क निर्माण से संबंधित योजनाओं का चयन किया गया है। विभागीय प्रक्रिया पूर्ण होते ही नाला निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों में जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस बैठक में नगर आयुक्त आशीष कुमार, उप महापौर लालबाबू प्रसाद सहित निगम पार्षद - सह- सशक्त स्थायी समिति सदस्य विभा देवी, रिंकू रानी, कल्पना रानी दास, राधना कुमारी, कान्ति कुंवर एवं निगम के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## चंपारण सत्याग्रह महोत्सव 25 से 27 मार्च तक होगा आयोजित, तैयारी शुरू

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के जसौली पट्टी में आगामी 25 से 27 मार्च तक चंपारण सत्याग्रह महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।महात्मा गांधी के चंपारण आगमन वीसीके बाद उनकी पहली यात्रा किसान नेता व स्वतंत्रता सेनानी बाबू लोमराज सिंह के गांव जसौली पट्टी के लिए हुई थी। इसी ऐतिहासिक स्मृति को जीवित रखने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले चंपारण सत्याग्रह महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सरकारी खर्च पे होने वाले वाले इस आयोजन को लेकर कोटवा में बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला सामान्य शाखा की प्रभारी पदाधिकारी निधि कुमारी ने किया।

# गैस की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त, एसडीएम ने गठित किया 'धावा दल'

## अवैध भंडारण पर होगी छापेमारी, पांच प्रखंडों की 21 एजेंसियों की होगी जांच

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत और कालाबाजारी की शिकायतों को देखते हुए प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। एसडीएम अभिजीत कुमार गोविंदा ने गैस एजेंसियों की मनमानी रोकने और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए धावा दल का गठन किया है। यह टीम न केवल गैस गोदामों और कार्यालयों की सघन जांच करेगी, बल्कि वितरण प्रणाली में पारदर्शिता भी लाएगी।एसडीएम ने बताया कि कालाबाजारी रोकने के लिए प्रखंडवार बीडीओ, एमओ, स्वच्छता पदाधिकारी और नगर कार्यपालक पदाधिकारियों को पुलिस बल के साथ प्रतिनियुक्त किया गया है। इसमें नरकटियागंज के 07 गैस एजेंसियां चिन्हित की गई है। इसी तरह लौरिया में चार, मैनाटांड़ में चार, गौनाहा में चार और सिकटा प्रखंड में दो गैस एजेंसियां चिन्हित की गई है।नरकटियागंज में बीडीओ सूरज कुमार सिंह को रमाकांत इंडेन और योगेश्वरी इंडेन एजेंसी। नगर परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी रवि कुमार सिंह को सम्राट एचपी गैस शिकारपुर,बीपीआरओ विवेक आर्या को पीतांबरा एचपी हरसरी और चिराग एचपी जयमंगलपुर,एमओ दीपक कुमार सुगौली इंडेन और भारत गैस एजेंसी केहुनिया का जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार अन्य ब्लॉकों में भी संबंधित बीडीओ और एमओ को धावा दल का हिस्सा बनाया गया है। एसडीएम अभिजीत कुमार गोविंदा ने उपभोक्ताओं से धैर्य की अपील की है। उन्होंने कहा कि गैस की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उपभोक्ता घबराएं नहीं और गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं।जल्द ही घर-घर गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। यदि कोई एजेंसी निर्धारित मूल्य से अधिक राशि मांगती है या कालाबाजारी करती है, तो तुरंत इसकी सूचना दें। अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एजेंसियां नियमों का पालन करें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नरकटियागंज बीडीओ ने संभाला सीओ का प्रभार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल कार्यालय में अधिकारी और राजस्व कर्मचारियों पिछले कई दिनों से हड़ताल पर चल रहे है। वही अब यह प्रशासनिक गतिरोध अब पूरी तरह समाप्त हो गया है। हड़ताल पर चले जाने के कारण आम जनता को हो रही परेशानियों को देखते हुए वरीय पदाधिकारियों ने कड़ा रुख अपनाया है। प्रशासन के निर्देश पर 'स्वत प्रभार' की प्रक्रिया के तहत कामकाज फिर से बहाल कर दिया गया है। शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह ने आधिकारिक रूप से अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया। उनके प्रभार लेते ही कार्यालय की ठप पड़ी कार्यो के निष्पादन में हलचल शुरू हो गई है। बीडीओ ने बताया कि वरीय अधिकारियों के आदेशानुसार यह वैकल्पिक व्यवस्था की गई है ताकि सरकारी कार्य बाधित न हो। वही जमीनी स्तर पर भी बड़ी तब्दीली की गई है। राजस्व कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए पंचायत सचिवों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रभार ग्रहण करने वाले मुख्य रूप से विक्रांत राज, अर्थेश कुमार, अयांक कुमार सिंह,अमरेश कुमार समेत सभी पंचायत सचिवों ने राजस्व कर्मचारियों का प्रभार लेकर क्षेत्र का कामकाज संभाल लिया है।

# जाली नोट के साथ दो युवक गिरफ्तार, 100 रुपये के 6 नकली नोट बरामद

**कोटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र से पुलिस ने जाली नोट के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कोटवा पुलिस ने कोटवा ओवरब्रिज के पास टी-मैक्स से छापेमारी कर एक संदिग्ध को हिरासत में लिया, जबकि दूसरे युवक को बंगारी के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के धनगढ़हां निवासी ओमप्रकाश पांडेय के पुत्र अभिनव कुमार तथा कोटवा थाना क्षेत्र के कोटवा गांव निवासी रूपनारायण तिवारी के पुत्र धीरज कुमार के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर दोनों के पास से 100 रुपये के कुल 6 जाली नोट बरामद किए , बरामदगी के आधार पर



पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।कोटवा थाना में मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपितों ने बताया कि 100-100 रुपये के नकली नोट कोटवा गाँव निवासी सोनल कुमार नामक व्यक्ति द्वारा मोतिहारी से छपवाकर लाए जाते थे । इसके बाद एक हजार रुपये असली देने पर तीन हजार रुपये के नकली नोट बाजार में चलाने के लिए दिए जाते थे ।पुलिस इस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# शराबबंदी को लेकर बीडीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

## शराबबंदी को सफल बनाने के लिए गांव-गांव चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में लागू शराबबंदी कानून को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एकमा प्रखंड प्रमुख कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों तथा जीविका समूह की महिलाओं के साथ ग्रामीण स्तर पर अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और सेवन पर रोक लगाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि शराबबंदी कानून को सफल बनाने में जनप्रतिनिधियों और स्वयं सहायता समूहों की अहम भूमिका है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और जीविका समूह की महिलाओं से गांव-गांव जाकर लोगों को शराबबंदी के फायदे बताने तथा इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर समाज के लोग जागरूक होंगे तो अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। साथ ही प्रतिनिधियों से यह भी कहा कि क्षेत्र में शराब से जुड़ी




किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। बैठक में उप प्रमुख शुभ नारायण यादव, मुखिया प्रतिनिधि भरत कुमार सिंह, मिथलेश प्रसाद, पवन कुमार, अरविंद कुमार सिंह, श्याम किशोर तिवारी, रंजीत यादव, मुखिया भूषण साह, जयराम साह, पूर्व मुखिया व व्यापार मंडल अध्यक्ष बच्चा सिंह, गणेश साह, मुन्ना प्रसाद, दीपक गिरि, सुरेंद्र नाथ पंडित सहित बड़ी संख्या में जीविका समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

CMYK

# 11 हजार वोल्ट के झूलते तारों की चपेट में आने से हाथी की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बारुन (औरंगाबाद)**। पलामू के जंगलों से भटककर रोहतास और औरंगाबाद जिले में पिछले कई दिनों से दहशत का सबब बना हाथी आखिरकार जिंदगी की जंग हार गया। शनिवार को बारुण प्रखंड के मेह पुल के पास 11,000 वोल्ट के हाई-टेंशन बिजली तार की चपेट में आने से हाथी की मौके पर ही मौत हो गई।



**जंगलों से भटका रास्ता:** ग्रामीण सूत्रों के अनुसार, यह हाथी पलामू के जंगलों से भटककर रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड में दाखिल हुआ था, जहां उसने कई घरों और फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया।

**इंद्रपुरी बराज में फंसा:** भटकते हुए हाथी इंद्रपुरी बराज के पश्चिमी जल संग्रहण क्षेत्र के गेट में जा फंसा था। काफी मशक्कत के बाद वह खुद वहां से निकला और पटना कनाल नहर के रास्ते बारुण के मेह पुल तक पहुंचा।

**बिजली विभाग की लापरवाही?** प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मेह पुल के पास 11,000 वोल्ट के तार जमीन से काफी नीचे झूल रहे थे। जैसे ही हाथी इन तारों के संपर्क में आया, उसे जोरदार करंट लगा और उसकी तत्काल मृत्यु हो गई।

**प्रशासनिक सतर्कता और अपील** घटना के दौरान वन विभाग की टीम और नरारी कला खुर्द पुलिस लगातार हाथी का पीछा कर रही थी। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से बार-बार अपील की जा रही थी कि वे हाथी के करीब न जाएं और सतर्क रहें। वर्तमान में पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर कैंप कर रही है ताकि स्थिति को नियंत्रित रखा जा सके।

## विदेशी शराब बरामद चालक-खलासी गिरफ्तार

**बिक्रम**। रानीतालाब थाना क्षेत्र के पतुत गांव स्थित गोवर्धन मंदिर के पास शनिवार सुबह पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक ट्रक से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की। ट्रक वाराणसी (उत्तर प्रदेश) से शराब की खेप लेकर बिहटा की ओर जा रहा था। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक रंजीत कुमार और खलासी रंजन कुमार (दोनों डोरीगंज, छपरा निवासी) को गिरफ्तार कर लिया। ट्रक से 131 कार्टन में 1160 लीटर अंग्रेजी शराब मिली है। पालीगंज-2 के एसडीपीओ पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि छापेमारी का नेतृत्व प्रशिक्षु डीएसपी विनय रंजन ने किया। गिरफ्तार दोनों से पूछताछ जारी है।

# धरना के 426वें दिन मगध मजदूर मोर्चा टीम ने किया नहर वितरणी का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। उत्तर कोयल नहर की मांग को लेकर धरना के 426 वें दिन मगध मजदूर मोर्चा के बैनर तले धरनार्थियों द्वारा टीम गठित कर नहर के अंगरा एवं कोटवारा वितरणी का निरीक्षण किया गया। संयोजक डॉ शिवनन्दन यादव, जयप्रकाश प्रजापति, अहमद रजा खां उर्फ लड्डू खां, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव,सीधी यादव,विकाश कुमार, भोला नाथ वर्मा सहित अन्य सदस्यों ने अंगरा एवं कोटवारा वैतरणी का निरीक्षण किया। मेन वैतरणी से मदनपुर प्रखंड के पिरवां वभनबीघा बांध तक एवं गया जिला गुरुआ प्रखंड के सोनवर्षा गांव के अंगरा भूरहा कैनाल तक निरीक्षण किया गया। टीम ने बताया कि उक्त जगहों पर नहर में काम अभी शुरू कार्य नहीं हुआ है। इसी सिलसिले में औरंगाबाद के मुख्य अभियंता से सोमवार को मिलकर उत्तर कोयल नहर कार्य में तेजी लाने के लिए कहा जायेगा। शिवनन्दन यादव ने बताया कि एक महीने पूर्व मुख्य अभियंता द्वारा कहा गया था कि कोटवारा, अंगरा,चेंई नवादा, बैतरनी ब्रांच का टेंडर हो गया है तथा मार्च तक इसमें काम लगाने की बात कही गयी थी। उक्त कार्य का निरीक्षण शनिवार को किया गया किंतु मार्च महीने में कार्य शुरू करने के आश्वाशन के बाद भी काम नहीं लगाया गया है। बता दें कि रफीगंज




प्रखंड परिसर में किसान मजदूर मोर्चा का 426 दिन से उत्तर कोयल नहर को चालू कराने के लिए धरना प्रदर्शन जारी है। धरना के अध्यक्ष लड्डू खां ने कहा कि झारखंड के कुटकु डैम में फाटक लगा और नहर के मुख्य कैनाल एवं सभी ब्रांच में कार्य पूर्ण कर मगध के किसान के खेतों में पानी नहीं आता है। तबतक यह अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। कार्य अभी भी काफी धीमी गति से चल रहा है। इसके लिए अधिकारियों से बराबर संपर्क किया जा रहा है। कार्य में तेजी लागे पर अधिकारियों को ध्यान आकृष्ट कराने हेतु। भारी संख्या में किसान जल्द ही इकठ्ठा होकर रफीगंज शहर में भारी रैली धरना स्थल से निकाली जायेगी। डॉ तुलसी यादव, विष्णु देव यादव सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# पचरुखिया बाजार में पुलिस चौकी खोलने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र की बढ़ती आबादी और कानून-व्यवस्था की आवश्यकता को देखते हुए हसपुरा क्षेत्र के दक्षिणी इलाके पचरुखिया बाजार में पुलिस चौकी खोलने की मांग तेज हो गई है। स्थानीय लोगों ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद से मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रखंड की लगभग आधी आबादी दक्षिणी इलाके में रहती है। पचरुखिया क्षेत्र में किसी प्रकार की घटना होने पर हसपुरा थाना से पुलिस के पहुंचने में काफी समय लग जाता है, जिससे अपराधी मौके से फरार हो जाते हैं। श्यामकिशोर सिंह, शत्रुध्न सिंह, डॉ. अजय कुमार, कमलेश कुमार, पूर्व मुखिया सोनम कुशवाहा, रालोमो प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, रविंद्र यादव और भोला राम सहित सैकड़ों लोगों ने पुलिस चौकी खोलने की मांग की है।

डॉ. देवलाल पासवान, दुधेश्वर सिंह और पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामजीत राम ने बताया कि हसपुरा थाना




दूर होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पचरुखिया क्षेत्र में प्रखंड के कुल 14 पंचायतों में से सात पंचायत दक्षिणी इलाके में आते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक घटनाओं पर त्वरित नियंत्रण के लिए यहां पुलिस चौकी की स्थापना बेहद आवश्यक है।

# पॉक्सो एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। पाक्सो एक्ट से जुड़े मामले में नामजद आरोपी को हसपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि उपहारा थाना क्षेत्र के बजलपुर गांव निवासी अली इमाम खान के पुत्र मुन्ना खान के खिलाफ कोर्ट से कुर्की वारंट जारी किया गया था। पुलिस दलबल के साथ कुर्की की कार्रवाई करने के लिए उपहारा थाना पुलिस के सहयोग से बजलपुर गांव पहुंची थी। इसी दौरान आरोपी को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि मुन्ना खान के खिलाफ वर्ष 2017 में पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। यह मामला कांड संख्या 85/17 तथा जीआर संख्या 18/17 के रूप में दर्ज है। पुलिस लंबे समय से आरोपी की तलाश कर रही थी, लेकिन वह फरार चल रहा था। आखिरकार शनिवार को उसे पकड़ने में सफलता मिली। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# शैक्षणिक परिभ्रमण पर राजगीर-नालंदा के लिए छात्र रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय अहियापुर के 36 छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक परिभ्रमण के तहत राजगीर और नालंदा के लिए रवाना किया गया। परिभ्रमण बस को ग्रामीण समाजसेवी सह रालोमो प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, शिक्षा समिति सदस्य श्रीकांत प्रसाद और प्रधानाध्यापक अंबुज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने छात्रों की यात्रा मंगलमय होने की कामना की। अतिथियों ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव भी प्राप्त होना चाहिए। शैक्षणिक परिभ्रमण से छात्रों के ज्ञान के साथ-साथ मानसिक और बौद्धिक विकास भी होता है। प्रधानाध्यापक ने बताया



कि इस परिभ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं राजगीर के विश्व शांति स्तूप, ब्रह्मकुंड, नेचर सफारी और अखाड़ा सहित अन्य ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का अवलोकन करेंगे। इसके अलावा वे प्राचीन भारत के गौरवशाली शिक्षा केंद्र नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहरों का भी भ्रमण करेंगे, जहां उन्हें प्राचीन शिक्षा प्रणाली और ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी दी जाएगी। छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों की टीम भी मौजूद रहेगी, जो विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों के महत्व के बारे में उन्हें जानकारी देती रहेगी। इस अवसर पर सहायक शिक्षक मनोज कुमार, अमित कुमार, अनामिका कुमारी, प्रियंका कुमारी, ग्रामीण शिवनारायण सिंह, रात्रि प्रहरी बैजनाथ सिंह और सुनील कुमार उपस्थित थे।

# सूखा बरगद का पेड़ गिरने से बिजली तार टूटा, घर को आंशिक नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के डुमरा पंचायत स्थित शिवभजन विगहा में गोरया बाबा मंदिर के समीप शनिवार की सुबह एक पुराना सूखा बरगद का पेड़ अचानक जड़ से उखड़कर बिजली की तार तोड़ते हुए एक घर पर गिर पड़ा। पेड़ गिरने की तेज आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो देखा कि खपरैलनुमा घर पर पेड़ गिरा हुआ है और बिजली की तार भी टूटकर नीचे गिर गई है। स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने तुरंत ट्रांसफार्मर के पास से बिजली लाइन काट दी।

ग्रामीणों ने बताया कि यदि बिजली लाइन काटने में थोड़ी भी देर होती तो बड़ा हादसा हो सकता था और कई लोग करंट की चपेट में आ सकते थे। पेड़ गिरने से मधु चन्द्रबंशी के घर को आंशिक क्षति पहुंची है। घटना के समय घर में मौजूद एक महिला खाना बना रही थी, जो हल्की रूप से चोटिल हो गई। हालांकि गली में उस समय कोई अन्य व्यक्ति नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बिजली तार टूटने के कारण कई घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीणों ने इसकी सूचना हसपुरा पावर सब-स्टेशन के कर्मियों को दे दी है। ग्रामीणों का कहना है कि गोरया बाबा की कृपा से किसी के जान-माल का बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

# अंबेडकर नगर जाने वाली सड़क बदहाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले में बने ग्रामीण सड़कों की स्थिति इन दिनों काफी बदहाल हो गई। कई ऐसे सड़क हैं जो गड्ढों में तब्दील हो गया है। सड़क पर वाहन तो दूर की बातें हैं, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। मदनपुर प्रखंड के बनिया पंचायत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित अंबेडकर नगर तक सड़क की स्थिति दयनीय हो गई है। सड़क पर उभरे पत्थर गिट्टी के टुकड़े एवं गढ़े में आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस सड़क से होकर आने जाने वाले राहगीर गिरकर घायल होते रहते हैं। यह ग्रामीण सड़क बनिया सहित सैलवां, कोइरी बिगहा, अंबेडकर नगर, वेलहर, चट्टी, बरडीह, महुआवां, भईया राम बिगहा, गोगाडी, थवई, जमुआईन समेत दर्जनों गांवों को जोड़ते हुए प्राणपुर खिरियावां पथ को जोड़ता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित परियोजना के तहत दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली निर्मित करीब दो किलोमीटर बना यह महत्वपूर्ण सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को विवश हैं। इसी पथ में बसावट का बहाना बनाकर विभाग द्वारा जीटी रोड़ मोती बिगहा पथ से एक किलोमीटर अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर उभरे गड्ढें से होकर आने जाने में गिरकर घायल होने की संभावना रहती है। डंडे लाठी के सहारे इस सड़क पर होकर आते जाते हैं। इस सड़क को बहुत जल्दी बनाने की जरुरत है। वहीं बारिश के समय तो और परेशानी होती है।

## रविन्द्र सिंह के सामाजिक योगदानों को हमेशा किया जाएगा याद : डॉ अनुज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। जिला के नारदीगंज क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं कोसला पंचायत के पूर्व मुखिया, रामे ग्राम निवासी रविंद्र सिंह के निधन के बाद लोगों में गहरा शोक व्याप्त है। उनके निधन पर मगध क्षेत्र के शिक्षाविद और समाजसेवी डॉ अनुज सिंह के सौजन्य से श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक शोक सभा का आयोजन नारदीगंज में किया गया। शोक सभा में बड़ी संख्या में आसपास के गणमान्य, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित हुए। सभा की अध्यक्षता पेश पंचायत के पूर्व मुखिया उपेंद्र सिंह जी ने एवं सभा का संचालन नारदीगंज प्रखंड पूर्व प्रमुख गौरी शंकर सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर की गई। उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं में डॉ अनुज सिंह ने उनके सामाजिक कार्यों, सरल स्वभाव और समाज के प्रति समर्पण को याद करते हुए कहा कि उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।दिवंगत समाजसेवी हमेशा गरीबों, जरूरतमंदों और समाज के कमजोर वर्गों की मदद के लिए आगे रहते थे। उनके द्वारा किए गए कार्यों को समाज हमेशा याद रखेगा।

# ओवरब्रिज के समीप जाम की समस्या बन गई लाइलाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। शहर में सड़क जाम की समस्या इन दिनों लाइलाज बन गई है। यहां लोग दिन भर जाम से जुझते रहते हैं। जाम की समस्या के निदान के लिए शहर में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की है बावजूद जाम की समस्या का निपटारा नहीं हो रहा है। वहीं जाम की समस्या इतनी गंभीर है कि नागरिक इस पथ से जाने से कतराने लगे हैं। यहां पूरे दिन शहरवासी जाम की समस्या से जूझते रहते हैं। शहर के ओवरब्रिज के समीप जाम की समस्या अत्यंत गंभीर रहती है। सड़क पर दुकान लगने एवं सड़क के किनारे दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के खड़े होने से समस्या गंभीर होती जा रही है। फुटपाथी दुकानदारों के कारण हर दिन जाम की समस्या उत्पन्न होती है। अधिकारियों के चेतावनी के बावजूद दुकानदार सड़क किनारे दुकान लगा रहे हैं। प्रशासनिक उदासीन रवैये के कारण सड़क किनारे अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। उन्हें प्रशासन का जरा सा भय नहीं है। बता दें कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा डिहरी की तरफ से आने वाली वाहनों को रोकने के लिए स्थायी बैरिकेडिंग का निर्माण कराया गया है ताकि बड़ी वाहनों के प्रवेश पर रोक लग सके। बड़ी वाहनें रतनुआ ओवरब्रिज से होकर गुजर होकर गुजर रही है, बावजूद वाहनें आती-जाती है। बराटपुर के प्रदीप सिंह, जीतेंद्र सिंह ने बताया कि यहां प्रतिदिन इसी तरह से जाम लगती है। यहीं हाल मुख्य बाजार का है। वहीं जामा मस्जिद से लेकर सब्जी बाजार तक जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसके प्रति न तो नगर परिषद और न हीं जिला प्रशासन गंभीर है। बता दें कि कुछ दिनों पूर्व नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा अभियान चलाकर शहर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। अधिकारियों के जाते ही सड़क पर अतिक्रमणकारी दोबारा से अतिक्रमण कर लेते हैं। अधिकारियों को इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

## शिविर लगाकर होगा पशुओं का इलाज

**अंबा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । शिविर का आयोजन कर पशुओं के बांझपन एवं अन्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि सभी प्रखंडों में शिविर की तिथि निर्धारित कर दी गई है। 14 मार्च को कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तेलहारा के प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय चिल्हकी, 16 मार्च को ग्राम पंचायत सूही के प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय कुटुंबा तथा ग्राम पंचायत डुमरी के प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय डुमरी में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं समाज सेवियों से अपील किया है कि शिविर की जानकारी देकर पशुओं के इलाज के लिए लोगों को प्रेरित करें।

Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : **Rashtriya Janata Dal**

*Name of the Election : **Council of States (Rajya Sabha)**

Name of State/UT : **Bihar**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SI No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
| 1. | **Bihar Legislative Assembly** | **Amarendra Dhari Singh** | Ld. Special Judge (PC Act) CBI-23 (MPs / MLAs Cases), Rouse Avenue Court Complex, New Delhi. ECIR No. DLZO-I/43/ 2021 dated 20.05.2021 | U/s- 3 & 4 of the prevention money laundering act 2002, Criminal conspiracy between 2007-2014 amongst the accused persons to cheat and defraud IFFCO, IPL, and the Government of India, by importing fertilizer at an inflated price thereby claiming higher subsidies causing loss to the government exchequer. This allegedly led to generation of Proceeds of Crime which were subsequently laundered in form of sham consultancy invoices. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 2. | **Bihar Legislative Assembly** | **Amarendra Dhari Singh** | Central Bureau of Investigation, CBI/E0-111/ E0U-VII, CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi, 110003. RC No. 221/2021/ E009 dated 17.05.2021 | U/s - 120-B IPC R/w 420 IPC & S. 13 (2) R/w S. 13 (1) (d) Prevention of Corruption Act, 1988. Criminal conspiracy between 2007-2014 amongst the accused persons to cheat and defraud IFFCO, IPL, and the Government of India, by importing fertilizer at an inflated price thereby claiming higher subsidies causing loss to the government exchequer. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

# प्रगति यात्रा से संबंधित स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन में लायें तेजी : सीएम

## समृद्धि यात्रा के दौरान जिले में चल रही विकास योजनाओं की सीएम ने की समीक्षा

सुमित कुमार सिंह / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में बेगूसराय के बियाडा प्रांगण में जिले से संबंधित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने प्रगति यात्रा से संबंधित योजनाओं, सात निश्चय-2 की योजनाओं तथा सात निश्चय-3 की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने जिले में किए जा रहे अन्य विकास कार्यों की भी जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति यात्रा से संबंधित जिन योजनाओं की स्वीकृति दी गई है उनका क्रियान्वयन तेजी से करें। सात निश्चय-2 के तहत जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि सात निश्चय-3 के तहत जो योजनाएं निर्धारित की गई हैं उस पर बेहतर ढंग से कार्य शुरू करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सबको मालूम है कि 20 नवंबर, 2025 को राज्य में नई सरकार के गठन के कुछ ही दिनों बाद हमलोगों ने राज्य को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने हेतु सात निश्चय-3 के कार्यक्रमों को लागू किया है। सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान का मुख्य मकसद राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को और भी आसान बनाना है। इसे लेकर हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि सभी लोगों का सम्मान हो एवं उनका जीवन यापन आसान हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ योजनाओं को क्रियानवित करें ताकि बिहार देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। राज्य में उद्योग लगाने और स्वरोजगार करने वालों को कई प्रकार की सुविधायें देकर सरकार उन्हें प्रोत्साहित कर रही है। बिहार में उद्योग लगाने के लिये उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जा रहा है, जिससे राज्य में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को काफी मदद मिलेगी। उद्योग लगाने के लिये सभी जिलों में सुविधायें दी जा रही हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि बिहार में उद्योगों को और ज्यादा बढ़ावा मिले, बिहार के युवा दक्ष एवं आत्मनिर्भर हों तथा उन्हें अधिक से अधिक रोजगार मिल सके एवं उनका भविष्य सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप नीति बनाई गई है ताकि युवा अपना रोजगार शुरू कर सकें। हमारे राज्य के युवा दक्ष और सक्षम हों इसके लिए हमलोग कार्य कर रहे हैं। समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री सुरेंद्र मेहता, गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव,प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त श्री प्रेम सिंह मीणा, बेगूसराय प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा, जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम की सुरक्षा व्यवस्था में नहीं हुई है चूक : जिला प्रशासन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आज बेगूसराय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम स्थल पर सांड के घुस जाने एवं सुरक्षा में चूक की खबर कुछ मीडिया माध्यमों द्वारा प्रसारित की जा रही है। इस संबंध में जिला प्रशासन स्पष्ट करना चाहता है कि यह खबर पूर्णतः निराधार, भ्रामक एवं तथ्यों से परे है। वास्तविक स्थिति यह है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर आगमन से काफी पहले एक सांड आसपास मौजूद भीड़ को देखकर उस दिशा में आ गया था और वहां से निकलने का प्रयास कर रहा था। मौके पर तैनात पुलिस बल एवं प्रशासनिक कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल स्थिति को नियंत्रित किया तथा सांड को कार्यक्रम स्थल से बाहर कर दिया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रित एवं व्यवस्थित रही। माननीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोई चूक नहीं हुई।

# सीएनजी-पीएनजी गैस उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शहर में गैस की किल्लत को लेकर परेशान उपभोक्ता के लिए थिंक गैस भारी मात्रा में उपलब्ध है। शनिवार को थिंक गैस ने बेगूसराय के उपभोक्ताओं को भरोसा दिलाया है कि शहर में सीएनजी और पीएनजी की सप्लाई सामान्य रूप से जारी है। कंपनी के अनुसार फिलहाल गैस की उपलब्धता पर किसी तरह का असर नहीं पड़ा है। घरों में खाना बनाने के लिए पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी पहले की तरह मिल रही है। वितरण व्यवस्था भी सुचारु रूप से चल रही है, इसलिए उपभोक्ताओं को किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। थिंक गैस के मुख्य विपणन एवं वाणिज्यिक अधिकारी विनुकुमार बालकृष्णन ने कहा, 'भारत सरकार द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों को लागू करना और प्राकृतिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश, 2026 जारी करना मध्य पूर्व में युद्ध जैसी स्थिति के कारण कुछ आपूर्तिकर्ताओं द्वारा फोर्स मेज्योर घोषित किए जाने तथा होर्मुज़ जलडमरूमध्य के माध्यम से एलएनजी शिपमेंट में आई बाधाओं के बीच प्राकृतिक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक सक्रिय कदम है। इससे घरेलू उपयोग और जरूरी सेवाओं के लिए गैस की उपलब्धता बनाए रखने में मदद मिल रही है। हमारी प्राथमिकता भी यही है कि उपभोक्ताओं तक गैस की सप्लाई बिना किसी रुकावट के जारी रहे। कंपनी ने बताया कि बेगूसराय के सभी सीएनजी स्टेशन और पीएनजी सेवाएँ सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। फिलहाल पीएनजी की कीमत 46 रुपए प्रति एससीएम और सीएनजी की कीमत 84 रुपए प्रति एससीएम है। उपभोक्ता बिना किसी चिंता के इन सेवाओं का उपयोग करते रह सकते हैं।

# क्विज प्रतियोगिता में बच्चों से पूछे गए सवाल

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय मेहदौली में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुष्ठ उन्मूलन जागरूकता अभियान संबंधित प्रश्न थे। प्रतियोगिता में एक सौ सत्रह बच्चों ने भाग लिया। जिसमें से सुहानी कुमारी ने प्रथम स्थान, स्वाति कुमारी ने द्वितीय, ऋतु रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त की। सफल प्रतिभागियों को क्रमशः 200 रूपए, 150 रूपए तथा 100 रूपए नगद राशि दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भगवानपुर के पीएमडब्लू सदानंद कुमार ने बच्चों को पुरस्कृत किया। मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह, शिक्षक अमर शंकर सिंह, श्वेता कुमारी, शानू नुपूर, गोपाल कुमार, अमित कुमार ठाकुर, अरविंद कुमार, ज्योति, विजय कुमार, स्मृति कुमारी, बेबी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, पूनम कुमारी आदि मौजूद थे।

# आधा दर्जन पर बिजली चोरी की प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सात सदस्यीय जांच दल ने शुक्रवार को विद्युत चोरी के खिलाफ सर्च ऑपरेशन किया। जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता आपूर्ति प्रशाखा वीरपुर पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि सीनियर पदाधिकारी के निर्देश पर विद्युत चोरी के खिलाफ सर्च ऑपरेशन वीरपुर थाना क्षेत्र के पूर्वी वार्ड संख्या 6 निवासी पोषण चौधरी के पत्नी रेखा देवी पर 8086 रुपए, रामरतन सिंह के पुत्र अरविंद सिंह पर 5380 रुपए, रामरतन पासवान के पुत्र अनिल कुमार पर 75344 रुपए, भोला यादव के पुत्र राम चंद्र यादव पर 11523 रुपए, पकड़ी वार्ड संख्या 3 निवासी बिनो पासवान के पुत्र श्याम सुंदर पासवान पर 5380 रुपए, वीरपुर पश्चिमी वार्ड संख्या 6 निवासी पप्पू दास के पत्नी सुनैना देवी पर सर्विस तार से जोड़कर बिजली चोरी के आरोप में 8086 रुपए समेत कुल 113799 रुपए की अनुमानित राशि वसूली के लिए मामला दर्ज कराया गया है। छापेमारी दल में विद्युत विभाग के कर्मचारी मोहित कुमार पांडेय, मानव बल रंजीत पंडित, शंकर पंडित, फुलटुन राम, चंदन कुमार, विवेक कुमार शामिल थे। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सरकारी विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा संचालित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के 24 प्राथमिक तथा 23 मध्य विद्यालयों में वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। प्रथम पाली में कक्षा तृतीय से कक्षा अष्टम तक कुल 12,212 परीक्षार्थी शामिल हुए। द्वितीय पाली अहिन्दी भाषा में एक भी परीक्षार्थी नहीं थे। उक्त जानकारी परीक्षा नियंत्रक रौशन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि कक्षा तृतीय में 1709 परीक्षार्थी, कक्षा चतुर्थ में 1911 परीक्षार्थी, कक्षा पंचम में 1905 परीक्षार्थी, कक्षा षष्टम में 2193 परीक्षार्थी, कक्षा सप्तम में 2384 परीक्षार्थी, कक्षा अष्टम में 2110 परीक्षार्थी ने इसमें भाग लिया। परीक्षा संचालित वीक्षक ने बताया कि विभाग द्वारा उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराई गई है, पर प्रश्नपत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है। प्रश्नपत्र ई शिक्षा कोष पोर्टल पर परीक्षा प्रारंभ होने के 45 मिनट पूर्व अपलोड किया जाता है। इन प्रश्नपत्र को ब्लैकबोर्ड पर लिखना पड़ता है। इससे वीक्षक के साथ साथ परीक्षार्थी को भी परेशानी होती है।प्रश्नपत्र को लिखने में एक ही बेंच पर तीन से चार परीक्षार्थी को एक साथ एक डेस्क पर बैठना पड़ता है। कई शिक्षक ट्रेनिंग में भी गए हुए हैं। इससे परीक्षा भवन में वीक्षक भी कम पड़ रहें हैं।

# शिक्षा के क्षेत्र में सहारनीय कार्य के लिए रेलवे की इरवो टीम सम्मानित

## रेलवे के डिवाइन रोज स्कूल में नव निहालों को मिल रही डिजिटल शिक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर रेल क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में अनोखे पहल कर महंगी एवं अत्याधुनिक व डिजिटल शिक्षा को सरल एवं आम बनाने को लेकर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष अनीता वर्णवाल कार्यो की प्रशंसा करते हुए उनके टीम को सम्मानित किया गया है। उत्सव भवन ईस्ट कॉलोनी जमालपुर में आयोजित सादा समारोह के दौरान इरवो अध्यक्ष अनीता वर्णवाल, सचिव शालिनी मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रीति प्रसाद, स्कूल इंचार्ज टीना कुमारी, डिवाइन रोज स्कूल की प्राचार्य नेहा भारद्वाज एवं पर्यावरण संरक्षक पिंकी पांडे का सम्मान करते हुए लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष शिवलाल रजक ने कहा कि आज की महिला किसी भी क्षेत्र में किसी से काम नहीं है। वह जो सपना देखते हैं वह पूरा करती है क्योंकि वह कोई भी काम को ईमानदारी पूर्वक निस्वार्थ भाव से करती है। रेल क्षेत्र में डिवाइन रोज स्कूल खोलकर आज के दौर में महंगे एवं उच्च शिक्षा को सरल बनाने का जो अनोखा पहल इरवो टीम ने किया है जमालपुर शहर के लिए गौरव की बात है। श्री रजक ने यह भी कहा कि आधुनिक एवं डिजिटल एवं स्मार्ट क्लास के साथ इस स्कूल के नवनिहाल बच्चे खेल-खेल के माध्यम से स्मार्ट बन सकेंगे। इधर लाइंस क्लब की ओर से मिले सम्मान के प्रति इरवो अध्यक्षा ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सम्मान निश्चित रूप से हम लोगों को गोर्बान्वित करने जैसा है इसलिए आगे भी सामाजिक स्तर पर इस तरह के कार्य को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने विशेष तौर पर स्कूल की प्राचार्य को बधाई दी है। मौके पर मेंस कांग्रेस के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार निवेदिता, प्रीति राजपूत, प्रीति कुमारी, करिश्मा प्रकाश, सुमन कुमारी, विमल झा, पूनम कुमारी, विनीता कुमारी, शीला कुमारी, वेलफ़ेयर इंस्पेक्टर सुमन कुमार, ओम कुमार, दीपू सहित कई मौजूद थे।

# महिलाओं को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेलवे के महिला कल्याण संगठन (इरवो) की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एनआई जमालपुर में इरवो अध्यक्षा अनीता वर्णवाल के नेतृत्व में मनाई गई। समारोह में 12 महिला रेल कर्मियों के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करते हुए इरवो अध्यक्षा ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिला आगे बढ़ रही है। कारखाना हर तरीके के को पूरा करने में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर रही है। ऐसी महिला के प्रतिभा को जहां कारखाना प्रशासन भी सम्मान भरी नजरों से देखते हैं तो रेलवे महिला कल्याण संगठन भी वैसे महिला रेल कर्मी को सम्मानित कर महिलाओं का आत्म सम्मान को बढ़ाने का काम करती आ रही है। इसी कड़ी में महिला रेल कर्मी खुशबू कुमारी, स्वाति कुमारी हेंब्रम, प्रिया कुमारी, रमणिका राज, रेणु देवी, कर्मी देवी, गौरी देवी, स्वीटी कुमारी, सुभद्रा कुमारी, श्वेता कुमारी, रेनू सिंह, प्रियंका कुमारी का सामान संयुक्त रूप से इरवो अध्यक्षा अनीता वर्णवाल, सचिव शालिनी मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रीति प्रसाद साहित कई सदस्यों ने मिलकर किया। मौके पर टीना कुमारी, निवेदिता, प्रीति राजपूत, प्रीति कुमारी, करिश्मा प्रकाश, सुमन कुमारी, विमल झा, पूनम कुमारी, विनीता कुमारी, शीला कुमारी, प्राचार्य नेहा भारद्वाज, वेलफ़ेयर इंस्पेक्टर सुमन कुमार, ओम कुमार, दीपू, लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष शिवलाल रजक, मेंस कांग्रेस के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, पर्यावरण संरक्षक नेत्री पिंकी पांडे सहित कई मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**मुंगेर।** आईसीडीएस की मासिक समीक्षा बैठक शुक्रवार को समाहरणालय संवाद कक्ष में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में शत प्रतिशत मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के निदेश दिए। बैठक में डीपीओ आईसीडीएस, सभी सीडीपीओ सहित अन्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर टेक होम राशन के शत प्रतिशत वितरण, कन्या उत्थान योजना के सभी लाभूकों को शत प्रतिशत लाभ उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि उक्त योजना के जितने भी लाभार्थि आंगनबाड़ी केंद्रों में निबंधित हैं उन्हें ससमय राशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ हर हाल में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में जितने भी आंगनबाड़ी केंद्र है, उसे अपने भवन में शिफ्ट करने के लिए भूमि का चयन करें तथा जहां भवन निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है उसे मिशन मोड में प्रारंभ कर दें तथा शीघ्रताशीघ्र भवन निर्माण पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में शत प्रतिशत मुलभूत सुविधाओं की व्यवस्था कराएं। उन्होंने डीपीओ से कहा कि जिन केंद्रों में अब भी पेयजल, शौचालय, विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था नहीं हुई है, वहां जाकर निरीक्षण करें और शीघ्र सारी व्यवस्था कराएं। उन्होंने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से कहा कि सभी केंद्रों को चिन्हित करें तथा एक माह के अंदर शेष बचें सभी केंद्रों पर शत प्रतिशत विद्युतीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके अलावे पेयजल की व्यवस्था के लिए पीएचईडी विभाग के अभियंता को उपलब्ध सूची के आधार पर आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निदेश दिए। उन्होंने डीपीओ को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने का निदेश दिया। वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा में सेंटर के भवन निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं तथा जो भी पद रिक्त है उस पर नियुक्ति की प्रक्रिया भी पूर्ण करें। वन स्टॉप सेंटर के कार्यकलापों को जन जन तक पहुचाने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निदेश दिया गया।

# मारवाड़ी धर्मशाला के प्रांगण में नरसिंह भगवान मंदिर का भूमि पूजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जमालपुर (मुंगेर)।** मारवाड़ी धर्मशाला जमालपुर के प्रांगण में नरसिंह भगवान मंदिर का भूमि पूजन भव्य रूप से मारवाड़ी धर्मशाला प्रबंध कार्यकारिणी समिति की ओर से किया गया। भूमि पूजन के दौरान पूजा पाठ प्रसाद वितरण जैसे कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। मौके पर प्रकाश संघई, महेश संघई के द्वारा भूमि पूजन करवाया गया। जिसमें पुरोहित बिट्टू बाबा ने विधि विधान ओर वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना करके मंदिर के निर्माण को आगे बढ़ाया। कमिटी के अध्यक्ष गिरधर संघई मंत्री सुजीत संघई,जयशंकर शर्मा ने बताया कि यह मंदिर गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ, लक्ष्मी नारायण, श्री नरसिंह देव धाम मंदिर को बनाने में लगभग 2 वर्षों में पूर्ण होगी और यह मंदिर मुंगेर जिला में आकर्षण का केंद्र होगा। संदीप अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, प्रकाश पंसारी, राजकुमार शर्मा, प्रदीप छापड़िया ने बताया कि आज इस पावन भूमि पर मंदिर निर्माण हो रहा है जिसमें हजारों भक्त भंडारे स्वरूप प्रशाद ग्रहण किए। इस मौके पर गोरी शंकर शर्मा, संजय अग्रवाल, शेखर खेतान, पप्पू शर्मा, अशोक शर्मा, आलोक गर्ग, माधव मस्कारा, शेखर जलान और समाज के सभी लोग उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय धर्म महासम्मेलन बाबा नगर जमालपुर में शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** बाबा नाम केवलम आनंद मार्ग प्रचारक संघ धर्म महासम्मेलन बाबा नगर जमालपुर में शुरू हुआ। तीन दिवसीय मा धर्म सम्मेलन के पहले दिन पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत अपने अपने प्रवचन से पहले पंडाल में बैठे आचार्य अवधूत एवं देश-विदेश से आए मार्गीयों का स्वागत अभिनंदन किया। वही प्रवचन के विषय नाम कीर्तन की महिमा पर प्रकाश डालते हुए पुरोधा प्रमुख ने रामचरित्र मानस के कथा का उदाहरण प्रस्तुत कर पवन पुत्र हनुमान के गुना का बखान किए। उन्होंने कहा कि परमपिता बाबा इस पृथ्वी पर मानव कल्याण एवं उनके सुरक्षा के लिए अवतरित हुए थे। उन्हीं के जलाए हुए दीप के रोशनी से दुनिया को जगमगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नाम में निहित शक्ति केंद्रित और सुप्त अवस्था में रहती है। जब नाम का उच्चारण होता है, तब वह शक्ति सक्रिय होकर प्रभाव उत्पन्न करती है। इसी सिद्धांत को समझाने के लिए उन्होंने (ओं) के प्रतीक का उदाहरण देते हुए कहा कि उसमें स्थित बिंदु संभावित शक्ति का प्रतीक है और अर्धचंद्र उस शक्ति की अभिव्यक्ति का प्रतीक है। इष्ट मंत्र का महत्व आचार्य जी ने कहा कि मनुष्य परम पुरुष को अनेक नामों से पुकार सकता है, परंतु किसी साधक के लिए उसका इष्ट मंत्र ही परम पुरुष का सबसे प्रभावशाली नाम होता है। मौके पर आचार्य रमेंद्रानंद अवधूत, आचार्य अवनिंद्रानंद अवधूत, आचार्य मधुव्रतानन्द अवधूत, आचार्य अभिरामानन्द अवधूत, आचार्य शुभनिर्यासानन्द अवधूत, आचार्य कल्याणमित्रानंद अवधूत, आचार्य मेघदीपानंद अवधूत, आचार्य पुष्पेंद्रानंद अवधूत, आचार्य अवनिन्द्रानंद अवधूत, आचार्य रुद्रप्रकाशनंद अवधूत, आचार्य रत्नमुक्तानंद अवधूत, आचार्य सदवीरानंद अवधूत, आचार्य प्रियतोषानंद अवधूत, भुक्ति प्रधान रंजीत, बादल सहित हजारों अनुवाई मौजूद थे।

## युवक की संदिग्ध मौत के मामले में जांच कर रही फॉरेंसिक टीम

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आदर्श थाना क्षेत्र के बड़ी दरियापुर गांधी पुस्तकालय समीप एक गली में 45 वर्षीय रंजीत कुमार नामक युवक का शव पुलिस को मिला। मिले सब की पहचान बड़ी दरियापुर निवासी सिंघेश्वर तांती का पुत्र रंजीत कुमार के रूप में हुआ है। बड़ी दरियापुर के गली में मिले युवक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। वहीं युवक की मौत के बारे में पिता सिंघेश्वर तांती, पत्नी निर्मला देवी एवं भाई दीपक कुमार ने बताया कि रंजीत मुंगेर जमालपुर रोड स्थित डेलकोन होम कंपनी मैं काम करता था जिसकी हत्या हुई है। इसकी जांच होनी चाहिए। इधर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि बीते रात्रि सूचना मिली थी कि बड़ी दरियापुर स्थित एक गली में युवक का शव मिला है। स्वजनों के अनुसार जो भी आवेदन प्राप्त होता है उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। बरहाल इस मामले को फॉरेंसिक टीम के द्वारा भी जांच करवायी जा रही है।

## अवैध पेट्रोलियम भंडारण का भंडाफोड़

**शिवाजीनगर।** बगधरुआ गांव में चोरी-छिपे पेट्रोलियम पदार्थ का अवैध भंडारण कर कालाबाजारी किए जाने के मामले का खुलासा हुआ है। इस मामले में शिवाजीनगर के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) रंजन कुमार के आवेदन पर शिवाजीनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोसड़ा एसडीओ के निर्देश पर प्रभारी एमओ रंजन कुमार शिवाजीनगर थानाध्यक्ष व पुलिस बल के साथ बगधरुआ गांव स्थित शांति देवी के घर पहुंचे। जांच के दौरान घर के आगे बिना नंबर प्लेट का महिंद्रा पिकअप का मॉडिफाइड टैंकर खड़ा पाया गया, जिसमें पेट्रोलियम पदार्थ भरा हुआ था। मौके पर मौजूद माप-तौल निरीक्षक सुधीर कुमार ने टैंकर की माप कर उसमें करीब 1100 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ होने की पुष्टि की। वहीं दुकान के कमरे की तलाशी लेने पर 200 लीटर क्षमता वाले टीन के ड्रम में करीब 15 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ बरामद किया गया। इसके अलावा दुकान से 10 खाली टीन के ड्रम, 9 प्लास्टिक के ड्रम तथा 56 खाली प्लास्टिक गेलन समेत अन्य सामान भी जब्त किए गए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 2925 मामलों का निपटारा

## कुल 17 पीठ का किया गया था गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा (भोजपुर)।** व्यवहार न्यायालय, आरा परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर आरा के तत्वाधान में वर्ष का प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन व्यवहार न्यायालय आरा के परिसर में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति हरीश कुमार पटना उच्च न्यायालय सह निरीक्षी न्यायाधीश, भोजपुर न्यायमंडल के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। निरीक्षी न्यायाधीश द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि न्याय तक लोगों की पहुंच भारतीय संविधान का मूलभूत बिंदु है एवं इसमें लोक अदालत की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुरुषोत्तम मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब, न्यायालय आशुतोष कुमार, जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव मनमोहन ओझा, अभियोजन पदाधिकारी, मणिक कुमार सिंह, जिला शासकीय अधिवक्ता रामधनी भारती, लोक अभियोजक राणा प्रताप सिंह, जिला अग्रणी प्रबंधक नीरज कुमार, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के वरीय पदाधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक के पदाधिकारी, सभी न्यायिक पदाधिकारीगण के साथ अधिवक्तागण एवं पक्षकारगण उपस्थित थे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 17 पीठ का गठन किया गया था। कुल निष्पादन 2925 हुआ है जिसमें बैंक निष्पादन मामले की संख्या 416 इस राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया एवं न्यायालय में लंबित कुल सुलहनीय वाद के निष्पादन की संख्या 1047 है एवं बीएसएनएल के तीन मामले निष्पादित हुए साथ ही कुल मो0 - 65063200 रुपए समझौता की राशि रही। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार द्वारा यह भी बताया गया कि विगत 3 माह से सभी कार्यालय कर्मी एवं पारा विधिक स्वयंसेवकों द्वारा कार्य किया जा रहा था।

# भागलपुर में समृद्धि यात्रा को लेकर किया गया स्थल निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भागलपुर।** जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित समृद्धि यात्रा की तैयारी जोर-शोर से प्रारंभ कर दी गई है और संबंधित विभाग के अधिकारी मुस्तैदी से काम में जुट गए हैं। इस सिलसिले में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ शनिवार को जगदीशपुर प्रखंड के बैजानी गांव में चिह्नित जन संवाद स्थल पर बनाए जा रहे पंडाल, स्टॉल एवं मंच के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान संवेदक ने बताया कि रात तक पंडाल तैयार हो जाएगा। पंडाल निर्माण के संबंध में संवेदक को कई आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जन संवाद में काफी भीड़ के आने की संभावना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था, पेय जल, शौचालय, बैरिकेडिंग, पार्किंग स्थल, हेलीपैड निर्माण की स्थिति पर समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद बैजनी में प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय एवं प्लस टू उच्च विद्यालय की साफ सफाई एवं रंग रोगन का भी अवलोकन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बैजनी गांव में मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना अंतर्गत विवाह मंडप निर्माण का शिलान्यास करेंगे। वहीं विशाल तालाब का भी अवलोकन करेगें। मौके पर उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, नगर आयुक्त किसलय कुशवाहा, सहायक समाहर्ता जतिन कुमार सहित सभी विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 171 लीटर विदेशी शराब जब्त, तस्कर फरार

**चांदन (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आनंदपुर थाना पुलिस ने बीते रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चैंकिग अभियान चलाकर 171 लीटर विदेशी शराब जब्त कर लिया। जबकि शराब तस्कर शराब लदा कार को सड़क किनारे छोड़कर अंधेरा व घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात कटोरिया भैरोगंज मुख्य सड़क मार्ग के वन विभाग कार्यालय व प्लस टू प्रोजेक्ट कन्या हाई स्कूल भैरोगंज के बीच पुलिस ने सिमुलतला की ओर से आ रही एक कार को जांच के लिए रूकने का इशारा करने पर सामने पुलिस को देखकर शराब तस्कर ने गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास किया जिसे आनंदपुर थाना पुलिस ने खदेड़कर पकड़ने की प्रयास में पुलिस से घिरते देखकर चालक सह् शराब तस्कर ने शराब लदे कार को सड़क किनारे छोड़कर अंधेरे की फायदा उठाकर घने जंगल में फरार होने में कामयाब रहा। तलाशी के दौरान 19 कार्टून में कुल 171 लीटर विदेशी शराब जब्त कर लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में विभिन्न कंपनी के 171 लीटर विदेशी शराब जब्त कर मद्य उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत मामले को दर्ज कर रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर जब्त कार मालिक का पता लगाया जा रहा है। छापेमारी अभियान में पुअनि रवि शंकर कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# पीएचडी प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में आयोजित पीएचडी प्रवेश के लिए प्री-एंट्रेंस टेस्ट (पालतू) परीक्षा रविवार को कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रही तथा सभी अभ्यर्थियों की सघन जांच के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। विश्वविद्यालय के अधिकारियों के अनुसार परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, दंडाधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो सके। साथ ही नकल रोकने के लिए विशेष निगरानी दल भी सक्रिय रहा। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण बना रहा और कहीं से भी किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि परीक्षा समय पर शुरू हुई और निर्धारित समय पर ही समाप्त कराई गई। विश्वविद्यालय के कुलपति और परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त किया तथा इसमें सहयोग करने वाले सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

# नगर निगम में 2026-27 का बजट किया गया प्रस्तुत, शहर के विकास को मिलेगी रफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**आरा (भोजपुर)।** आरा। नगर निगम में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शनिवार को बजट महापौर इंदु देवी द्वारा बैठक में पेश किया गया। बैठक की अध्यक्षता महापौर इंदु देवी ने की। इस अवसर पर उप महापौर पूनम देवी, नगर आयुक्त अंजू कुमारी तथा अपर नगर आयुक्त जमाल अख्तर अंसारी सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद, पार्षद प्रतिनिधि और नगर निगम के कर्मचारी मौजूद रहें। इस दौरान बजट को लेकर निगम प्रशासन और पार्षदों के बीच विस्तार से चर्चा हुई। प्रस्तुत बजट में शहर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था, सड़क निर्माण, जलापूर्ति, नाला निर्माण और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। नगर निगम सूत्रों के अनुसार विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को गति देने के लिए भी बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान को और सशक्त बनाने, कचरा प्रबंधन प्रणाली को बेहतर करने तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए भी पर्याप्त राशि निर्धारित की गई है। बैठक का संचालन महापौर इन्दु देवी के द्वारा किया गया। नगर निगम के वितीय वर्ष-2026-27 का कुल अनुमानित आय 753 करोड 79 लाख 50 हजार 720 रुपये है। कुल अनुमानित 753 करोड़ 70 लाख 60 हजार रूपये का उपबंध किया गया है। इस प्रकार 8 लाख 99 हजार 720 रूपये लाभ का बजट है। जिसमें मुख्यमंत्री के नगर निकाय से संबंधित महत्वकांक्षी योजनाओं को भी इस बजट में ध्यान रखा गया है। केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार से करीब 625 करोड़ 5 लाख रूपये प्राप्ति का अनुमान है। आगामी चालू वित्तीय वर्ष के लिए सम्पति कर की वसूली का लक्ष्य 10 करोड़ रूपया रखा गया है। वही विभिन्न योजनाओं पर कुल अनुमानित खर्च 482 करोड़ 10 लाख का व्यय किये जाने का अनुमान है। जिसने मुख्यतः नये भूमि क्रय हेतु 10 करोड़, मार्केट कॉम्पलेक्स 5 करोड़, अशोक भवन हेतु 1 करोड़ 70 लाख का उपबंध किया गया है। साथ ही रैन बसेरा 1 करोड़, शवदाह गृह एवं कबिसरान के निर्माण हेतु 1 करोड़, शहरी गरीबों के लिए बहुमंजिला आवासन हेतु 5 करोड़, वैडिंग जोन हेतु 2 करोड़, पुस्तकालय हेतु 50 लाख रोड़ एवं नाला निर्माण हेतु 300 करोड़, जलापूर्ति प्रणाली एवं जल जीवन हरियाली हेतु 7 करोड़, पब्लिक लाईट हेतु 20 करोड़, सकाई उपकरण एवं वाहन क्रय हेतु 20 करोड़, डस्टबीन क्रय हेतु 8 करोड नगरपालिका क्षेत्र में समुचित एवं सुविधाजनक स्थलों पर सार्वजनिक उपयोग हेतु शौचालय एवं मूत्रालय का उपबंध एवं महापौर इन्दु देवी एवं नगर आयुक्त अंजू कुमारी के सुझाव पर इस बजट में महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को शिक्षा, स्वावलंबन और सम्मान के साथ आगे बढ़ाने का उपबंध किया गया है, जिसके लिए नगर निगम आरा द्वारा ट्रेनिंग सेंटर, तकनीकी शिक्षा, पिक टॉयलेट्स एवं हेल्थ केयर काउंसलिंग सेंटर की स्थापना की जायेगी। शहरी गरीबो के लिए आधारभूत सेवाओं पर उपलब्ध पाति का 26.67 प्रतिशत अर्थात 201 करोड़ 6 लाख रूपये लगभग खर्च करने का उपबंध किया गया है। बैठक में आरा नगर निगम की महापौर इंदु देवी, उप महापौर और पूनम देवी, नगर आयुक्त ,अंजू कुमारी अपर नगर आयुक्त जमाल अख्तर अंसारी सभी सम्मानित पार्षद गण पार्षद प्रतिनिधि और नगर निगम में बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित रहें।

## पृष्ठ 1 का शेष

### देशभर में रेलवे...

कहा कि ये सभी परियोजनाएं पूर्वी भारत की लॉजिस्टिक्स प्रणाली को और मजबूत करेंगी। अपने समापन संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सड़कों, रेलवे और बंदरगाहों से जुड़ी नई परियोजनाएं पश्चिम बंगाल के लिए एक आधुनिक भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं का लाभ किसानों, व्यापारियों, उद्यमियों, छात्रों और समाज के हर वर्ग तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय उद्योगों तथा सेवाओं को नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने बंगाल की ऐतिहासिक भूमिका को याद करते हुए विश्वास जताया कि मजबूत कनेक्टिविटी और आधुनिक अवसंरचना एक विकसित बंगाल की नींव बनेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि बंगाल जिसने हमेशा भारत को दिशा दिखाई है, वह एक बार फिर 'विकसित बंगाल' बनकर उसी गौरव को प्राप्त करे-यही हमारा संकल्प है।

### विकास से जुड़ी योजनाओं को...

चाभी, सतत् जीविकोपार्जन योजना के लाभार्थियों को ई-रिक्शा की चाभी, 405 जीविकोपार्जन योजना के लाभार्थियों हेतु जीविकोपार्जन निवेश निधि के तहत 2 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक, किसान क्रेडिट कार्ड ऋण का सांकेतिक चेक आदि लाभुकों को प्रदान किया। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि आपके द्वारा हम महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। इसके लिए हम सभी आपके आभारी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी जीविका दीदियों को बधाई है। आप सभी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। आगे भी पूरे बुलंदी के साथ काम करते रहिए, राज्य सरकार हरसंभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन कर उनके क्रियान्वयन की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। इन योजनाओं में बेगूसराय अंतर्गत तेघड़ा-मुबारकपुर पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, बखरी-बहादुरपुर (खगड़िया बार्डर) बाईपास पथ का निर्माण, बीटीपीएस चकिया (एनएच-31) से लखमिनियां बलिया भाया गुप्ता लखमिनियां बांध तक बेगूसराय बाईपास पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, जल-निस्सरण प्रमंडल, समस्तीपुर के अधीन बेगूसराय जिला अंतर्गत कावर झील को जोड़ने वाले विभिन्न नालों की उड़ाही एवं चेकडैम निर्माण कार्य, सिमरिया घाट एवं कल्पवास मेला क्षेत्र में द्वितीय चरण का विकास कार्य तथा प्रखंड शाम्हो के अकहा पूरहा में डिग्री कॉलेज की स्थापना शामिल है। मुख्यमंत्री ने बियाडा प्रांगण में बेगूसराय जिला अंतर्गत 274 करोड़ की लागत से 400 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 165 करोड़ की लागत से 211 योजनाओं का उद्घाटन तथा 109 करोड़ की लागत से 189 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री सुरेंद्र मेहता, गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार, विधायक अभिषेक आनंद एवं रजनीश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) सुनील कुमार, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, बेगूसराय प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा, बेगूसराय के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक मनीष सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### विकसित भारत की दिशा...

के रुकने और चलने में लगने वाले झटके महसूस नहीं होते। उन्होंने कहा कि इंटरलॉकिंग प्रणाली से बने कपलर से युक्त रेल कोच के निर्माण से सुरक्षित रेल परिचालन को नया आयाम प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए नए फीचर्स से युक्त कोचों का निर्माण किया जा रहा है तथा आने वाले समय में इसे और भी बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# ईद और रामनवमी के त्योहार पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा (भोजपुर)।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शनिवार को मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी सह पुलिस सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक राज ने की। विधि-व्यवस्था संधारण तथा शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर में आम जनता की शिकायतों के निवारण हेतु आयोजित होने वाले 'जनता दरबार' तथा स्कूल, कॉलेज एवं कोचिंग संस्थानों के आसपास महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु 'अभया ब्रिगेड' द्वारा की जाने वाली गश्त के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, अवैध आग्नेयास्त्रों एवं शराब की बरामदगी तथा लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात, आयोजित पुलिस सभा में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके प्रभावी समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किया गया। ईद और रामनवमी के त्योहार को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान सदर एसडीपीओ-वन राज कुमार साह, सदर एसडीपीओ-दो रंजीत कुमार सिंह, पीरो एसडीपीओ कृष्ण कुमार सिंह, जगदीशपुर एसडीओपी राजेश कुमार शर्मा, ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार सुधांशु, साइबर डीएसपी स्नेह सेतू, मुख्यालय डीएसपी चंदेश्वर प्रसाद, नगर थानाध्यक्ष देवराज राय, नवादा थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी, मुफस्सिल थानाध्यक्ष दीपक कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# जनता दरबार में भूमि विवादों का किया गया निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोइलवर (भोजपुर)।** भूमि विवादों के त्वरित और शांतिपूर्ण समाधान को लेकर शनिवार को कोईलवर अंचल कार्यालय के सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें अंचलाधिकारी का प्रभार देख रहीं आरडीओ सोनी सिन्हा ने विभिन्न थानों से जुड़े मामलों की सुनवाई की। जनता दरबार में चांदी थाना क्षेत्र से आए दो मामलों की सुनवाई की गई। भगवतपुर गांव के धनंजय सिंह और जीनंदन यादव के बीच गुंडी व मानपुर मौजा की जमीन को लेकर चल रहे विवाद का अभिलेखों की जांच के बाद आपसी सहमति से मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। वहीं बहियारा गांव के जनार्दन सिंह और रमेश कुमार सिंह के बीच भूमि विवाद का भी समझौते के आधार पर समाधान कराया गया। गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव से जुड़े एक मामले में दूसरे पक्ष के अनुपस्थित रहने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। इस दौरान एक नया मामला भी दर्ज किया गया। अधिकारियों ने लोगों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनता दरबार में आने की अपील की।

# कोइलवर में शराब के विभिन्न मामलों में तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोइलवर (भोजपुर)।** भोजपुर कोइलवर थाना क्षेत्र में शनिवार का दिन पुलिस के लिए अहम रहा। शराब से जुड़े अलग-अलग मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि कांड संख्या 693/23 के मामले में वेदन्ती देवी को गिरफ्तार किया गया है। वर्ष 2023 में उसके घर के पास से बोरा में बंद 35 लीटर देशी शराब बरामद की गई थी। इस मामले में वह काफी समय से फरार चल रही थी, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरी ओर कांड संख्या 58/26 में भी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में छोटका चंदा गांव निवासी गुड्डी नट और नया हरिपुर गांव निवासी अवधेश चौधरी शामिल हैं। पुलिस ने दोनों के पास से क्रमशः 9-9 लीटर देसी शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित मामलों में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जीविका द्वारा विभिन्न गतिविधियों पर उन्मुखीकरण कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**आरा (भोजपुर)।** शहर के होटल में शनिवार को जीविका भोजपुर द्वारा मीडियाकर्मियों को जीविका भोजपुर में चल रही विभिन्न गतिविधियों पर उन्मुखीकरण हेतु कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य परियोजना प्रबंधक-संचार पवन प्रियदर्शी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार एवं जीविका भोजपुर के जिला परियोजना प्रबंधक बरुण कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मंच संचालन जीविका के संचार प्रबंधक मनीष कुमार ने किया, उन्होंने जीविका भोजपुर द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। साथ हीं साथ जीविका द्वारा निर्मित विभिन्न गतिविधियों पर बनी वीडियो फिल्म को प्रदर्शित किया। जिला परियोजना प्रबंधक ने भोजपुर मीडिया के कार्य को काफी सराहा एवं आगे भी इसी तरह जीविका के कार्यों को मीडिया के माध्यम से प्रदर्शित करने की अपील की, ताकि एक प्रखंड के अच्छे कार्यों का अनुसरण दूसरे प्रखंड की महिलाएं भी कर सके। राज्य परियोजना प्रबन्धक ने कहा कि मीडिया ही हमारे अच्छे कार्यों का आईना है। हम कितना भी अच्छे कार्य करे पर मीडिया के बिना सहयोग के उन कार्यों को प्रदर्शित नहीं कर सकते। मीडिया की हमारे समाज में अहम भूमिका है। कार्यक्रम में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मीडियाकर्मी उपस्थित थे। उन्होंने भी जीविका के कार्यकलापों को काफी सराहा एवं कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। अंत में संचार प्रबंधक मनीष कुमार ने सभी मीडियाकर्मियों का आभार प्रकट किया एवं भविष्य में इसी तरह जीविका की विभिन्न गतिविधियों को प्रदर्शित करने का अनुरोध किया।

# महोत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कहलगांव (भागलपुर)।** कहलगांव प्रखंड के अंतीचक गांव के पास पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय विक्रमशिला महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को राज्यस्तरीय व स्थानीय कलाकारों का दमखम दिखा। सभी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर महोत्सव में चार चांद लगा दिया। लोक गायन, अंगिका भाषाओं में गीत और विभिन्न पारंपरिक गीतों पर नवोदित एवं बाल कलाकारों द्वारा आकर्षक नृत्य इस महोत्सव में खास आकर्षण का केंद्र रहा। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने इस महोत्सव का खूब आनंद उठाया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ एबी डांस कंपनी के गणेश वंदना से हुआ। दिव्या व ग्रुप द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति की गयी। वहीं कहलगांव के आईओसीजी डांस ग्रुप के बाल कलाकारों ने रामायण के राम, लक्ष्मण व सीता का पात्र बनकर 'मेरे श्रीराम आयें है' पर मनमोहक नृत्य पेश कर लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के उद्घोषिका के रुप शशिप्रभा जायसवाल ने बेहतरीन ढंग से मंच का संचालन किया। स्थानीय कलाकार विनोद चौबे ने बधाई गीत पेश किया। रेशू कुमारी ने 'मेला जाउ दे ना आता वाजले की बारा पर आकर्षक मराठी डांस किया। कन्हैया एंड साथी ने छत्रपति शिवाजी महाराज पर मनमोहक नृत्य पेश कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नयन कश्यप ने तिरंगा गीत, रौशन कुमार ने सईया मोर जवान हो, जितेंद्र यादव ने हमरा के छोड़ सईया गईल, विदेशवा, विशाल कुमार ने जिंदगी एक सफर है, सुहाना, अनुपमा कुमारी ने कटी गईले पकी गईले गहूमा, रिमझिम कुमारी ने राम को देखकर श्री जानकी नंदिनी, सुमन सौरभ ने होलिया में काहे घर अईलो नहीं राजा जी जैसे गीतों पर गायन प्रस्तुत कर महोत्सव मे आए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# मोदी सरकार ऐतिहासिक स्थलों को कर रही पुनर्जीवित : केंद्रीय जलशक्ति मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** भागलपुर की यह पावन धरती काफी आध्यात्मिक रही है। प्राचीन विक्रमशिला का इतिहास काफी पुराना है। यह बौद्ध शिक्षा का बड़ा केन्द्र रहा है। 8वीं सदी में पाल वंश द्वारा स्थापित विक्रमशिला महाविहार में देश ही नहीं वरन विदेश के छात्र भी यहां शिक्षा ग्रहण करने आते थे। यहां की धरती काफी पूज्यनीय है। यह बातें विक्रमशिला महोत्सव के दूसरे दिन पहुँचे केन्द्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री डा0 राज्य भूषण चौधरी ने कही। उन्हौने कहा कि भागलपुर की धरती काफी समृद्ध है। यहॉ विक्रमशिला है। यहॉ अष्टावक्र ने शास्त्रार्थ किया था। यही कुप्पा घाट मंदिर है जहॉ पूज्य महिर्ष मेंही जी थे। इसके अलावा भी अजगैवीनाथ घाम भी काफी प्रसिद्ध है। जहॉ देश विदेश से लोग जलभर कर बाबा घाम देवघर जाते है। उन्हौने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में धार्मिक महत्व के स्थलों को पुनर्जीवित किया जा रहा है। देश के प्राचीन स्थलों एक बार फिर से जीर्णद्धार हो रहा है। कहलगांव एसडीएम कृष्ण चन्द्र गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री को पौधा व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इनके साथ पूर्व विघायक अमन कुमार,जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष साह मौजूद थे।

# जन सेवा और समाज सेवा में लायन्स क्लब की विशिष्ट भूमिका : संजय कुमार

## मानव सेवा से बड़ा दूसरा कोई धर्म नहीं : एसपी वर्मा

## लायन्स क्लब औरंगाबाद आदित्य का पदग्रहण समारोह संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** लायन्स क्लब जिला 322 ए के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय कुमार ने कहा है कि जन सेवा, समाज सेवा के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य तथा मानवता से जुड़े कार्यों में लायन्स क्लब की विशिष्ट भूमिका रही है। शुक्रवार की रात शहर के होटल शुभम इंटरनेशनल सभागार में लायन्स क्लब औरंगाबाद आदित्य के पदग्रहण समारोह में श्री कुमार ने कहा कि अब औरंगाबाद में नवगठित लायन्स क्लब अपने उद्देश्यों और दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करेगा। क्लब के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एसपी वर्मा ने उन्हें जिम्मेवारियों और दायित्वों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई दूसरा धर्म नहीं है। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष कमल किशोर ने आने वाले दिनों में क्लब की योजनाओं और कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राहुल वर्मा, लायन कंचन साहू, लायन सुजीत कुमार, लायंस क्लब सोनभद्रा डिहरी की अध्यक्ष रत्ना सिन्हा तथा पूर्व अध्यक्ष सांवली सिन्हा ने नये सदस्यों का उत्साहवर्द्धन किया। समारोह में क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी।





इस दौरान अध्यक्ष कमल किशोर, निदेशक डॉ सुधीर कुमार मिश्र, ई. बी. के. श्रीवास्तव, प्रशासक श्रीराम अम्बष्ट, उपाध्यक्ष डॉ. शीला वर्मा, सचिव आनंद प्रकाश, संयुक्त सचिव भारती श्रीवास्तव, संजना किशोर, सलोनी श्रीवास्तव, पदाधिकारी सूर्यकांत, संजीव सिन्हा, अनिल कुमार सिंह, मधुबाला सिन्हा, लीडरशीप चेयरपर्सन विनय प्रकाश, पीआरओ साकेत कुमार, कौस्तुभ किशोर तथा सर्विस चेयरपर्सन मृदुला अम्बष्ट आदि ने क्लब के कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, शिक्षा पुरूष सुरेश प्रसाद गुप्ता एवं अध्यापिका नूतन पांडेय को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि लायंस क्लब हमेशा से समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और मानवता के कार्यों में आगे रहा है। कार्यक्रम का संचालन प्रेमेंद्र कुमार मिश्र ने किया। मौके पर लायन अभिजीत कश्यप, अजय श्रीवास्तव, संतोष कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शहर की प्रतिष्ठित हस्तियों में डॉ. बीके सिंह, सरिता सिंह, अजय कुमार संतोष, डॉ. नीलम रानी, रितेश कुमार, अजय वर्मा भी लायन्स क्लब से जुड़े हैं।

# अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के पीपरडीह मोड़ के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिसमें दूल्हे के चचेरे भाई की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मृतक की पहचान मदनपुर इलाके के चांद बिगहा गांव निवासी अशोक चौधरी के पुत्र 27 वर्षीय दिलीप कुमार के रूप में हुई है। मृतक के भाई अरुंजय कुमार ने बताया कि दिलीप चचेरे भाई की शादी में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहा था। उसके साथ मृत्युंजय भी सवार था। दोनों जैसे ही पीपरडीह मोड़ के पास पहुंचे कि अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दिलीप की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि मृत्युंजय गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। इधर स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। वहीं शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल लाया। इधर घटना की सूचना जैसे ही स्वजनों को मिली आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचे और शव देख रोने लगे। स्वजनों की रुलाई से सदर अस्पताल में खड़े लोगों के आंखों से आंसू बहने लगी। स्वजनों ने बताया कि दिलीप तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। करीब चार वर्ष पहले उसकी शादी सोनी देवी से हुई थी। दिलीप के एक पुत्र व एक पुत्री है। बताया कि दिलीप गांव में ही ऑनलाइन सेवा केंद्र चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। इस हादसे में शादी की माहौल मातम में बदल गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया।

# श्री सीमेंट में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का सफल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित श्री सीमेंट लिमिटेड में 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों और श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा रैली, सुरक्षा शपथ, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर एवं नारा प्रतियोगिता जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। इन सभी कार्यक्रमों में कर्मचारियों और श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व को समझा। सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में यूनिट हेड एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने अपने संबोधन में सभी को सुरक्षित कार्य करने, नियमों का पालन करने और सेफ्टी फर्स्ट की भावना को हमेशा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन सफलतापूर्वक हुआ। इस क्रम में सभी कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।



# राष्ट्रीय लोक अदालत में 2118 मामलों का निस्तारण, 5.50 करोड़ का समझौता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद तथा अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय दाउदनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर पारिवारिक मामलों के निस्तारण में जिले ने अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभागार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अरुण कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल, जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय तथा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता, बैंक एवं बीमा कंपनियों के अधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी तथा वादकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपमुख्य विधिक सेवा प्रतिरक्षा प्रणाली के अधिवक्ता अभिनन्दन कुमार ने किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर किया जाता है और इसमें सभी संबंधित विभागों एवं स्टेकहोल्डरों की उपस्थिति आवश्यक है। उन्होंने बैंक अधिकारियों से अपील की कि ऋण से जुड़े मामलों में अधिक से अधिक राहत देते हुए मानवीय दृष्टिकोण अपनाएं। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2118 मामलों का निस्तारण किया गया तथा लगभग 5 करोड़ 50 लाख 3 हजार 777 रुपये का समझौता कराया गया। इनमें 37 पारिवारिक मामले, 230 आपराधिक सुलहनीय मामले, 1 दीवानी मामला, 5 चेक बाउंस मामले (15 लाख 55 हजार रुपये का समझौता), अनुमंडल पदाधिकारी न्यायालय के 560 मामले, टेलीफोन के 6 मामले, यातायात चालान के 8 मामले तथा बैंक ऋण से संबंधित 636 मामले शामिल रहे। विशेष रूप से यातायात चालान से जुड़े मामलों के निस्तारण के लिए अलग बेंच का गठन किया गया, जिसमें 14 चालानों से संबंधित मामलों की सुनवाई हुई तथा 8 मामलों में 82,100 रुपये चालान शुल्क के रूप में जमा हुए। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में उप प्रमुख विधिक रक्षा परामर्श प्रणाली के अभिनन्दन कुमार, सहायक अधिवक्ता चन्दन कुमार मिश्रा, कर्मी सुनील कुमार सिंह, संजय कुमार, टेक्निकल कर्मी अर्पणा सहाय, सुनील कुमार सिन्हा सहित अर्धविधिक स्वयंसेवकों की भूमिका सराहनीय रही।



# नागरिकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना लक्ष्य : डीडीसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड के बर्डी खुर्द पंचायत में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह की अध्यक्षता में जिला प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार गीत के गायन से हुआ। इसके उपरांत उप विकास आयुक्त एवं अन्य वरीय पदाधिकारीगण द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण द्वारा प्रभारी जिला पदाधिकारी को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जिला स्तरीय अन्य वरीय पदाधिकारीगण का भी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए कहा कि बारुण प्रखंड अंतर्गत बर्डी खुर्द पंचायत में जिला प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष दिसंबर माह से ही जिले में इस पहल की शुरुआत की गई है। प्रारंभ में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत तथा बाद में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि इस कार्यक्रम को जिले की प्रत्येक पंचायत तक पहुँचाया जाए, ताकि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जिला प्रशासन विभिन्न विभागों की योजनाओं के साथ जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के माध्यम से सीधे जनता के द्वार पर पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुन रहा है तथा उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित कर रहा है। साथ ही जिन पात्र व्यक्तियों को अब तक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है, उन्हें भी योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। इस अवसर पर पात्र लाभार्थियों के बीच आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड एवं राशन कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत लाभार्थी को 2000 का चेक प्रदान किया गया। आईसीडीएस विभाग द्वारा बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया तथा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत लाभार्थी को 12000 का चेक प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त पांच दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई, जिन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों का यथासंभव निष्पादन स्थल पर ही किया गया जबकि शेष लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जयप्रकाश नारायण, उपेंद्र पंडित, इफ्तेखार अहमद, संतन कुमार सिंह, श्वेता प्रियदर्शी, अनुपम कुमार, कुमार पप्पू राज, मोहम्मद अनवर आलम, विनीता कुमारी आदि उपस्थित रहे।




# सांसद ने यूपीएससी में सफल मोनिका श्रीवास्तव के पिता को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद की प्रतिभाशाली बेटी मोनिका श्रीवास्तव ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 16वां स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर शनिवार को औरंगाबाद के सांसद अभय कुशवाहा ने मोनिका श्रीवास्तव के पिता ई. बीके श्रीवास्तव को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांसद अभय कुशवाहा ने कहा कि मोनिका श्रीवास्तव की इस उपलब्धि से न केवल औरंगाबाद बल्कि पूरे बिहार का नाम देशभर में रोशन हुआ है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से ही ऐसी सफलता प्राप्त होती है। मोनिका की सफलता जिले के युवाओं और छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणादायक है। इस मौके पर जिला पार्षद अनिल यादव, राजद के जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव, आपदा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष उदय उज्ज्वल, जिला उपाध्यक्ष संजय यादव, प्रखंड अध्यक्ष सुशील कुमार, युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार, राजेश कुमार गुप्ता, उपेन्द्र मेहता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# वाहन जांच के दौरान भारी मात्रा में शराब जब्त, छह गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत औरंगाबाद पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में देशी शराब बरामद की है। इस दौरान कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वाहन जांच के क्रम में ओबरा थाना क्षेत्र के महादेवा गांव के पास एक मोटरसाइकिल से 40 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब बरामद की गई। इस मामले में पुलिस ने दाउदनगर निवासी अविनाश कुमार को गिरफ्तार किया है। वहीं फ़ेसर थाना क्षेत्र के बद्री बिगहा गांव से एक पिकअप वाहन पर लदे 480 लीटर देशी शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में राजस्थान के मुकेश मीणा और भरत चौधरी तथा जम्होर निवासी गुड्डू कुमार शामिल हैं। इसके अलावा नवीनगर थाना क्षेत्र के भवनोखाप गांव से 60 लीटर देशी शराब के साथ नबीनगर निवासी सोनू चंद्रवंशी उर्फ गदरा तथा राजू कुमार को गिरफ्तार किया है।

# छात्रों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहना आवश्यक : प्राचार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राजकीय पॉलिटेक्निक, औरंगाबाद में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से मेंटल हेल्थ अवेयरनेस विषय पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रजापति ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एजुकेशन विंग के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संरक्षण संस्था के प्राचार्य डा. विनोद कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्मकुमारी की बीके बबीता एवं बीके श्रेया ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, सकारात्मक सोच, तनाव प्रबंधन व राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से जीवन में संतुलन बनाए रखने के बारे में विस्तृत पूर्वक जानकारी दी। प्राचार्य डा. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि आज प्रतिस्पर्धात्मक व तेज गति वाले जीवन में मानसिक स्वास्थ्य का महत्व और भी बढ़ गया है। कहा कि छात्रों के लिए केवल शैक्षणिक सफलता ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से स्वस्थ और संतुलित रहना भी उतना ही आवश्यक है। कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम से छात्रों को सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास विकसित करने में सहायक होते हैं। वहीं मेंटल हेल्थ कोऑर्डिनेटर ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और ध्यान के अभ्यास से हम अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से कर सकते हैं। कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुलकर बात करना व समय पर मार्गदर्शन प्रा' करना आवश्यक है। बता दें कि उक्त कार्यक्रम बीते 12 मार्च को दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। संस्थान के मीडिया प्रभारी एमडी शाहिद अख्तर ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



# अलग-अलग मामलों में 15 लोगों को भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में पुलिस ने अपराध और शराब तस्करी के खिलाफ अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अभियान चलाया। इस दौरान कुल 32 लोगों को गिरफ्तार कर 15 अभियुक्तों को जेल भेजा है। पुलिस की जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कार्रवाई के दौरान हत्या के प्रयास के मामले में 3, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 8 तथा अन्य मामलों में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 580 लीटर देसी शराब बरामद की गई। वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने 1472 वाहनों की जांच की और यातायात नियमों के उल्लंघन पर 79 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। इसके अलावा कार्रवाई में एक मोटरसाइकिल, एक पिकअप, चार मोबाइल और दो ब्लूटूथ डिवाइस भी जब्त किए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और शराब तस्करी रोकने के लिए आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# उदय सिन्हा, क्षितिज, और अशोक बने विधि संघ के उपाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ के चुनाव की मतगणना के दूसरे दिन विभिन्न पदों के परिणाम घोषित किए गए। कोषाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में गिरिजेश कुमार सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 45 मतों से पराजित कर जीत दर्ज की। कोषाध्यक्ष पद पर गिरिजेश कुमार सिंह को 207 मत प्राप्त हुए जबकि शिवराम को 155 मत, सुजित कुमार सिंह को 162 मत, अमित कुमार को 123 मत, प्रभावती देवी को 39 मत और अमरेश सिंह को 27 मत मिले। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में क्षितिज रंजन, उदय कुमार सिन्हा और अशोक कुमार सिंह विजयी घोषित किए गए। इस पद पर क्षितिज रंजन को 340 मत, उदय कुमार सिन्हा को 283 मत और अशोक कुमार सिंह को 236 मत प्राप्त हुए। वहीं संजय कुमार सिंह को 173 मत, रामप्रवेश ठाकुर को 164 मत, प्रदीप कुमार को 137 मत और धनंजय कुमार गांधी को 51 मत मिले। निगरानी समिति सदस्य के एकल पद पर अनिल आशुतोष ने जीत दर्ज की। उन्हें 483 मत मिले, जबकि कृष्ण विजय सिंह को 227 मत प्राप्त हुए। पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर कांटे की टक्कर देखने को मिली, जिसमें चंद्रकांता कुमारी ने 9 मतों के अंतर से जीत हासिल की। चंद्रकांता कुमारी को 362 मत मिले जबकि त्रिपुरारी कुमार वैद्य को 353 मत प्राप्त हुए। अंकेक्षक पद पर अनिल कुमार सिन्हा ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। उन्हें 387 मत मिले, जबकि परशुराम सिंह को 320 मत प्राप्त हुए। संयुक्त सचिव पद के लिए हुए चुनाव में दिलीप कुमार सिंह, देवीनंदन सिंह और सियाराम पांडेय विजयी घोषित किए गए। दिलीप कुमार सिंह को 238 मत, सियाराम पांडेय को 235 मत और देवीनंदन सिंह को 224 मत प्राप्त हुए। अन्य उम्मीदवारों में शम्भूनाथ मिश्रा को 146 मत, विनय कुमार मिश्रा को 134 मत, काली प्रसाद को 124 मत, नीरज कुमार सिंह को 118 मत, रामपरीखा सिंह को 113 मत तथा संजय कुमार को 39 मत मिले। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी उम्मीदवारों के समर्थकों में खुशी का माहौल देखा गया।



# बारून-नवीनगर पथ पर भारी वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून-नवीनगर पथ के केशव विगहा मोड़ (एनएच-2) से एनीकट तक पथ निर्माण विभाग द्वारा पथ की मरम्मति कार्य कराए जाने के कारण इस मार्ग पर यातायात व्यवस्था में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। पथ की मरम्मति कार्य के दौरान 15 से 18 मार्च तक बारून-नवीनगर पथ पर हाइवा, बस एवं अन्य भारी वाहनों के परिचालन पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगाया जाता है। इस अवधि में बारून से नवीनगर की ओर जाने वाले भारी वाहनों को औरंगाबाद-अम्बा मार्ग होते हुए नवीनगर जाने हेतु तथा नवीनगर से बारुण की ओर आने वाले भारी वाहनों को अम्बा अथवा नवीनगर-चतरा मार्ग होते हुए औरंगाबाद मार्ग से बारुण की ओर परिवर्तित मार्ग से संचालित करने का निर्देश दिया गया है। सभी संबंधित मार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से आवश्यकतानुसार पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों एवं वाहन चालकों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित परिवर्तित मार्ग का अनुपालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करें।